सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ



शुक्रवार, 25 सितम्बर, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 77, पेज 12, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 1247 अंकों की गिरावट

अमेरिकी बॉण्ड पर बढ़ते प्रतिफल के बीच शेयर बाजार में बिकवाली से सेंसेक्स 1,247 अंक से अधिक टूटकर तीन महीने से अधिक के निचले स्तर पर बंद हुआ। } 10

## हिंदुत्व किसी के खिलाफ नहीं हो सकता : उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हिंदुत्व का मतलब हर किसी के व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा करते हुए उन्हें साथ लेकर चलना है और यह किसी के खिलाफ नहीं हो सकता। } 12

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में आगे आयें युवा

### पीएम मोदी ने सेवा संकल्प यात्रा में शामिल प्रतिभागियों से किया संवाद

एजेंसी



देवास (मध्यप्रदेश)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि गुजरात से लेकर दिल्ली तक सेवा ही भारतीय जनता पार्टी की शासन व्यवस्था और संस्कारों का मूल भाव रही है और पार्टी सेवा के मार्ग से कभी विचलित नहीं होगी।

मोदी ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने में युवाओं की बड़ी भूमिका होगी। मोदी ने गुजरात के वडनगर से उत्तर प्रदेश के वाराणसी तक निकाली जा रही सेवा संकल्प यात्रा में शामिल प्रतिभागियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये संवाद में यह बात कही। अलग-अलग राज्यों के युवाओं की भागीदारी वाली यह यात्रा मोदी के 76वें जन्मदिन और निर्वाचित जनप्रतिनिधि के तौर पर उनके सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे होने के अवसर पर निकाली जा रही है। यात्रा के प्रतिभागी फिलहाल देवास जिले में हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, गुजरात से लेकर दिल्ली तक सेवा ही हमारी शासन व्यवस्था और संस्कारों का मूल भाव रही है और जब शासन के मूल में सेवा का भाव होता है, तो हर नीति के केंद्र में नागरिक देवो भव का संकल्प होता है। मोदी ने कहा हमारे आचरण से लोगों को पता चले कि राजनीति में ...शेष पृष्ठ 10 पर

# एशियन गेम्स : पांचवें दिन भारत को मिले पांच मेडल

### भारत को 400 मीटर मिक्स्ड रिले में सिल्वर, सीमा ने 10 हजार मीटर में ब्रॉन्ज जीता

एजेंसी






नागोया। एशियन गेम्स में भारत ने एथलेटिक्स के 4400 मीटर मिक्स्ड रिले में सिल्वर मेडल जीता। मनु टीएस, पूवम्मा एमआर, विशाल टीके और वित्या रामराज की टीम ने 3:14.46 सेकेंड में रेस पूरी की। इससे पहले सीमा कुमारी ने विमेंस 10 हजार मीटर में 32:50.05 सेकेंड के समय के साथ ब्रॉन्ज जीता। यह इस इवेंट में भारत का 2010 के बाद पहला एशियन गेम्स मेडल है। पांचवें दिन भारत ने 5 मेडल जीते। इनमें 2 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारत के कुल मेडल 17 हो गए हैं। इनमें 1 गोल्ड, 7 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज हैं। चीन 127 मेडल के साथ टॉप पर है। अनंतजीत सिंह नारूका और परिनाज धालीवाल ने मिक्स्ड स्कीट में ब्रॉन्ज जीता। दोनों 48 शॉट के बाद 44 अंक पर थे और टाई-ब्रेकर के बाद ब्रॉन्ज मिला। सतनाम सिंह और सलमान खान ने पुरुषों की डबल स्कल्स में ब्रॉन्ज जीता। भारतीय जोड़ी ने 6:13.25 का समय निकाला। यह इस इवेंट में भारत का एशियन गेम्स का पहला मेडल है। वुशु की 60 किग्रा सांडा कैटेगरी में रोशिबिना देवी को सिल्वर मिला। वे फाइनल में चीन की झांग शियाओयू से 2-0 से हार गईं। भारत की महिला टीम ने जापान को 50-25 से हराकर ग्रुप-अ में तीनों मैच जीते और सेमीफाइनल में पहुंची। इससे उसका मेडल पक्का हो गया। पुरुष टीम ने चीनी ताइपे को 37-21 से हराकर ग्रुप में टॉप किया और सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पूल-अ के मुकाबले में साउथ कोरिया को 8-2 से हराया। भारत ने शुरूआती दो मैचों में इंडोनेशिया को 13-1 और श्रीलंका को 16-1 से हराया था। आशा इलांगो 13.83 मीटर की छलांग के साथ विमेंस ट्रिपल जंप में चौथे स्थान पर रहीं। उनका यह प्रदर्शन ब्रॉन्ज जीतने वाली चीन की ली यी के बराबर था, लेकिन सेकेंड ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### भाजपा ने विभिन्न राज्यों में की संगठन महासचिवों की नियुक्ति

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पार्टी की प्रदेश इकाइयों के लिए संगठन महासचिवों की बृहस्पतिवार को नियुक्ति की। नवीन ने भाजपा के कई राष्ट्रीय संयुक्त महासचिवों (संगठन) को अलग-अलग राज्यों में पार्टी के संगठनात्मक मामलों का प्रभारी भी बनाया। भाजपा की ओर जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव (संगठन) शिवप्रकाश आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और गोवा में पार्टी के संगठनात्मक मामलों के प्रभारी होंगे। राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव (संगठन) सौदान सिंह को बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में पार्टी के संगठनात्मक मामलों का प्रभार सौंपा गया है। राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश पार्टी के अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) मोर्चों के संगठनात्मक मामलों का प्रभार संभालेंगे।

### अवैध फैक्टरी का भंडाफोड़ 10 लाख के पटाखे जब्त

मुजफ्फरनगर (उप्र)। मुजफ्फरनगर जिले के मीरापुर क्षेत्र में बृहस्पतिवार को पुलिस ने अवैध पटाखा निर्माण इकाई का भंडाफोड़ कर करीब 10 लाख रुपये के पटाखे और कच्चा माल जब्त करके एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने मीरापुर थानाक्षेत्र के जटमुझेड़ा गांव में एक निर्माणाधीन मकान पर छापा मारा और मौके से दो क्विंटल से अधिक पटाखे बरामद किये, जिनकी कीमत करीब 10 लाख रुपये बतायी जाती है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मौके से समून नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है एवं एक नाबालिग लड़के को भी हिरासत में लिया है।

# लखनऊ में दस लाख को मिलेगा आशियाना

### सीएम योगी ने वरुण विहार व नैमिष नगर योजनाओं का किया भूमिपूजन, प्रदेश में अब कट्टा-बम नहीं, बल्कि बन रही मिसाइल






विशेष संवाददाता

लखनऊ। राजधानी में घर का सपना संजोने वालों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बड़ा उपहार दिया। मुख्यमंत्री ने आगरा एक्सप्रेसवे के निकट ग्राम दोना में आयोजित कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 12 हजार करोड़ रुपये की लागत से 10,680 एकड़ में लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की वरुण विहार व नैमिष नगर योजनाओं का भूमिपूजन किया। इस दौरान सीएम योगी ने 4520 भूखंडों के लिए पंजीकरण का शुभारंभ और 2166 करोड़ से प्रस्तावित पांच मल्टीस्टोरी हाउसिंग प्रोजेक्ट्स (लेक व्यू, पार्क व्यू, ऐशबाग स्क्वॉयर, अनंत नगर योजना स्थित अदिति अपार्टमेंट व शारदा नगर विस्तार स्थित वागेश्वरी अपार्टमेंट) का शिलान्यास भी किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पौधरोपण भी किया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों की तरह लखनऊ में अब कट्टा-बम नहीं, बल्कि ब्रह्मोस मिसाइल बन रही है। सीएम ने कहा कि किसी भी शहर के पश्चिम के दिग्पाल वरुण देवता होते हैं। वरुण विहार में 6500 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में छह लाख लोगों तथा 4100 एकड़ में नैमिष योजना के तहत 4 लाख लोगों को आवासीय सुविधा मिलेगी। सीएम ने नैमिषारण्य की महत्ता भी बताई, कहा कि आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने के लिए लखनऊ ...शेष पृष्ठ 10 पर

## विदेशी आक्रांताओं ने लूटा भारत का वैभव : मुख्यमंत्री

गोरखपुर। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विदेशी आक्रांताओं का उद्देश्य केवल भारत का वैभव लूटना नहीं था, बल्कि उसकी ज्ञान परंपरा और बुद्धि को नष्ट करना भी था। मंदिरों पर हमले इसी सोच का हिस्सा थे। ब्रिटिश काल में तरीका बदला और भ्रम पैदा कर भारतीयों को अपनी परंपरा, मूल्यों और जड़ों से काटने का प्रयास किया गया। अब अपनी ज्ञान परंपरा को पहचानने, उसे प्रमाणों के साथ दुनिया के सामने रखने और आधुनिक तकनीक से जोड़कर नई पीढ़ी तक पहुंचाने का समय है।

मुख्यमंत्री गुरुवार को श्री गोरखनाथ मंदिर में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 57वीं और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की 12वीं पुण्यतिथि पर आयोजित सप्त दिवसीय पुण्यतिथि समारोह के व्याख्यान-सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने रामायण काल में दंडकारण्य में ...शेष पृष्ठ 10 पर

## हेल्थ सप्लीमेंट पर शिकंजा, एक करोड़ का माल हुआ सीज

लखनऊ। हेल्थ सप्लीमेंट और न्यूट्रास्यूटिकल्स के नाम पर भ्रामक स्वास्थ्य दावे कर उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाली गतिविधियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने प्रदेशव्यापी अभियान चलाया। खाद्य सचल दलों और औषधि निरीक्षकों की संयुक्त टीमों ने 13 जिलों में 63 इकाइयों का निरीक्षण किया। अभियान के दौरान 43 नमूने लिए गए और करीब एक करोड़ रुपये मूल्य के संदिग्ध, भ्रामक दावों वाले अथवा नियमों के विपरीत पाए गए उत्पाद सीज किए गए।

आगरा, बाराबंकी, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, झांसी, प्रयागराज, मुरादाबाद, लखनऊ, बरेली, हाथरस, मथुरा, गोरखपुर और वाराणसी में निमार्ताओं, रिलेबलर्स, रीपैकर्स और थोक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की जांच की गई। विभाग के अनुसार निरीक्षण किए गए 63 प्रतिष्ठानों में 18 संचालित, जबकि 45 गैर-संचालित अथवा बंद मिले। अभियान के दौरान केवल तैयार उत्पादों की जांच नहीं की गई, बल्कि कच्चे माल की गुणवत्ता और स्रोत, खरीद संबंधी अभिलेख, स्टॉक, निर्माण और ...शेष पृष्ठ 10 पर

## स्लीपर बस में लगी आग, नौ की मौत

### राष्ट्रपति मुर्मू, प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी ने घटना पर जताया दुख

एजेंसी



नोएडा (उप्र)। दिल्ली से महोबा जा रही एक स्लीपर बस में बुधवार देर रात भीषण आग लगने से नौ लोगों की जलकर मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

बुधवार देर रात हुई इस घटना के संबंध में बस के चालक और परिचालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्राथमिकी के अनुसार, बस में जलने की गंध आने पर यात्रियों ने शोर मचाया और चालक से बस रोकने को कहा, लेकिन चालक और परिचालक ने कथित तौर पर ऐसा करने से इनकार करते हुए कहा, अगर मरना है तो मर जाओ, हम बस नहीं रोकेंगे। आग की लपटें उठने और बस में धुआं भरने के बाद बाहर निकलने के लिए यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। चालक और परिचालक किसी तरह मौके से भाग निकले। बस में 35 यात्री सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, ऐसा प्रतीत होता है कि बस की एयर कंडीशनिंग (एसी) प्रणाली में चिंगारी निकलने या विस्फोट होने के कारण आग लगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बरेली में अग्निवीर भर्ती में फर्जीवाड़े का खुलासा, 5 गिरफ्तार

बरेली (उप्र)। बरेली के कैंट थानाक्षेत्र में पुलिस ने सेना अग्निवीर भर्ती में अभ्यर्थियों को शारीरिक माप-तौल और मेडिकल में पास कराने का झांसा देकर रुपये ऐंठने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर उसके पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से छह मोबाइल फोन, 9,100 रुपये नकद, एक मोटरसाइकिल, एक स्कूटी, कूटरचित दस्तावेज और फर्जी आधार कार्ड बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक (नगर) मानुष पारीक ने बृहस्पतिवार को बताया कि यह कारवाई बुधवार को जाट रेजीमेंट सेंटर के हरमजन गेट के पास की गई तथा गिरफ्तार आरोपियों की पहचान प्रदीप कुमार शर्मा, ...शेष पृष्ठ 10 पर

## गौ सेवा सांस्कृतिक जीवन का हिस्सा : धामी

### मुख्यमंत्री ने 108.84 करोड़ की 15 विकास योजनाओं की रखी आधारशिला

एजेंसी




ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में गौ सेवा की परंपरा लंबे समय से सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का हिस्सा रही है। सरकार का लक्ष्य है कि निराश्रित गोवंश के लिए सुरक्षित व्यवस्था विकसित करने के साथ पशुपालकों और दुग्ध उत्पादकों को भी आर्थिक गतिविधियों से जोड़कर उनकी आय के साधन बढ़ाए जाएं।

खटीमा के हल्दीघेरा में तैयार गौशाला का लोकार्पण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नई सुविधा से क्षेत्र में निराश्रित गोवंश की देखभाल के लिए एक व्यवस्थित केंद्र उपलब्ध हुआ है। स्थानीय जरूरत और भविष्य में गोवंश की संख्या को देखते हुए इस गौशाला का विस्तार किया जाएगा। क्षमता बढ़ने पर अधिक पशुओं को सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराया जा सकेगा। गौशाला के लोकार्पण के साथ मुख्यमंत्री ने खटीमा क्षेत्र में 108.84 करोड़ रुपये की 15 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। इन कार्यों में राज्य मार्ग-70 पर सत्रहमील से नानकसागर प्रभाग के बीच 13.60 किलोमीटर सड़क का 34.44 करोड़ रुपये की लागत से उच्चीकरण ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** — योनेक्स सनराइज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट, मुख्य ड्रा मुकाबलों की शुरूआत आज से

# हरियाणा के भारत राघव व आंध्र प्रदेश की सूर्या चरिश्मा को शीर्ष वरीयता

ख



लखनऊ। पिछले संस्करण के विजेता हरियाणा के भारत राघव को योनेक्स सनराइज डॉ. अखिलेश दास गुप्ता मेमोरियल ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2026 में पुरुष एकल के मुख्य ड्रा में शीर्ष वरीयता मिली है। वहीं महिला एकल में पिछली उपविजेता आंध्र प्रदेश की सूर्या चरिश्मा शीर्ष वरीय होंगी। पुरुष युगल में पिछले संस्करण के विजेता महाराष्ट्र के विप्लव कुवले व विराज कुवले, महिला युगल में पिछली विजेता कर्नाटक की शिखा गौतम व अश्विनी भट्ट और मिश्रित युगल में कर्नाटक के असिथ सूर्या व अमृता पी. शीर्ष वरीय जोड़ियां होंगी। भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन (बीएआई) के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा का निर्धारण बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी, गोमतीनगर में टूर्नामेंट में गुरुवार को किया गया। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव डॉ. सुधर्मा सिंह ने बताया कि मुख्य ड्रा में पुरुष एकल और महिला एकल में 64-64, जबकि मिश्रित युगल, पुरुष युगल और महिला युगल में 32-32 जोड़ियों का ड्रा निकाला गया। मुख्य ड्रा के मुकाबले 25 सितंबर से बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी, गोमतीनगर के कोर्ट पर खेले जाएंगे, जिनकी शुरूआत सुबह साढ़े आठ बजे से होगी। पुरुष एकल में यूपी के सिद्धार्थ मिश्रा को सीधे प्रवेश मिला है जबकि यूपी के नीर नेहवाल व अंश विशाल गुप्ता को वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली हैं।

महिला एकल में यूपी की अमोलिका सिंह को मुख्य ड्रा में 13वीं वरीयता मिली है। तरनजीत कौर बासी को सीधे प्रवेश मिला है जबकि यूपी की काजल पंवार व दिव्यांशी गौतम को वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली है। पुरुष युगल में यूपी के अर्श मोहम्मद व सीएजी के सौरव साजू की जोड़ी को सातवीं वरीयता मिली है जबकि यूपी के देवांशु ज्वाला व सीएजी के तुषार शर्मा की जोड़ी को वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली है। महिला युगल में यूपी की अमोलिका सिंह व केरल की मेहरान रिजा की जोड़ी को सातवीं वरीयता मिली है जबकि यूपी की रिधिमा सिंह व आदित्या यादव की जोड़ी को वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली है। मिश्रित युगल में यूपी के अस्मित सिंह व ऋद्धि भारद्वाज की जोड़ी को वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली है। वहीं यूपी के अभ्यांश सिंह व उत्तराखंड की शांभवी और यूपी के आयुष अग्रवाल व हरियाणा की शिवानी संतोष सिंह ने क्वालीफायर में जीत से मुख्य ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूपी को 2029 तक नशामुक्त बनाने का लक्ष्य : डीजीपी

विशेष संवाददाता

**तस्करों का निरुद्धीकरण व अवैध संपत्ति जब्ती तेज**

लखनऊ। योगी सरकार की नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का असर उत्तर प्रदेश में लगातार दिखाई दे रहा है। यूपी पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने नशीले पदार्थों के कारोबार में शामिल तस्करों के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के साथ उनकी अवैध संपत्तियों पर भी शिकंजा कसा है।

मादक पदार्थों के तस्करों के विरुद्ध निरुद्धीकरण की कार्रवाई में तेजी आई है। वर्ष 2026 में 23 सितंबर तक प्रदेश में 71 तस्करों के खिलाफ पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। यूपी डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि नशे के खिलाफ कार्रवाई का उद्देश्य केवल तस्करों को गिरफ्तार करना नहीं, बल्कि उनके पूरे नेटवर्क को तोड़ना और नशे के कारोबार से अर्जित अवैध संपत्ति को जब्त करना भी है। उत्तर प्रदेश को वर्ष 2029 तक नशामुक्त बनाने के लक्ष्य की दिशा में कार्रवाई तेज की जा रही है। नशे के कारोबार से कमाई गई अवैध संपत्ति को जब्त कर तस्करों की आर्थिक कमर तोड़ने पर भी जोर दिया गया। वर्ष 2025 में 29 मामलों में करीब 19 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त हुई। वहीं वर्ष ...शेष पृष्ठ 10 पर

# दबंगों को सिखायें कानूनी सबक : मुख्यमंत्री योगी

विशेष संवाददाता (vol)



**गोरखपुर।** जनता की सेवा को सर्वोपरि रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह बारिश होने के बावजूद जनता दर्शन किया। दूरदराज से आए लोगों से उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। समस्या लेकर आए लोगों को मुख्यमंत्री ने समाधान का भरोसा दिया। इस अवसर पर अवैध कब्जे की शिकायतों पर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जामुक्त कराने के साथ जबरन कब्जा करने वालों को कड़ा कानूनी सबक सिखाया जाए।

बारिश की वजह से मुख्यमंत्री के निर्देश पर लोगों की सुविधा के लिए जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में किया गया। इस दौरान सीएम योगी ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने का निर्देश दिया। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचकर मुख्यमंत्री ने उनकी पीड़ा जानी और आश्वस्त किया कि सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और तत्परता से उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। इस दौरान कुछ महिलाओं ने उनकी जमीन जबरन कब्जा कर लिए जाने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि किसी दबंग ने किसी गरीब की जमीन हड़पी है तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। जमीन अवैध या जबरन कब्जे से मुक्त होनी चाहिए। हर बार की तरह जनता दर्शन में कुछ लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। ऐसे मामलों में सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी।

# प्रत्येक मतदान केंद्र तक मतदाता सूचियां जल्द पहुंचायें : धर्मपाल सिंह



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में शिक्षक एवं स्नातक विधान परिषद निर्वाचन की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में कहा कि भाजपा शिक्षक एवं स्नातक विधान परिषद चुनाव भी लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों की तरह पूरी तैयारी और सुदृढ़ संगठनात्मक रणनीति के साथ लड़ेगी। प्रत्येक मतदाता से संपर्क, संवाद एवं समन्वय के साथ निश्चित मतदान सुनिश्चित करने के लिए पन्ना प्रमुखों के साथ पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मिलकर कार्य करेंगे। संचालन प्रदेश महामंत्री एवं एमएलसी चुनाव के संयोजक संजय राय ने किया।

प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि संगठन की शक्ति और कार्यकर्ताओं के परिश्रम के बल पर प्रत्येक मतदाता तक पहुंचना तथा उसे मतदान केंद्र तक लाना हमारी प्राथमिकता है। चुनाव की दृष्टि से मतदाता सूची के प्रत्येक पन्ने की समीक्षा, मतदाताओं से निरंतर संपर्क और बूथ स्तर तक संगठन की सक्रियता सुनिश्चित की जाए। पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता योजनाबद्ध तरीके से चुनावी तैयारियों को आगे बढ़ाते हुए सभी सीटों पर विजय के लक्ष्य के साथ पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि एमएलसी चुनाव का क्षेत्रफल व्यापक है और चुनाव के लिए समय भी कम बचा है इसलिए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को और अधिक परिश्रम एवं गति के साथ चुनावी तैयारियों में जुटना होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक मतदान केंद्र तक मतदाता सूचियां शीघ्रता से पहुंचाने का कार्य पूरा किया जाए, ताकि मतदाताओं से संपर्क एवं संवाद के लिए प्रत्येक मतदाता के घर तक पहुंचा जा सके। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सह-संयोजक मानवेन्द्र सिंह, शंकर गिरी, आलोक गुप्ता, प्रदेश मंत्री एवं सह-संयोजक वसंत त्यागी, अवधेश श्रीवास्तव, प्रमेन्द्र जांगड़ सहित क्षेत्रीय टोली के संयोजक एवं सह-संयोजक तथा अरुण पाठक, महाराज सिंह, बाबू लाल तिवारी, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, विजय शिवहरे एवं पवन सिंह चौहान उपस्थित रहे।

# घरेलू ओवरनाइट ट्रैवल में यूपी सबसे आगे

विशेष संवाददाता (vol)

- 15.7 फीसदी हिस्सेदारी के साथ तमिलनाडु और राजस्थान से आगे
- तीर्थ से गांवों तक बढ़ा पर्यटन का दायरा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने घरेलू पर्यटन के क्षेत्र में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के घरेलू पर्यटन व्यय सर्वेक्षण के अनुसार, तीर्थ, अवकाश, स्वास्थ्य और खरीदारी जैसे उद्देश्यों से होने वाली 365 दिनों की घरेलू ओवरनाइट यात्राओं में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 15.7 फीसदी रही। तमिलनाडु 13.4 और राजस्थान 8 फीसदी के साथ पीछे रहे। वहीं कारोबार, सामाजिक यात्रा, शिक्षा-प्रशिक्षण और अन्य उद्देश्यों से पिछले 30 दिनों में हुई ओवरनाइट यात्राओं में भी यूपी 15.5 फीसदी हिस्सेदारी के साथ पहले स्थान पर रहा।

आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश में पर्यटन अब केवल अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज जैसे बड़े धार्मिक केंद्रों तक सीमित नहीं है। सरकार ने पर्यटन को छोटे शहरों, विरासत स्थलों, गांवों, प्रकृति और स्थानीय संस्कृति से जोड़ने के लिए कई स्तरों पर योजनाएं शुरू की हैं। पर्यटन नीति-2022 के तहत प्रदेश में 12 थीमैटिक सर्किट विकसित किए जा रहे हैं। अयोध्या, वाराणसी और प्रयागराज को जोड़ने वाला स्पिरिचुअल ट्रायंगल प्रमुख परियोजनाओं में है। इसके अलावा बाबा नीब करौरी सर्किट के जरिए फिरोजाबाद, फरुर्खाबाद, लखनऊ और वृंदावन जैसे स्थलों को एक पर्यटन अनुभव से जोड़ने की योजना है। विंध्य धाम, चित्रकूट, नैमिषारण्य, देवीपाटन और मां शाकुंभरी देवी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में समर्पित तीर्थ विकास परिषदों के माध्यम से बुनियादी सुविधाओं और पर्यटन ढांचे को विकसित किया जा रहा है। विभाग के अनुसार 2017 से अब तक प्रदेश में 3,000 से अधिक पर्यटन परियोजनाएं करीब 10,000 करोड़ रुपये की लागत से शुरू की गई हैं।

पर्यटन के नए केंद्रों की ओर बढ़ती रुचि के बीच चित्रकूट और मिजार्पुर में पर्यटकों की संख्या में भी वृद्धि दर्ज की गई। विभागीय आंकड़ों के अनुसार चित्रकूट में पर्यटकों की संख्या 2024 में 1.18 करोड़ से बढ़कर 2025 में 3.65 करोड़ और मिजार्पुर में 1.41 करोड़ से बढ़कर 2.10 करोड़ हो गई। सरकार अब पर्यटन को गांवों की अर्थव्यवस्था से जोड़ने पर भी जोर दे रही है।

पर्यटन विभाग अब महिलाओं के समूहों और अकेले यात्रा करने वाले पर्यटकों के लिए भी सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दे रहा है। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात के अनुसार प्रमुख पर्यटन स्थलों को आसपास के विरासत स्थलों, स्थानीय खानपान और गांवों की परंपराओं से जोड़ने से पर्यटकों के ठहरने की अवधि बढ़ाई जा सकती है, जिसका लाभ स्थानीय कारोबारियों को भी मिलेगा।

युवाओं को प्रदेश की विरासत और संस्कृति से जोड़ने के लिए विजिट माई स्टेट अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके माध्यम से युवाओं को अपने आसपास के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों को देखने, समझने और उनकी जानकारी साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। दीपोत्सव, देव दीपावली और ब्रज रंगोत्सव जैसे आयोजन पर्यटन को सांस्कृतिक अनुभव से जोड़ रहे हैं। अयोध्या, लखनऊ और वाराणसी में कला कार्यशालाओं की योजना भी है। लखनऊ के लोकधारा कला शिविर में विशेषज्ञों और पद्म पुरस्कार से सम्मानित कलाकारों की भागीदारी प्रस्तावित है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के अनुसार बेहतर कानून-व्यवस्था, एक्सप्रेसवे, हवाई अड्डों और रेल कनेक्टिविटी के विस्तार से प्रदेश में यात्रा आसान हुई है।

# चकबंदी खत्म होते ही अधिकारियों का क्षेत्राधिकार भी खत्म

विशेष संवाददाता (vol)

- नई आपत्तियों पर रोक, नियम तोड़ने वाले अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चकबंदी प्रक्रिया को लेकर सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। किसानों को अनावश्यक परेशानी से बचाने के लिए निर्देश दिए गए हैं कि किसी गांव में चकबंदी प्रक्रिया पूरी होते ही चकबंदी अधिकारियों का क्षेत्राधिकार भी समाप्त माना जाएगा। नियमों का उल्लंघन कर कार्रवाई करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

चकबंदी आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद के निर्देश के अनुसार, उत्तर प्रदेश जोत चकबंदी अधिनियम-1953 की धारा 6(1) के तहत प्रक्रिया समाप्त होने के बाद चकबंदी अधिकारियों का संबंधित गांव पर अधिकार नहीं रहेगा। धारा 6(2) की कार्रवाई पूरी होने के बाद लंबित मामलों को समाप्त मानते हुए गांव के सभी अभिलेख तत्काल तहसील प्रशासन को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। अंतिम संशोधनों से जुड़े आदेशों की प्रमाणित सूचियां तैयार कर अभिलेखागार, चकबंदी कार्यालय और तहसील को भेजी जाएंगी। किसी गांव से संबंधित आदेश निरस्त करने का मामला सामने आने पर उसे सक्षम स्तर पर भेजना होगा। निर्देशों में धारा 52(1) की विज्ञप्ति जारी होने के बाद नई आपत्तियां, संदर्भ या पुनर्स्थापन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं करने को स्पष्ट किया गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के फैसले का हवाला देते हुए कहा गया है कि निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद मामलों को दोबारा शुरू करना क्षेत्राधिकार से बाहर हो सकता है। नियमों की अनदेखी कर आदेश जारी करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# यूपीआईटीएस : ग्लोबल सोर्सिंग हब बनेगा यूपी

विशेष संवाददाता (vol)

- ग्रेटर नोएडा में आज से जुटेगा देश-दुनिया का कारोबारी जगत
- गृह मंत्री अमित शाह व सीएम योगी आदित्यनाथ करेंगे उद्घाटन

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश को वैश्विक व्यापार और सोर्सिंग के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में प्रदेश सरकार का प्रमुख आयोजन उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) शुक्रवार से ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में शुरू होगा। पांच दिवसीय इस आयोजन का उद्घाटन केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे।

25 से 29 सितंबर तक होने वाले यूपीआईटीएस के चौथे संस्करण में इस बार आयोजन का दायरा और अंतरराष्ट्रीय भागीदारी दोनों बढ़ाई गई हैं। इसमें 2,400 से अधिक प्रदर्शक, 85 देशों से 550 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदार, 1.5 लाख से अधिक बीटूबी खरीदार एवं आगंतुक और करीब 4.5 लाख सामान्य आगंतुकों के पहुंचने की उम्मीद है। इस तरह कुल आगंतुक संख्या पांच लाख से अधिक रहने का अनुमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल टू ग्लोबल विजन के अनुरूप आयोजित यूपीआईटीएस उत्तर प्रदेश के स्थानीय उत्पादों, एमएसएमई, ओडीओपी, हस्तशिल्प, टेक्सटाइल, कृषि उत्पादों और आधुनिक उद्योगों को देश-दुनिया के बाजार से जोड़ने का मंच बनेगा। आयोजन में व्यापार और निवेश के साथ प्रदेश की संस्कृति, खान-पान, नवाचार और उद्यमशीलता को भी वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। प्रदेश के एमएसएमई मंत्री भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि एमएसएमई क्षेत्र उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। प्रदेश में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां हैं।

सरकार ऐसा कारोबारी इकोसिस्टम विकसित कर रही है, जिसमें उद्यमियों को नवाचार, विस्तार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए बेहतर अवसर मिल सकें। यूपीआईटीएस-2026 में ऑस्ट्रिया, जापान, रूस, सिंगापुर, बेलारूस और वियतनाम पार्टनर देशों के रूप में शामिल होंगे। इनके माध्यम से व्यापार साझेदारी, तकनीकी सहयोग, निवेश, सोर्सिंग और नए बाजारों तक पहुंच के अवसर बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम से पहले ही 72 देशों से विदेशी खरीदारों के पंजीकरण प्राप्त हो चुके हैं। यूपीआईटीएस के इस संस्करण में उत्तर प्रदेश की पाक विरासत को भी वैश्विक मंच मिलेगा। वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट के साथ इस बार वन डिस्ट्रिक्ट, वन क्यूजीन को विशेष पहचान दी जाएगी। पांच दिवसीय आयोजन में बिजनेस एंगेजमेंट, नॉलेज सेशन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाइव परफॉर्मेंस, अवॉर्ड्स, फैशन शो और लेजर शो जैसे कार्यक्रम होंगे। यूपीआईटीएस का 2025 संस्करण भी बड़े पैमाने पर आयोजित हुआ था। इसमें 5,07,099 आगंतुक पहुंचे थे, जिनमें 1,40,735 बीटूबी आगंतुक शामिल थे।

35 हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में आयोजित प्रदर्शनी में 2,228 प्रदर्शकों ने भाग लिया था। आयोजन में 85 देशों के 550 से अधिक विदेशी खरीदार जुड़े थे। यूपीआईटीएस-2026 में डिजिटल सुविधाओं का भी विस्तार किया गया है। सरकार के अनुसार, यूपीआईटीएस जैसे मंच उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ाने के प्रयासों का हिस्सा हैं।

# 317 होटल-रेस्टोरेंटों की जांच, गंभीर खामियों पर निरस्त होगा लाइसेंस

विशेष संवाददाता (vol)

- एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री से लेकर गंदगी और वेज-नॉनवेज के अनुचित भंडारण तक मिलीं कमियां

**लखनऊ।** खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे शुद्ध ही शुभ है अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने होटल और रेस्टोरेंटों के खिलाफ जांच तेज कर दी है। गुरुवार को प्रदेश के मुरादाबाद, प्रयागराज, अयोध्या, बरेली, गोरखपुर और कानपुर नगर में 317 होटल-रेस्टोरेंट इकाइयों का निरीक्षण किया गया। गंभीर अनियमितताओं वाले प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित करने की संस्तुति की गई है। अभियान के तहत मुरादाबाद में 52, प्रयागराज में 40, अयोध्या में 97, बरेली में 34, गोरखपुर में 34 और कानपुर नगर में 60 इकाइयों की जांच हुई।

कानपुर नगर के एक रेस्टोरेंट में एक्सपायर्ड खाद्य सामग्री, खराब सफाई, कीड़े-मकौड़े और गंदे पानी का जमाव मिला। फ्रीजर में शाकाहारी और मांसाहारी खाद्य पदार्थ भी एक साथ रखे मिले। प्रयागराज के एक होटल में गंदा किचन, खराब ड्रेनेज तथा कच्चे खाद्य पदार्थों और उपकरणों की अपर्याप्त सफाई पाई गई। गोरखपुर में जांच के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों में खराब हाइजीन, जाम ड्रेनेज, कॉकरोच और वेज-नॉनवेज खाद्य पदार्थों के अनुचित भंडारण जैसी कमियां सामने आईं। अयोध्या में एक प्रतिष्ठान में फंगस, कीड़े-मकौड़े और एक्सपायर्ड सामग्री मिली, जबकि दूसरे स्थान पर जलभराव, जाम ड्रेनेज और खराब फ्रीजर की स्थिति सामने आई। बरेली और मुरादाबाद में भी जाम ड्रेनेज, कॉकरोच और खाद्य पदार्थों के असुरक्षित भंडारण की शिकायतें मिलीं।

विभाग की टीमें खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, किचन की स्वच्छता, सुरक्षित स्टोरेज और वेज-नॉनवेज खाद्य पदार्थों के अलग भंडारण एवं निर्माण की जांच कर रही हैं। विभाग के अनुसार अलग बर्तन और भंडारण व्यवस्था से क्रॉस-कंटेमिनेशन का खतरा कम किया जा सकता है। सामान्य कमियों पर सुधार के निर्देश दिए जा रहे हैं, जबकि गंभीर मामलों में वैधानिक कार्रवाई और लाइसेंस निलंबन की संस्तुति की जा रही है।

# हेल्थ सप्लीमेंट पर शिकंजा, एक करोड़ का माल सीज

## 13 जिलों में 63 इकाइयों की जांच में मिलीं अनियमितताएं

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हेल्थ सप्लीमेंट और न्यूट्रास्यूटिकल्स के नाम पर भ्रामक स्वास्थ्य दावे कर उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाली गतिविधियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने प्रदेशव्यापी अभियान चलाया। खाद्य सचल दलों और औषधि निरीक्षकों की संयुक्त टीमों ने 13 जिलों में 63 इकाइयों का निरीक्षण किया। अभियान के दौरान 43 नमूने लिए गए और करीब एक करोड़ रुपये मूल्य के संदिग्ध, भ्रामक दावों वाले अथवा नियमों के विपरीत पाए गए उत्पाद सीज किए गए।

आगरा, बाराबंकी, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, झांसी, प्रयागराज, मुरादाबाद, लखनऊ, बरेली, हाथरस, मथुरा, गोरखपुर और वाराणसी में निमार्ताओं, रिलेबलर्स, रीपैकर्स और थोक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की जांच की गई। विभाग के अनुसार निरीक्षण किए गए 63 प्रतिष्ठानों में 18 संचालित, जबकि 45 गैर-संचालित अथवा बंद मिले। अभियान के दौरान केवल तैयार उत्पादों की जांच नहीं की गई, बल्कि कच्चे माल की गुणवत्ता और स्रोत, खरीद संबंधी अभिलेख, स्टॉक, निर्माण और भंडारण की स्थिति, उत्पाद की लेबलिंग, स्वास्थ्य संबंधी दावे, लाइसेंस की वैधता, स्वच्छता और सैनिटरी व्यवस्था भी जांची गई। कई प्रतिष्ठानों में मिसब्रांडिंग, भ्रामक स्वास्थ्य दावे, अनुचित लेबलिंग, लाइसेंस संबंधी अनियमितता, खराब स्वच्छता और एक्सपायर्ड खाद्य पदार्थों के भंडारण जैसी कमियां सामने आईं। मामलों की गंभीरता के अनुसार नोटिस, सुधार निर्देश और वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई। राजधानी लखनऊ में जेवीएस फूड्स प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया गया। यहां पांच नमूने लिए गए और करीब 39.50 लाख रुपये मूल्य के खाद्य पदार्थ सीज किए गए। विभाग के अनुसार प्रतिष्ठान में मिसब्रांडिंग और भ्रामक दावों के साथ स्वच्छता एवं सैनिटरी स्थिति भी अत्यंत खराब मिली। लखनऊ की सेंटर फ्यूरेरा हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड में तीन न्यूट्रास्यूटिकल्स के साथ करीब 10 लाख रुपये मूल्य की एलोपैथिक औषधियां भी भंडारित मिलीं। टीम ने रिलेबलिंग, मार्केटिंग और पैकिंग से जुड़ी गतिविधियों की भी जांच की। गोरखपुर स्थित बुद्ध मेडिको प्राइवेट लिमिटेड में लेबलिंग संबंधी गतिविधियां पाए जाने पर तीन नमूने लिए गए। इसके साथ करीब 27 लाख रुपये का माल सीज किया गया। टीम ने उत्पादों की लेबलिंग और नियामकीय स्थिति की जांच की।

झांसी में वैदिक एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड से 13 खाद्य सप्लीमेंट के नमूने लिए गए। 161 बोरी एक्सपायर्ड खाद्य पदार्थ नष्ट कराया गया। गौतमबुद्धनगर स्थित बायोरीहेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड में तैयार उत्पादों के भंडारण की स्थिति असंतोषजनक मिली। टीम ने तीन नमूने लिए और करीब छह लाख रुपये का माल सीज किया। गाजियाबाद में मिसब्रांडेड और भ्रामक दावों से संबंधित तीन नमूने लिए गए तथा करीब 27 लाख रुपये मूल्य का माल सीज किया गया।

# इंटरव्यू से पहले मॉक मंच पर परखी तैयारी

विशेष संवाददाता (vol)

- आईएएस-पीसीएस अधिकारियों ने लिया मॉक इंटरव्यू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की यूपीपीसीएस-2025 मुख्य परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को अब साक्षात्कार की चुनौती के लिए तैयार करने पर योगी सरकार का विशेष फोकस है। इसी क्रम में समाज कल्याण विभाग की ओर से गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में निःशुल्क मॉक इंटरव्यू कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी (उपाम) से जुड़े आईएएस-पीसीएस अधिकारियों और विषय विशेषज्ञों ने अभ्यर्थियों का मॉक इंटरव्यू लेकर उनकी तैयारियों को परखा।

मॉक इंटरव्यू के दौरान विशेषज्ञों ने अभ्यर्थियों से विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे और उनकी विषयगत समझ, जवाब देने की क्षमता, आत्मविश्वास तथा व्यक्तित्व प्रस्तुति का आकलन किया। अभ्यर्थियों को वास्तविक साक्षात्कार का माहौल उपलब्ध कराने के साथ इंटरव्यू की बारीकियों से भी अवगत कराया गया। विशेषज्ञों ने अभ्यर्थियों को सलाह दी कि सवालों का जवाब देते समय स्पष्ट और संतुलित दृष्टिकोण रखें। कठिन अथवा अप्रत्याशित प्रश्नों के दौरान भी आत्मविश्वास बनाए रखने तथा अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने पर विशेष जोर दिया गया।

मॉक इंटरव्यू का उद्देश्य सिर्फ सवाल-जवाब का अभ्यास कराना नहीं, बल्कि अभ्यर्थियों को अपनी तैयारी की वास्तविक स्थिति का आकलन करने का अवसर देना भी रहा।

विशेषज्ञों ने बातचीत के दौरान अभ्यर्थियों की कमजोरियों और सुधार की संभावनाओं को चिन्हित कर आवश्यक सुझाव दिए। इस अभ्यास से अभ्यर्थियों को वास्तविक साक्षात्कार से पहले अपनी कमियों को समझने, जवाब देने के तरीके में सुधार करने और व्यक्तित्व प्रस्तुति को बेहतर बनाने का अवसर मिला। समाज कल्याण विभाग के उप निदेशक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि निःशुल्क मॉक इंटरव्यू में विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों और सरकारी योजनाओं से जुड़े अभ्यर्थियों को अवसर दिया गया।

कार्यक्रम में छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागीदारी भवन और परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्रों से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के साथ मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अभ्यर्थियों ने भी हिस्सा लिया। इसके अतिरिक्त यूपीपीसीएस -2025 मुख्य परीक्षा में सफल अन्य अभ्यर्थियों को भी मॉक इंटरव्यू में शामिल होने का अवसर दिया गया। सरकार की इस पहल का उद्देश्य अभ्यर्थियों को वास्तविक साक्षात्कार से पहले विशेषज्ञ मार्गदर्शन और अभ्यास का अवसर उपलब्ध कराकर उनका आत्मविश्वास बढ़ाना है।

# नई जेलों के निर्माण से घटा ओवरक्राउडिंग का दबाव

विशेष संवाददाता (vol)

- 2017 में 1.77 से घटकर 2026 में 1.03 हुई दर
- सात नई जेलों से 10,495 बंदियों की क्षमता बढ़ी

**लखनऊ।** प्रदेश की जेलों में बढ़ती भीड़ पर अंकुश लगाने के लिए नई जेलों के निर्माण और मौजूदा कारागारों की क्षमता बढ़ाने का असर दिखने लगा है। वर्ष 2017 में प्रदेश की जेलों में ओवरक्राउडिंग दर 1.77 थी, जो 2026 में घटकर 1.03 रह गई। इसी अवधि में जेलों की कुल बंदी क्षमता 58,400 से बढ़कर 77,673 हो गई। वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में सात नई जेलें शुरू की गईं। चित्रकूट, अंबेडकरनगर, संतकबीरनगर, इटावा केंद्रीय कारागार, प्रयागराज, श्रावस्ती और पुरानी जिला कारागार बरेली में शुरू हुई इन परियोजनाओं से 10,495 बंदियों की अतिरिक्त क्षमता विकसित हुई। अब छह और जिला जेलों के निर्माण की तैयारी है।

कानपुर नगर, औरैया, शाहजहांपुर, ज्ञानपुर-भदोही, मुरादाबाद और ललितपुर में प्रस्तावित इन जेलों से कुल 7,732 बंदियों की क्षमता बढ़ेगी। इन परियोजनाओं के प्रशासनिक और वित्तीय अनुमोदन के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। अमेठी और महोबा की नई जिला जेलों का निर्माण लगभग अंतिम चरण में है। अमेठी में 98 प्रतिशत से अधिक और महोबा में 93 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है।

वहीं हाथरस, कुशीनगर, जौनपुर और हापुड़ में निर्माण तेजी से चल रहा है। इन छह निमार्णाधीन जेलों की कुल क्षमता 6,156 बंदियों की होगी। इसके अलावा संभल, शामली, बलिया, सहारनपुर, अमरोहा और चंदौली में प्रस्तावित जेलों के लिए भूमि क्रय, अधिग्रहण और पंजीकरण की कार्रवाई जारी है। सरकार का जोर नई जेलों के साथ पुराने कारागारों के उन्नयन, अतिरिक्त बैरकों और आधुनिक सुरक्षा संसाधनों पर भी है।

# भाजपा नकारात्मक राजनीति करती है : अखिलेश यादव

## सपा अध्यक्ष ने की समाजवादी पीडीए रथ से रायबरेली की यात्रा

विशेष संवाददाता (vol)

**रायबरेली/लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को समाजवादी पीडीए रथ से रायबरेली की यात्रा पर थे। लखनऊ से रायबरेली तक आम जनता ने अखिलेश यादव का जगह-जगह स्वागत किया। रायबरेली के राजकीय इंटर कालेज मैदान द्वितीय में भीड़ ने उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर राजकीय इंटर कालेज द्वितीय मैदान में आयोजित विशाल जनसभा में अखिलेश यादव ने कहा कि आज लाखों लाख लोगों ने सपा का समर्थन किया है। इतनी बड़ी संख्या में लोग अपने आप पहुंचे। लोगों ने बारिश और मौसम की परवाह किये बिना पहुंचकर इस रथ यात्रा और जनसभा को ऐतिहासिक बनाया। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय का आभार प्रकट करते हुए जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव, विधायक राहुल लोधी, श्याम सुन्दर भारती, समेत पार्टी के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओ और जनप्रतिनिधियों को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि सपा सकारात्मक राजनीतिक कर रही है और भाजपा नकारात्मक राजनीति कर रही है। जब भाजपा कमजोर पड़ती है तो प्रशासन की आड़ में नकारात्मक राजनीति करती है। भाजपा प्रशासन को आगे कर देती है। आज जो जनसमर्थन सपा को मिला है उसे प्रशासन के साथ ही पूरा उत्तर प्रदेश देख रहा है। इस पीडीए की हवा और आंदोलन से बुलडोजर चलाने वाले नहीं बचेंगे। इस बार जनता के वोट का बुलडोजर भाजपा को हमेशा के लिए हरा देगा।

उन्होंने कहा कि प्रभुत्ववादी लोग अपने आप को ताकतवर समझ रहे है। वे समझ ले कि पीडीए सामाजिक आंदोलन है। इस धरती पर सामाजिक आंदोलन हमेशा सफल रहे है। पीडीए के आंदोलन में सभी पीड़ित, दुःखी, अपमानित लोग एक होते जा रहे हैं। पीड़ित दुःखी और अपमानित लोग इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा का सफाया करके मिटाने का काम करेंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि हम अपने लोगों के बीच में जितना प्रेम, दया, अपनापन दिखाएंगे उतना ही पीडीए ताकतवर होता जाएगा। उन्होंने कहा कि जब हम लोगों को जनसमर्थन मिलता है तो अनरजिस्टर्ड, अण्डरग्राउण्ट और सुरंग जीवी लोग अपने आप मैदान छोड़ देते है। उन्होंने कहा कि रथ हमारे देश की संस्कृति में है। रथ महाभारत और कुरू क्षेत्र का प्रतीक है। इसी तरह से रथ पर कभी भगवान श्रीकृष्ण ने गीता का उपदेश दिया था। उसी तरह से रथ से हमें सीख मिल रही है। जो पीड़ित, दुःखी और अपमानित है वह पीडीए है। इस बार लाइन साफ है। लाइन एकदम खिंच गई है। एक तरफ लोग हैं तो दूसरे तरफ प्रताड़ना देने वाले लोग हैं। इस बार चुनाव में प्रताड़ना देने वाले लोग नहीं बचने पाएंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि अभी 2024 के लोकसभा चुनाव में हम लोगों ने भाजपा को हराया है। 2027 के चुनाव में भाजपा का परमामेंट सफाया करेंगे। इनके हराएंगे और समाज में भेदभाव खत्म करेंगे। भाजपाई कुर्सी पर बैठते हैं तो लोगों को अपमानित करते हैं। घर मन्दिर गंगा जल से धुलवाते हैं। उन्होंने कहा कि पीडीए संविधान, आरक्षण, लोकतंत्र,



हिन्दुस्तानियत और भारतीय संस्कृति को बचाने के लिए खड़ा है। भाजपा के लोगों ने विधायक राहुल लोधी को अपमानित किया। हमें खुशी है कि सपा के जिलाध्यक्ष से लेकर पूरी पार्टी ने भाजपाईयों का मुकाबला किया। हम लोग अपने लोगों का अपमान नहीं होने देंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने बुलडोजर चलाकर काशी में घाट तोड़ दिया। काशी की संस्कृति को तहस-नहस किया। पूज्य राज्य माता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा को तोड़ दिया। उनके किये गये कार्यों को मिटाने का प्रयास किया। भाजपा ने नफरत फैलाने के लिए सहारनपुर में मस्जिद तोड़ दिया। भाजपा साम्प्रदायिक राजनीति करना चाहती है। भाईचारा को खत्म करना चाहती है। सपा भाईचारा प्रेम बढ़ाना चाहती है। हम सभी लोगों को एकजुट करके बंधुराष्ट्र बनाना चाहते है। उन्होंने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता अपने वोट के बुलडोजर से भाजपा को हमेशा-हमेशा के लिए हराने का काम करेगी। समय आने पर समाजवादी पार्टी प्रदेश भर में विश्वकर्मा समाज, पासी समाज, लोधी समाज सहित सभी पीड़ित वर्गों के लोगों को न्याय दिलायेगी।

# वैश्विक मंच पर सजेगी बिजनौर की दस्तकारी

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस-2026) के चौथे संस्करण में बिजनौर की पारंपरिक दस्तकारी और आधुनिक उद्यमिता को वैश्विक मंच मिलेगा। 25 से 29 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में होने वाले आयोजन में जिले की 10 प्रमुख औद्योगिक इकाइयां, निर्यातक और हस्तशिल्पी अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। नगीना की प्रसिद्ध काष्ठ नक्काशी ट्रेड शो का प्रमुख आकर्षण होगी। आरके हैंडीक्राफ्ट, श्री जी क्राफ्ट और हैंडओवर इंटरनेशनल की ओर से शीशम की लकड़ी पर तैयार नक्काशीदार हस्तशिल्प उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। वहीं मलिहार और नगीना क्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाइटी पत्थर से तैयार हस्तनिर्मित उत्पादों की श्रृंखला पेश करेंगी। टेक्सटाइल क्षेत्र में ए टू एफ टेक्सटाइल हैंडलूम और उच्च गुणवत्ता वाले फैब्रिक्स प्रदर्शित करेगी, जबकि हेयर फैशन इंडिया प्रीमियम हेयर विग की रेंज पेश करेगी। खाद्य और कृषि आधारित उत्पादों में वीएस ग्रुप की विदुर हर्बल टी, क्रिएटिव फार्मिंग प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड का व्हाइट बीटरूट जैगरी (चुकंदर का गुड़) और साइलेज तथा चतुर्वेदी फूड प्राइवेट लिमिटेड की बतीसा, सोहनपापड़ी और खस्ता गजक प्रमुख आकर्षण होंगे। उपायुक्त उद्योग अमित कुमार ने कहा कि ट्रेड शो स्थानीय उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और बड़े निर्यातकों से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर है। विभाग का लक्ष्य चयनित इकाइयों के उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाना और नए व्यापारिक अवसर उपलब्ध कराना है।

# दो नयी टाउनशिप में 4520 भूखंडों के लिए पंजीकरण शुरू

## वरुण विहार और नैमिष नगर में 10,680 एकड़ में होगा विकास, 12 हजार करोड़ की परियोजना से पांच लाख से अधिक लोगों को मिलेगा आशियाना

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** राजधानी के विस्तार को नई दिशा देने वाली वरुण विहार और नैमिष नगर आवासीय योजनाओं का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भूमि पूजन कर दोनों योजनाओं की शुरुआत की। करीब 12 हजार करोड़ रुपये की लागत से 10,680 एकड़ में विकसित होने वाली इन योजनाओं में 4,520 आवासीय भूखंडों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गया है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर है।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के अनुसार, दोनों योजनाओं से करीब पांच लाख से अधिक लोगों के आवास का सपना पूरा होगा। साथ ही शहर के नए विकास क्षेत्रों में उद्योग, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है। सीतापुर रोड पर 4,100 एकड़ में विकसित हो रही नैमिष नगर योजना के प्रथम चरण में 1,673 भूखंड उपलब्ध हैं। 72 से 450 वर्गमीटर तक के भूखंडों की दर 3,800 रुपये प्रति वर्गफीट निर्धारित की गई है। योजना में मेडिटेशन सेंटर, शिक्षा हब, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक केंद्र, शॉपिंग स्ट्रीट और ओडीओपी केंद्र प्रस्तावित हैं।

करीब दो लाख आबादी को आवासीय सुविधा मिलने का अनुमान है। आगरा एक्सप्रेसवे के निकट 6,580 एकड़ में विकसित हो रही वरुण विहार योजना में पहले चरण में 2,847 भूखंडों का पंजीकरण शुरू हुआ है। 112.5 से 450 वर्गमीटर तक के भूखंडों की दर 2,800 रुपये प्रति वर्गफीट होगी। योजना में करीब 800 एकड़ ग्रीन बेल्ट, पार्क व वाटर बॉडीज, अंतरराष्ट्रीय स्तर का गोल्फ कोर्स, 70 एकड़ की प्राकृतिक झील, स्पोर्ट्स हब, सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर और 300 एकड़ का लॉजिस्टिक पार्क प्रस्तावित है। यहां करीब तीन लाख आबादी को आवासीय सुविधा मिलने की बात कही गई है।

### पांच बहुमंजिला आवासीय परियोजनाओं का शिलान्यास

कार्यक्रम में 2,166 करोड़ रुपये की लागत से पांच बहुमंजिला आवासीय परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया गया। इनमें लेक व्यू अपार्टमेंट के 646, पार्क व्यू अपार्टमेंट के 364 और ऐशबाग स्क्वॉयर के 384 फ्लैट शामिल हैं। अदिति अपार्टमेंट में 980 अफोर्डेबल 2-बीएचके तथा 412 पीएम आवास 2.0 के 1-बीएचके फ्लैट प्रस्तावित हैं। बागेश्वरी अपार्टमेंट में भी 312 पीएम आवास 2.0 के 1-बीएचके फ्लैट हैं। दोनों योजनाओं के लिए पंजीकरण 24 सितंबर से 24 अक्टूबर तक एलडीए की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से किया जा सकेगा। एकमुश्त भुगतान का विकल्प चुनने वालों को आवंटन में वरीयता दिए जाने का प्रावधान है।

### लखनऊ के विकास में किसानों की भागीदारी, मुआवजे से संवरा भविष्य

लखनऊ। राजधानी में वरुण विहार और नैमिष नगर जैसी बड़ी आवासीय योजनाओं के विकास में किसानों की भूमि अहम आधार बनी है। योजना के लिए जमीन देने वाले किसानों और परिवारों ने मुआवजा प्रक्रिया को पारदर्शी बताते हुए कहा कि प्राप्त राशि से किसी ने दूसरी जगह जमीन खरीदी तो किसी ने मकान बनवाया और बच्चों की पढ़ाई के लिए धन सुरक्षित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी लखनऊ की ऐतिहासिक भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि यह शहर नए भारत के नए उत्तर प्रदेश को नेतृत्व दे रहा है। उन्होंने कहा कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से लेकर 1925 के काकोरी ट्रेन एक्शन तक लखनऊ ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्राम दोना के कमलेश कुमार ने बताया कि उन्होंने वरुण विहार योजना के लिए सहमति से एक हेक्टेयर जमीन दी। इसके बदले उन्हें 2.80 करोड़ रुपये का मुआवजा मिला। उन्होंने बताया कि इस राशि से उन्नाव में जमीन खरीदी और मकान बनवाया। उनका कहना है कि योजना से उनके गांव और आसपास के क्षेत्र का भी विकास होगा। ग्राम रेवरी की रामदेई ने भी जमीन का अच्छा मुआवजा मिलने पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।

### नैमिष नगर में भी किसानों को मिला मुआवजा

बख्शी का तालाब की सुषमा सिंह ने बताया कि कमलाबाद स्थित उनकी जमीन नैमिष नगर योजना में गई और उन्हें 2.90 करोड़ रुपये का मुआवजा मिला। सैदापुर की नमरा फातिमा, जिन्होंने हाल ही में 12वीं पास की है और नीट की तैयारी कर रही हैं, को जमीन के बदले 70.58 लाख रुपये मिले। उन्होंने बताया कि राशि का उपयोग जमीन खरीदने के साथ भविष्य में मेडिकल की पढ़ाई में किया जाएगा।

**1.96 करोड़ मिले, खरीदी 16 बीघा जमीन :** बख्शी का तालाब निवासी ओम प्रकाश अवस्थी ने नैमिष नगर योजना के लिए डेढ़ बीघे से अधिक जमीन दी। इसके बदले उन्हें 1.96 करोड़ रुपये मिले। उनके मुताबिक संकल्प पत्र भरने के करीब 15 दिन बाद रजिस्ट्री के लिए बुलाया गया और डीडी से भुगतान हुआ। अगले दिन राशि बैंक खाते में पहुंच गई। उन्होंने बताया कि मुआवजे से सीतापुर के बिसवां रोड पर 16 बीघे जमीन खरीदी और शेष राशि बैंक में जमा की। किसानों के अनुसार मुआवजे की प्रक्रिया में उन्हें अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। उनका कहना है कि जमीन के बदले मिली राशि ने उन्हें संपत्ति में दोबारा निवेश और परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने का अवसर दिया।

### वरुण विहार-नैमिष नगर से लखनऊ के विस्तार को मिलेगी गति : विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से लखनऊ के सुनियोजित विस्तार, आधुनिक आवासीय सुविधाओं और रोजगार के अवसरों को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने लखनऊ को स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके तहत उन्नाव, हरदोई, सीतापुर, बाराबंकी और रायबरेली को क्षेत्रीय विकास योजना से जोड़ने की बात कही गई है। नैमिषारण्य और वरुण विहार की बेहतर कनेक्टिविटी विकसित करने की भी योजना है। डॉ. सिंह ने कहा कि एयरपोर्ट, एआई सिटी, अनंत नगर, मेट्रो, किसान पथ और औद्योगिक परियोजनाओं से सरोजनीनगर में विकास व रोजगार के नए अवसर बन रहे हैं। उन्होंने किसानों को पारदर्शी प्रक्रिया के तहत सीधे बैंक खातों में मुआवजा देने की व्यवस्था को भी महत्वपूर्ण बताया।

# बिजली हादसे ने छीने हाथ, केजीएमयू ने उपलब्ध करायें कृत्रिम हाथ

**लखनऊ।** बिजली हादसे में भदोही के रहने वाले 22 वर्षीय नीरज यादव ने अपने दोनों हाथ गंवा दिये। आर्थिक तंगी के कारण कृत्रिम हाथ लगवाने में असमर्थ थे। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के पीएमआर विभाग ने मदद की और निःशुल्क कृत्रिम हाथ उपलब्ध कराए।



नीरज जुलाई 2026 में पीएमआर विभाग की टीम के संपर्क में आया था। निजी संस्थानों में प्रोस्थेटिक हाथ लगवाने में करीब 50 हजार रुपये तक खर्च आता है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण नीरज के लिए यह खर्च उठाना संभव नहीं था। विभाग ने इनर व्हील क्लब और स्वयंसेवी संस्था के सहयोग से 9500 रुपये की राशि जुटाई। इसके बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर नीरज को कृत्रिम हाथ उपलब्ध कराए गए। केजीएमयू की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद के अनुसार सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत पीएमआर विभाग के प्रोस्थेटिक एवं ऑर्थोटिक यूनिट ने यह पहल की। प्रोस्थेटिक हाथ लगाने के बाद नीरज को इनके संचालन और दैनिक गतिविधियों के लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। पीएमआर विभाग के अध्यक्ष डा. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को आधुनिक पुनर्वास सेवाएं उपलब्ध कराकर उन्हें सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन की ओर लौटाना विभाग का मकसद है।

# मिनिमली इनवेसिव तकनीक से मरीज का ऑपरेशन सफल

**लखनऊ।** पीजीआई के डाक्टरों ने महिला की जांच का सफल ऑपरेशन कर नया जीवनदान दिया, जबकि गंभीर बीमारियों के कारण सर्जरी के लिए यह बेहद हाई-रिस्क मरीज थी। हालांकि ऑपरेशन के बाद मरीज स्वस्थ है। संस्थान के हड्डी रोग विभाग के डॉक्टरों ने 42 वर्षीय महिला के दाहिने जांघ की हड्डी के फ्रैक्चर का सफल ऑपरेशन किया। महिला सिस्टिक ब्रोंकिएक्टसिस और गंभीर पल्मोनरी हाइपरटेंशन से पीड़ित है। बीस दिन पहले हुए हादसे के बाद गंभीर फेफड़े और हृदय की स्थिति के कारण कई अस्पतालों ने उसकी सर्जरी करने से मना कर दिया था। ऑर्थोपेडिक्स विभाग के डा. पुलक शर्मा के अनुसार एटीसी में भर्ती के समय कमरे की हवा में उसका ऑक्सीजन सैचुरेशन केवल 82 प्रतिशत था, जबकि सामान्य रूप से यह 98-100 प्रतिशत होना चाहिए।

# आजमगढ़ में दृष्टि से परे हौसले का महाकुंभ

विशेष संवाददाता (vol)

- शाश्वतम त्रिकोणीय राज्यस्तरीय दृष्टिबाधित क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन
- यूपी कैब टीम का नेतृत्व करेंगे बैंक अधिकारी शौकत अली

**आजमगढ़/लखनऊ।** खेल में समानता और दृष्टि में हौसले के मंत्र को साकार करने के लिए पूर्वांचल की धरती आजमगढ़ में जल्द ही क्रिकेट का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। लाइफ लाइन इंस्टीट्यूट समेदा, आजमगढ़ के सहयोग से शाश्वतम त्रिकोणीय राज्यस्तरीय दृष्टिबाधित क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।

इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का मुख्य स्थल आजमगढ़ स्टेडियम और लाइफ लाइन इंस्टीट्यूट समेदा का मैदान रहेगा। यह टूर्नामेंट समावेशी खेल की भावना और दिव्यांग खिलाड़ियों के सशक्तिकरण का प्रतीक बनेगा।

इस राज्यस्तरीय टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश की टीम (यूपी कैब-यूपी क्रिकेट एसोसिएशन फार ब्लाइंड) अपनी पूरी ताकत के साथ उतरेगी। टीम की कमान कप्तान शौकत अली के हाथों में होगी, जबकि वाइस कप्तान दिनेश कुमार होंगे। खास बात यह है कि कप्तान



शौकत अली न सिर्फ मैदान पर शानदार खिलाड़ी हैं, बल्कि मैदान के बाहर भी एक प्रेरणा हैं। वे वर्तमान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, राजाजीपुरम, लखनऊ में कार्यरत हैं और अपनी नौकरी के साथ-साथ दृष्टिबाधित क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं।

कप्तान शौकत अली ने कहा, ये टूर्नामेंट सिर्फ क्रिकेट नहीं, बल्कि समाज को ये बताने का मौका है कि दृष्टि कम होने से हौसला कम नहीं होता। हम आजमगढ़ की धरती पर बेहतरीन खेल दिखाएंगे।

**ऐसी है यूपी की टीम :** टीम को दृष्टिबाधिता के स्तर के आधार पर तीन श्रेणियों में बांटा गया है। इसमें बी 1 कैटेगरी (पूर्ण दृष्टिबाधित) शौकत अली (कप्तान), शिव नरेश, दीपांशु पासवान, मो. आदिल, मयंक कुशवाहा हैं। वहीं, बी 2 कैटेगरी (अंशतः दृष्टिबाधित) दिनेश कुमार (उप-कप्तान), हिमांशु गिरी, रवि वर्मा, गोकुल, अयान गाजी हैं। जबकि बी 3 कैटेगरी (न्यून दृष्टिबाधित) विक्रम सेन, रमन वर्मा, विकास पासवान, बालमुकुंद चतुर्वेदी हैं।

आयोजकों के अनुसार, टूर्नामेंट में साउंड बॉल से मैच खेले जाएंगे, जिसमें गेंद की आवाज सुनकर खिलाड़ी खेलते हैं। यह त्रिकोणीय टूर्नामेंट होगा जिसमें तीन टीमें एक-दूसरे से भिड़ेंगी। लाइफ लाइन इंस्टीट्यूट ने सभी खेल प्रेमियों से खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए स्टेडियम पहुंचने की अपील की है।

# बरसात के बाद लेसा के चारों जोन में घंटों गुल रही बिजली

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- कई इलाकों में फॉल्ट से उपभोक्ता परेशान, देर रात तक चलता रहा मरम्मत कार्य

**लखनऊ।** गुरुवार को हुई बारिश ने लेसा की बिजली आपूर्ति व्यवस्था की तैयारियों की पोल खोल दी। बारिश शुरू होते ही राजधानी के मध्य, ट्रांस गोमती, गोमती नगर और सिस गोमती समेत चारों जोन के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो गई। कहीं फीडर ट्रिप होने तो कहीं लोकल फॉल्ट के कारण उपभोक्ताओं को कई घंटे तक बिजली कटौती का सामना करना पड़ा।

बारिश थमने के बाद भी कई क्षेत्रों में आपूर्ति सामान्य होने में समय लगा। लेसा अधिकारियों के मुताबिक बारिश के दौरान बिजली के उपकरणों में फॉल्ट आने, पेड़ों की डालियां तारों पर गिरने और फीडरों की सुरक्षा के लिए ट्रिपिंग होने से कुछ इलाकों में आपूर्ति बाधित हुई। कई स्थानों पर एहतियातन बिजली बंद करनी पड़ी। बारिश के दौरान शिकायतों की संख्या बढ़ने से कंट्रोल रूम और 1912 पर भी शिकायतें पहुंचती रहीं। गोमती नगर और सिस गोमती क्षेत्र के कई मोहल्लों में बिजली के आने-जाने का सिलसिला बना रहा। वहीं ट्रांस गोमती और मध्य जोन के कुछ इलाकों में फॉल्ट दूर करने के लिए कर्मचारियों को मौके पर भेजा गया। कई जगह भूमिगत और ओवरहेड नेटवर्क में तकनीकी खराबी के कारण मरम्मत में समय लगा। उपभोक्ताओं का कहना है कि बारिश शुरू होते ही बिजली आपूर्ति प्रभावित होना अब आम समस्या बनती जा रही है। सबसे अधिक परेशानी उन परिवारों को हुई, जहां कई घंटे तक पंखे, कूलर और पानी की मोटर नहीं चल सकी। व्यापारिक क्षेत्रों में भी बिजली कटौती का असर कामकाज पर पड़ा। लेसा अधिकारियों ने बताया कि बारिश के दौरान फॉल्ट वाले क्षेत्रों में टीमें लगाकर आपूर्ति बहाल कराई गई। अधिकारियों का कहना है कि बारिश और तेज हवा के दौरान सुरक्षा कारणों से कुछ समय के लिए बिजली बंद करनी पड़ती है। साथ ही कर्मचारियों को फॉल्ट जल्द से जल्द ठीक कर आपूर्ति सामान्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

# जानकीपुरम और खदरा में विकास कार्यों का भूमि पूजन

**लखनऊ।** उत्तर विधानसभा क्षेत्र के जानकीपुरम एवं अयोध्या दास प्रथम वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों का विधायक डॉ. नीरज बोरा ने भूमि पूजन और शिलान्यास किया। ये कार्य लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं विधायक निधि से कराए जाएंगे। जानकीपुरम के सेक्टर-एच स्थित उद्यानी पार्क में झूले, बाउंड्रीवॉल और पाथवे की रंगाई-पुताई के कार्यों का भूमि पूजन किया गया। वहीं सेक्टर-आई स्थित अलीशा नगर कॉलोनी में सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य का शुभारंभ हुआ। जानकीपुरम न्यू हनर रोड के आसपास की गलियों में निर्माण एवं सुधार कार्यों के लिए भी भूमि पूजन किया गया। अयोध्या दास प्रथम वार्ड के खदरा क्षेत्र में नाले के निर्माण कार्य का शिलान्यास हुआ। विधायक ने कहा कि क्षेत्र में सड़क, नाली, पार्क और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं। इनसे स्थानीय नागरिकों को बेहतर आवागमन और नागरिक सुविधाएं मिलेंगी।

# फार्मेसिस्टों के वेतनमान बढ़ाने और पदनाम बदलने पर बनी सहमति

**लखनऊ।** प्रदेश के फार्मेसिस्टों के लिए राहत भरी खबर है। फार्मेसिस्ट संवर्ग के वेतनमान उच्चीकरण और पदनाम परिवर्तन को लेकर महानिदेशालय स्तर पर गठित कमेटी और डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के बीच हुई वार्ता में सकारात्मक सहमति बन गई है। प्रमुख सचिव के निर्देश पर महानिदेशक द्वारा निदेशक पैरामेडिकल की अध्यक्षता में गठित कमेटी के साथ एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल की यह वार्ता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत हुई। बैठक में भारत के राजपत्र के अनुरूप वेतनमान बढ़ाने और पदनाम बदलने पर विस्तार से चर्चा हुई। कमेटी के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि भारत सरकार के राजपत्र के अनुरूप फार्मेसिस्ट संवर्ग के वेतनमान उच्चीकरण एवं पदनाम परिवर्तन का प्रस्ताव शीघ्र ही संस्तुति सहित शासन को भेजा जाएगा। वार्ता में एसोसिएशन की ओर से प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश मिश्रा और प्रांतीय प्रवक्ता एसएम त्रिपाठी मौजूद रहे।

# केजीएमयू में 324 पैरामेडिकल स्टाफ व गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की होगी तैनाती

**लखनऊ।** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में 324 पैरामेडिकल स्टाफ और गैर शैक्षणिक कर्मचारियों की तैनाती होगी। जांच से लेकर ऑपरेशन तक को रफ्तार मिलेगी। करीब नौ माह से चयन के बाद भी अभ्यर्थियों को तैनाती नहीं मिल पा रही है। अधिकारियों की हीलाहवाली का खामियाजा भर्ती परीक्षा के बाद चयनित अभ्यर्थियों को भुगतना पड़ रहा था। केजीएमयू में नवम्बर 2024 में गैर शैक्षणिक 324 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। एक साल बाद नवम्बर 2024 में भर्ती परीक्षा हुई थी। चयन के बाद शैक्षिक दस्तावेज व अनुभव प्रमाण पत्रों की जांच की प्रक्रिया शुरू हुई। इसके लिए अलग-अलग पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को बुलाया गया। पहले चरण के तहत दिसंबर 2025 में 80 चयनित अभ्यर्थियों के शैक्षिक व अनुभव से संबंधित दस्तावेजों की जांच करायी गयी थी। उसके बाद से विभाग में तैनाती की प्रक्रिया पर ब्रेक लग गयी है। नवचयनित कर्मचारियों के अनुसार चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें नियुक्ति की उम्मीद थी। कई माह बीतने के बावजूद तैनाती के संबंध में स्थिति स्पष्ट नहीं की जा रही है। रोजाना हाजिरी लगाने के बाद भी काम नहीं मिलने से तनाव बढ़ रहा था। केजीएमयू में नौकरी मिलने की उम्मीद में उन्होंने दूसरी जगहों पर अवसर छोड़ दिए थे। अब लंबे समय से तैनाती नहीं मिलने से आर्थिक संकट भी बढ़ रहा है। केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके सिंह ने बताया कि कार्यपरिषद में फैसले के बाद नव चयनित कर्मचारियों को राहत मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। कार्यपरिषद ने चयनित कर्मचारियों की जल्द से जल्द तैनाती के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। अंतिम मुहर के लिए प्रस्ताव को राज्यपाल के पास भेजा गया है। वहां से मंजूरी मिलने के बाद कर्मचारियों की तैनाती का रास्ता साफ होगा।

# भारतीय राष्ट्रीय लोकतांत्रिक जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने सर्वजीत सिंह सूर्यवंशी

विशेष संवाददाता (vol)

- राष्ट्रीय अध्यक्ष रामाशीष राय ने घोषित की 63 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी

**लखनऊ।** भारतीय राष्ट्रीय लोकतांत्रिक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी रामाशीष राय ने पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा की है। घोषित कार्यकारिणी में सर्वजीत सिंह सूर्यवंशी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी की जारी सूची में उनका नाम राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में दर्ज है।

घोषित राष्ट्रीय कार्यकारिणी में कुल 63 सदस्य शामिल हैं, जिनमें 36 पदाधिकारी और 27 कार्यकारिणी सदस्य हैं। पार्टी की ओर से विभिन्न पदों पर कई वरिष्ठ लोगों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इनमें सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं तथा विभिन्न सामाजिक एवं सार्वजनिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों के नाम शामिल हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में सर्वजीत सिंह सूर्यवंशी की नियुक्ति राष्ट्रीय कार्यकारिणी की आधिकारिक सूची में क्रमांक 10 पर दर्ज है। उनके साथ अन्य राष्ट्रीय उपाध्यक्षों तथा राष्ट्रीय महामंत्रियों, मंत्रियों और कार्यकारिणी सदस्यों की भी घोषणा की गई है।




पार्टी की घोषणा के अनुसार, डॉ. अलका राय को महिला जनता मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा देवेश कुमार सिंह को जनता किसान मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी ने अपने वक्तव्य में कहा है कि उसका उद्देश्य आम जनता से जुड़कर लोकतंत्र और संविधान के मूल्यों के अनुरूप कार्य करना तथा राजनीतिक सुधार की दिशा में आगे बढ़ना है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर सर्वजीत सिंह सूर्यवंशी के समर्थकों और शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# कैंसर संस्थान में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी का पाठ्यक्रम शुरू करने की तैयारी

**लखनऊ।** कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर इंस्टीट्यूट में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग में एमडी (रेडिएशन ऑन्कोलॉजी) का पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए गुरुवार को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) की टीम ने निरीक्षण किया। टीम ने संस्थान और विभाग में एनएमसी के निर्धारित मानकों एवं मानदंडों को परखा। चिकित्सा अधीक्षक डा. वरूण विजय के अनुसार संस्थान की स्थापना वर्ष 2016 में हुई थी। पहली बार रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग में एनएमसी के मानकों के अनुसार निरीक्षण की प्रक्रिया पूरी हुई है।

# राजधानी में थर्ड वेव कॉफी के दो कैफे खुले

**लखनऊ।** थर्ड वेव कॉफी ने लखनऊ में दो नए कैफे खोलकर उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी की है। हजरतगंज में ब्रांड का 250वां कैफे शुरू हुआ, जबकि दूसरा कैफे गोमती नगर में खोला गया। इसके साथ उत्तर भारत में ब्रांड के आउटलेट्स की संख्या 72 हो गई है। कंपनी के सीईओ रजत लूथरा ने कहा कि 250 कैफे तक पहुंचना विस्तार यात्रा की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हजरतगंज कैफे में स्पेशलिटी सिंगल-ओरिजिन कॉफी, सिग्नेचर ड्रिंक्स, आर्टिसनल बेक्स और क्विक बाइट्स उपलब्ध होंगे। कंपनी वित्तीय वर्ष 2027 तक नेटवर्क को करीब 320 कैफे तक बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है।

# लावण्या के बाद देर शाम हबीबुल्लाह व महमूदाबाद हॉस्टल पहुंचे कुलपति

**लखनऊ।** लविवि के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने गुरुवार को छात्रावासों की व्यवस्थाओं को परखने के लिए सघन औचक निरीक्षण अभियान चलाया। दोपहर में लावण्या छात्रावास के औचक निरीक्षण के बाद कुलपति देर शाम प्रशासनिक दल के साथ सीधे हबीबुल्लाह छात्रावास और महमूदाबाद छात्रावास के औचक निरीक्षण पर पहुंचे।

इस सघन निरीक्षण के दौरान कुलपति के साथ विश्वविद्यालय निर्माण विभाग के अधीक्षक प्रो. विनीत वर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) प्रो. अमिता कनौजिया तथा कुलानुशासक (चीफ प्रॉक्टर) प्रो. राकेश द्विवेदी एवं चीफ प्रोवोस्ट प्रो आशीष अवस्थी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



हबीबुल्लाह छात्रावास के निरीक्षण के दौरान अंतःवासी छात्रों ने कुलपति के समक्ष पेयजल से संबंधित समस्याएं रखीं। मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने मौके पर ही निर्माण विभाग के अभियंताओं को पानी का टीडीएस तत्काल जांचने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियंताओं को निर्देशित किया कि पेयजल जांच की रिपोर्ट के आधार पर अविलंब त्वरित सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और शुद्ध पेयजल के मामले में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अंतःवासियों से आत्मीय संवाद और व्यवस्थाओं का जायजा: कुलपति ने दोनों छात्रावासों में कमरों, मेस, रसोई, डाइनिंग हॉल, कॉमन रूम और परिसर में उपलब्ध अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने अंतःवासी छात्रों के बीच खड़े होकर उनसे सीधा व आत्मीय संवाद स्थापित किया और उनकी दैनिक आवश्यकताओं व समस्याओं की जानकारी ली।

# पीजीआई कैंपस में कुत्ते ने छह लोगों को काटा

**लखनऊ।** पीजीआई कैंपस के टाइप-वन आवासीय क्षेत्र में खूंखार आवारा कुत्ते ने बुधवार रात छह लोगों को काटकर घायल कर दिया। घटना के बाद गुरुवार सुबह हाथों में डंडे लेकर लोग टहलने के लिए निकले। लोगों ने नगर निगम से तत्काल कुत्ते को पकड़ने की मांग की है?

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुधवार रात टाइप-वन आवासीय क्षेत्र के आसपास घूम रहे कुत्ते ने अचानक राहगीरों और टहल रहे लोगों पर हमला बोल दिया। हमले में निशा यादव (25), धर्मेश (27), रीता (20) समेत दो सुरक्षा गार्ड और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। स्थानीय निवासी बृजभूषण यादव, मो हकीक, हिमांशु, ब्रजेश पटेल और प्रणव ने बताया कि यह कुत्ता कई दिनों से परिसर में घूम रहा है। लोगों को देखकर दौड़ पड़ता है। उनका कहना है कि कैंपस के पास स्थित जंगल क्षेत्र में कुछ दिन पहले एक नीलगाय की मौत हुई थी। कुत्तों को उसके शव का मांस खाते देखा गया था जिसके बाद से उनका व्यवहार अधिक आक्रामक हो गया है।

घटना के बाद पूरे परिसर में भय का माहौल है। गुरुवार सुबह कई लोग टहलने के लिए डंडे लेकर निकले ताकि

## बिना लाइसेंस कुत्ता पालने वालों के खिलाफ अभियान

**लखनऊ।** नगर निगम ने गुरुवार को इंदिरानगर में बिना लाइसेंस कुत्ता पालने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान तीन व्यक्तियों से कुल 15 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। मौके पर ही तीन नए लाइसेंस भी जारी किए गए, जिससे निगम कोष में कुल 18 हजार रुपये जमा हुए। नगर निगम के पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने बताया कि अभियान नगर निगम के जोन-7 में आने वाली इंदिरानगर की लिबर्टी कॉलोनी और सर्वोदय नगर के आसपास चलाया गया। यहां पर बिना लाइसेंस कुत्ता टहलाने वाले तीन लोगों को पकड़ा गया।

कुत्ते से खुद को बचा सकें। अभिभावकों ने बच्चों को अकेले बाहर भेजना भी बंद कर दिया है। लोगों ने बताया कि करीब दो महीने पहले नगर निगम की टीम आवारा कुत्तों को पकड़ने आई थी, लेकिन कुछ लोगों के विरोध के कारण अभियान पूरा नहीं हो सका।

# ऑनलाइन गाड़ी चालान से नाखुश तो दे सकेंगे ऑनलाइन चुनौती

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के ई-चालान गलत मान रहे हैं तो आप इसके लिए आनलाइन शिकायत भी दर्ज करा सकते हैं। नई प्रणाली नेक्स्ट-जेन ई चालान 2.0 एप से चालान होता है और आप मानते है कि गलत हुआ है तो इसको आप एप के माध्यम से शिकायत दर्ज करा सकते है।

निदेशालय की तरफ से कोर्ट और लोक अदालत से संबंधित पुराने रसीदों और निस्तारित मामलों का पूरा ब्योरा नई व्यवस्था में दर्ज करने की अंतिम समयसीमा तय कर दी गई थी। इस कदम का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि डेटा ट्रांसफर के दौरान लोगों को पुराने चालानों के भुगतान या निस्तारण में किसी तरह की तकनीकी समस्या या असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। पुरानी प्रणाली से अब कोई भी नया चालान नहीं काटा जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य फर्जी या गलत चालान से आम लोगों को राहत देना और चालान निस्तारण के लिए एक समयबद्ध व्यवस्था बनाना है। वाहन चालकों के लिए ट्रैफिक चालान को लेकर बड़ी व्यवस्था गुरुवार से लागू हो जाएगी।

अब वाहन चालक घर बैठे ऑनलाइन तरीके से अपने चालान को चुनौती दे सकेंगे। नई व्यवस्था के तहत चालान जारी होने की तारीख से 45 दिन के भीतर आपत्ति दर्ज करानी होगी। इसके बाद शिकायत निस्तारण अधिकारी यानी ग्रेविएंस रिड्रेसल अफसर को चुनौती पर 30 दिन के भीतर जवाब देना होगा। नए नियम के तहत चुनौती पर यदि ग्रेविएंस रिड्रेसल अफसर (जीआरओ) ने 30 दिन में कोई जवाब नहीं दिया तो चालान स्वत निरस्त माना जाएगा। चालान सही ठहराने पर संबंधित व्यक्ति को चालान जमा करने के लिए 120 दिन का समय मिलेगा। यदि वह चाहे तो इस दौरान आधी फीस जमा कर के कोर्ट जा सकता है। नई व्यवस्था का मकसद चालान को लेकर वाहन चालकों की आपत्तियों के निस्तारण के लिए एक तय प्रक्रिया और समयसीमा उपलब्ध कराना है। दरअसल 26 सितंबर से शुरू होने वाला तकनीकी अपडेशन 28 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई मैनुअल रसीद के जरिए की जाएगी।

सोमवार से नेक्स्ट जेन 2.0 साफ्टवेयर लागू होते ही व्यवस्था दोबारा डिजिटल होगी और जुर्माना भरने के तरीके में भी बड़ा बदलाव नजर आएगा। नई प्रणाली की सबसे अहम सुविधा यह होगी कि चालान कटने के बाद वाहन चालक को भुगतान के लिए अलग कार्यालय अथवा कोर्ट के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। यातायातकर्मी मौके पर उपलब्ध क्यूआर कोड के जरिए जुर्माना जमा करा सकेंगे। भुगतान देश के किसी भी हिस्से से डिजिटल माध्यम से किया जा सकेगा।

# अस्पताल में नेग न देने पर नवजात न देने का आरोप

**लखनऊ।** हजरतगंज स्थित वीरांगना झलकारीबाई अस्पताल में प्रसूता के परिजन से ओटी में 2000 रुपये मांगने और रकम न देने पर नवजात को वापस न करने का आरोप लगाया है। भदोही निवासी अनित तिवारी ने मामले की शिकायत मुख्य चिकित्साधिकारी और अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक से की है। शिकायतकर्ता के मुताबिक उनकी पत्नी की डिलीवरी 19 अक्टूबर को अस्पताल में हुई थी। आरोप है कि ओटी में तैनात स्टाफ नर्स ने उनसे 2000 रुपये की मांग की। रकम न देने पर शिशु को ओटी में रोकने के गंभीर आरोप लगाए हैं। काफी जद्दोजहद के बाद उनकी मां ने 1200 रुपये दिए। जिसके बाद नवजात शिशु को वापस किया गया। शिकायत में महिला कर्मचारी पर प्रसूता और परिजन से अभद्र व्यवहार करने का भी आरोप लगाया गया है। परिजन का दावा है कि एक महिला चिकित्सक से शिकायत करने पर कर्मचारी ने कथित तौर पर कहा कि अस्पताल में किसी का रेफरेंस नहीं चलता।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर- 9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

# बुजुर्ग महिला की पीट-पीटकर हत्या, झाड़ियों में मिला शव



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मोहनलालगंज इलाके में बुधवार रात 60 वर्षीय महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बृहस्पतिवार सुबह अर्धनग्न अवस्था में उसकी लाश मिली। घरवालों ने दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र की है। यहां बुजुर्ग महिला का शव गांव के बाहर खाली प्लाट में झाड़ियों के बीच अर्धनग्न अवस्था में पड़ा मिला। हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मौका मुआयना करके घटना की जानकारी ली। परिजनों ने महिला के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की आशंका जताई है। घटना में गांव के ही तीन युवकों के शामिल होने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि घटना के समय युवक शराब के नशे में थे। पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

**परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या की जताई आशंका:** महिला के परिजनों और ग्रामीणों ने उसके साथ दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की आशंका जताई है. हालांकि, पुलिस ने अभी दुष्कर्म की पुष्टि नहीं की है. अधिकारियों के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही महिला की मौत की वास्तविक वजह तथा उसके साथ किसी आपराधिक घटना के संबंध में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

**तीन युवकों पर संदेह, पुलिस ने हिरासत में लिया:** घटना में गांव के ही तीन युवकों के शामिल होने की चर्चा सामने आई है. बताया जा रहा है कि घटना के वक्त आरोपी बताए जा रहे युवक शराब के नशे में थे. पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है. फिलहाल पुलिस उनके खिलाफ मिले तथ्यों और घटना में उनकी भूमिका की जांच कर रही है।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा मौत का राज:** पुलिस के अनुसार महिला के सिर पर चोट के निशान मिले हैं. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण और महिला के साथ किसी तरह की आपराधिक घटना हुई थी या नहीं, इसकी स्थिति स्पष्ट होगी. पुलिस घटनास्थल और आसपास मिले परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की भी जांच कर रही है. तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# इंजेक्शन लगाने के बाद बिगड़ी मरीज की हालत, इलाज के दौरान मौत

**पत्नी की शिकायत पर चिकित्सक पर मुकदमा दर्ज**

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के सलेमपुर अचाका गांव में निजी क्लीनिक पर उपचार के दौरान दो इंजेक्शन लगाए जाने के बाद मरीज की हालत बिगड़ने और करीब एक सप्ताह बाद अस्पताल में उसकी मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पत्नी सुफिया ने गांव में क्लीनिक चलाने वाले डॉ. आशु शर्मा उर्फ लाला पर इलाज में लापरवाही बरतने और गलत तरीके से इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने चिकित्सक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सलेमपुर अचाका निवासी मो. इबरार की पत्नी सुफिया के अनुसार, 17 सितंबर की सुबह करीब छह बजे उनके पति को कमर में हल्का दर्द था। वह उन्हें डॉ. आशु शर्मा के क्लीनिक पर लेकर गई थीं। सुफिया का आरोप है कि चिकित्सक ने उनके पति को खड़े-खड़े दो इंजेक्शन लगाए और दवाएं दीं। इसके करीब एक घंटे बाद ही इबरार की हालत अचानक बिगड़ने लगी। हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें निजी वाहन से लखनऊ के टेंडर पाम अस्पताल ले गए।

सुफिया का कहना है कि अस्पताल में इबरार का करीब एक सप्ताह तक उपचार चला, लेकिन 24 सितंबर की रात करीब दस बजे इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने सीधे तौर पर आरोप लगाया है कि क्लीनिक पर लगाए गए इंजेक्शन और उपचार में बरती गई कथित लापरवाही के बाद ही उनके पति की हालत बिगड़ी, जिसके बाद उनकी जान चली गई। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपी चिकित्सक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

थानाध्यक्ष नगराम अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर आरोपी चिकित्सक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक रजनीश को सौंपी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही आरोपों की वास्तविकता और मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

**संदिग्ध परिस्थितियों में हुई किशोरी की मौत:** आशियाना थाना क्षेत्र के बंगला बाजार स्थित मांझी टोला में बुधवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की मौत हो गई। मोहल्ले वालो ने किशोरी की मौत पर संदेह जता मामले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने किशोरी के शव को कब्जे में लेकर गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## रेल कर्मी ने फांसी लगा गंवाई जान

लखनऊ। आलमबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत मवैया स्थित रेलवे लोको कॉलोनी में अपने परिवार संग रहने वाले रेलवे टेक्नीशियन ने गुरुवार सुबह कमरे में लगे पंखे से दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर अपनी जान गवाँ दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी है। मूलरूप से कानपुर के गोविंद नगर निवासी व ऐशबाग जंक्शन में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत 45 वर्षीय सूरज पांडे आलमबाग थाना क्षेत्र के मवैया स्थित लोको कॉलोनी में पत्नी निधि पांडे व बेटी के साथ रहते थे, जबकि बेटा कानपुर में रहकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। मृतक सूरज के भाई विमलेश ने बताया कि बुधवार रात ड्यूटी से लौटने के बाद सूरज कमरे में सोने चले गए। गुरुवार सुबह पत्नी ने कमरे का दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो अंदर से बंद था। दरवाजा खटखटाने व कई बार आवाज देने के बाद भी कोई जवाब न मिलता देख पत्नी ने मदद के लिए पड़ोसियों को बुलाया। पड़ोसी दरवाजा तोड़ कमरे के अंदर घुसे तो सूरज पंखे में दुपट्टे के सहारे फंदे से लटके मिले। पत्नी की चीख सुन एकत्र हुए लोगों ने मामले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने जांच के उपरांत शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक आलमबाग ब्रजेश त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

## अपार्टमेंट में फ्लैट पर कब्जे को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद, जड़ा ताला

लखनऊ। कृष्णानगर थाना क्षेत्र के भोलाखेड़ा चौकी अंतर्गत बाराबिरवा स्थित एपी अपार्टमेंट में फ्लैट पर कब्जे को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि एक पक्ष की महिला ने किराएदार को फ्लैट से बाहर निकालकर मुख्य द्वार पर अपना ताला जड़ दिया था, जबकि दूसरे पीड़ित पक्ष ने खुद का मालिकाना हक दिखाते हुए स्थानीय थाने में लिखित तहरीर दी। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कृष्णानगर थाना क्षेत्र के भोलाखेड़ा चौकी अंतर्गत बाराबिरवा स्थित एपी अपार्टमेंट की पहली मंजिल के फ्लैट संख्या 102 में रहने वाले 52 वर्षीय हरीश कुमार मलानी पुत्र स्व० गोकुलमल मलानी ने बताया कि अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल पर स्थित फ्लैट नंबर 301 उनका है। फ्लैट संख्या 301 में दीपा सिंह पत्नी महेंद्र प्रताप सिंह वैध किरायेदारी अनुबंध के तहत पिछले पांच वर्षों से किराए पर रह रही हैं। हरीश कुमार का आरोप है कि बीते 19 सितंबर को समय लगभग 2:30 बजे रेखा मलानी पत्नी रमेश मलानी और बानी फ्लैट नंबर 301 पर आईं और किराएदार दीपा सिंह संग गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए दीपा को फ्लैट से बाहर निकाल कर मुख्य द्वार पर अपना ताला लगाकर दरवाजे पर अपने नाम और मोबाइल नंबर को हांथ से लिखा पर्चा चिपका दिया कि यह फ्लैट मेरा है। किराएदार की चीख पुकार सुनकर मौके पर एकत्र हुए पड़ोसियों ने मामले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम और फ्लैट स्वामी हरीश कुमार को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस थाने में लिखित तहरीर देने की बात कहकर लौट गई। फ्लैट स्वामी हरीश कुमार ने स्थानीय कृष्णानगर थाने पहुंच कर मामले की लिखित तहरीर दी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। चौकी इंचार्ज भोलाखेड़ा सच्चिदानंद पांडेय ने बताया कि दो भाइयों के बीच का आपसी विवाद है। एक भाई बीते कई वर्षों से फ्लैट का किराया ले रहा था। दूसरे भाई की पत्नी रेखा ने फ्लैट में जबरन ताला लगा दिया था। मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है।

## हरिप्रसाद के घर जन्मी बच्ची

मोहनलालगंज। सिसेंडी क्षेत्र के जबरेला गांव में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान सई नदी में डूबने से हरिप्रसाद की मौत हो गई थी। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल था। गुरुवार को जब परिजन उनका अंतिम संस्कार कर रहे थे। उसी दौरान अस्पताल से एक खबर आई जिसने परिवार की परिस्थितियों को और मार्मिक कर दिया। मृतक हरिप्रसाद की पत्नी श्यामवती ने एक पुत्री को जन्म दिया संयोग ऐसा रहा कि जिस समय परिवार अंतिम विदाई की रस्में निभा रहा था उसी समय नवजात ने जन्म लिया जन्म से एक दिन पहले ही बच्ची के सिर से पिता का साया उठ गया। परिवार के लिए यह पल एक साथ दुख और नई जिम्मेदारी लेकर आया जिस घर में नवजात के आगमन का इंतजार था वहां शोक का माहौल बना हुआ परिजन बेटी के जन्म को ईश्वर का आशीर्वाद मानते हुए हरिप्रसाद के असमय निधन के दुख से उबरने का प्रयास कर रहे। ग्रामीणों ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया इस घटना की चर्चा पूरे क्षेत्र में और लोग इसे नियति का ऐसा संयोग मान रहे जिसमें एक ओर नई जिंदगी का आगमन हुआ तो दूसरी ओर परिवार ने अपना मुखिया खो दिया।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार होटल कर्मचारी की हुई मौत

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र अंतर्गत पॉवर हाउस चौराहे के निकट लगभग तीन सप्ताह पूर्व तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार होटल कर्मचारी को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे हादसे में घायल बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई और आरोपी ट्रक चालक घायल को तड़पता छोड़ ट्रक लेकर फरार हो गया। घटना के तीन सप्ताह बाद मृतक के चचेरे भाई की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक के विरुद्ध बुधवार रात मुकदमा दर्ज कर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी है। मूलरूप से राजस्थान के जनपद डींग खेड़ा बादण स्थित ग्राम ऊमरा निवासी मोहन सिंह पुत्र रनवीर सिंह ने बताया कि उनके ताऊ का बेटा रामबली पुत्र राधाचरण कानपुर रोड स्थित एलडीए कॉलोनी सेक्टर-डी 1 में रहता था और होटल वेन्यूसिम में काम करता था। बीते 3 सितंबर को तड़के लगभग 3 बजे वह अपनी बाइक पर सवार होकर आशियाना की तरफ जा रहा था। इसी दौरान पॉवर हाउस चौराहे के निकट तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए रामबली की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही रामबली सड़क पर गिरकर तड़पने लगा, जबकि ट्रक चालक उसे मौके पर तड़पता छोड़कर ट्रक समेत फरार हो गया। गंभीर चोटों की वजह से रामबली की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची आशियाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## प्राचार्य पद की हुई लिखित परीक्षा

लखनऊ। प्राचार्य (अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालय) पद के लिए लिखित परीक्षा गुरुवार को राजधानी के दो परीक्षा केंद्रों पर प्रथम पाली में सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक सम्पन्न हुई। परीक्षा का आयोजन पारदर्शी, नकलविहीन, शुचितापूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में किया गया। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशान्त कुमार ने बताया कि परीक्षा के दौरान आयोग में स्थापित एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमाण्ड रूम से परीक्षा केन्द्रों की सघन निगरानी की गई। परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित एआई कैमरों के माध्यम से परीक्षा दे रहे अभ्यर्थियों की गतिविधियों की भी सतत निगरानी की गई। उन्होंने बताया कि लखनऊ के दोनों निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा निर्विघ्न, नकलविहीन, शुचितापूर्ण एवं ससमय सम्पन्न हुई। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई तथा पूरी परीक्षा प्रक्रिया सुव्यवस्थित ढंग से संचालित की गई। उन्होंने बताया कि उक्त परीक्षा के लिए लखनऊ में कुल 813 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 722 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया, जो कुल पंजीकृत परीक्षार्थियों का 88.81 प्रतिशत है। परीक्षा में महिला परीक्षार्थियों की उपस्थिति 90.36 प्रतिशत तथा पुरुष परीक्षार्थियों की उपस्थिति 88.36 प्रतिशत रही।

## मैनेजमेंट फेस्ट के पहले दिन लुम्बा में दिखा छात्रों का हुनर और बिजनेस सोच

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग (लुम्बा) की विभागाध्यक्ष प्रो. रितु नारंग के मार्गदर्शन में 24 से 26 सितंबर 2026 तक तीन दिवसीय फेस्ट की शुरूआत हुई। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों की किताबी पढ़ाई को असल बिजनेस की समझ से जोड़ना है। सुबह 'बिजनेस क्विज' कराया गया, जिसका नारा था, सोचें, रणनीति बनाएं, जवाब दें और जीतें। दोपहर को 'सिंक ऑर स्विम' का पहला राउंड हुआ। यह 'शार्क टैंक' जैसा एक इवेंट था, जिसमें छात्रों को नए बिजनेस आइडिया पेश करने का मौका मिला।

## रंजिश के चलते पड़ोसियों पर धारदार हथियार से हमला

**लखनऊ।** चिनहट में रंजिश के चलते एक परिवार पर पड़ोसियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। विवाद सफारी कार जलाने को लेकर शुरू हुआ। विरोध करने पर आरोपियों ने परिवार के साथ मारपीट की। हमले में महिला के गाल का मांस कट गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरदासी खेड़ा निवासी उदय प्रताप मिश्रा ने पुलिस को बताया कि 23 सितंबर की सुबह उनकी सफारी कार को आग लगाकर जला दिया गया। कुछ देर बाद राजेश तिवारी, उसका बेटा सचिन तिवारी और पत्नी संगीता तिवारी घर पहुंचे। आरोप है कि तीनों ने उदय प्रताप और उनकी पत्नी हेमलता मिश्रा पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में हेमलता के गाल का मांस कट गया और होंठ पर भी गंभीर चोट आई। हालत गंभीर होने पर उन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। उनकी बेटी आस्था को भी चोट लगी है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। उदय प्रताप ने आरोप लगाया कि हमले के दौरान राजेश तिवारी और सचिन तिवारी ने महिलाओं के कपड़े फाड़ दिए और अभद्रता की। उन्होंने बताया कि आरोपियों से उनका पहले से विवाद चल रहा है और पूर्व में भी परिवार पर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया जा चुका है। वहीं चिनहट निवासी सोनू तिवारी ने बताया कि 23 सितंबर की सुबह करीब 6 से 7 बजे के बीच हेमलता मिश्रा, उदय प्रताप मिश्रा, आस्था मिश्रा, मिष्ठी मिश्रा और अभी मिश्रा उनके घर पहुंचे। आरोप है कि इन लोगों ने सोनू, उसकी मां संगीता और पिता राजेश तिवारी के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। सोनू के मुताबिक, उसके पिता न्यूरो के मरीज हैं। आरोपियों ने उनकी आंखों में मिर्च स्प्रे भी डाल दिया।

# युवती के घायल होने का मामला अब हादसे से हत्या के प्रयास तक पहुंचा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में 31 अगस्त की रात युवती के घायल होने का मामला अब हादसे से हत्या के प्रयास तक पहुंच गया है। युवती का 31 अगस्त से मेदांता अस्पताल में कोमा में है, उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

शाहजहांपुर के रोशनगंज काली मंदिर निवासी अतुल कुमार की बेटी मालिस्का सोनवानी लखनऊ में होटल मैनेजमेंट की इंटर्नशिप करने आई थी। 31 अगस्त की रात करीब 11 बजे वह अपने लिव-इन पार्टनर प्रियांशु गुप्ता निवासी मजनू रानी स्कूल शाहजहांपुर के साथ स्कूटी पर थी। उसी दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पिता का आरोप है कि हादसा रात 11 बजे हुआ लेकिन प्रियांशु ने परिवार को 5 घंटे बाद सुबह 4 बजे सूचना दी। सूचना बेटी के फोन से शाहजहांपुर में उसकी मां रत्ना को दी गई। परिवार के लखनऊ पहुंचने पर प्रियांशु उन्हें अलग-अलग अस्पतालों का नाम बताकर गुमराह करता रहा। पिता के मुताबिक उसने टेंडर पाम और अन्य निजी अस्पतालों में ले जाने की बात कही, लेकिन वहां कोई एंट्री नहीं मिली। अतुल कुमार ने 1 सितंबर को सुशांत गोल्फ सिटी थाने में तहरीर दी थी कि 31 अगस्त रात 11.30 बजे बेटी की दोपहिया गाड़ी में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इलाज में व्यस्त होने के कारण उन्होंने 4 सितंबर को औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

**मोबाइल से मिला वीडियो तो बदला मामला:** परिजनों के मुताबिक अस्पताल में प्रियांशु ने मालिस्का का मोबाइल अपने पास रख लिया था। मांगने पर आनाकानी करने लगा और कहा कि उसके फोन में बैलेंस नहीं है इसलिए इसी फोन का इस्तेमाल कर रहा हूं। शक होने पर परिजनों ने मोबाइल ले लिया। मोबाइल खंगालने पर एक वीडियो मिला, जिसमें मालिस्का हाथ जोड़कर रोते हुए प्रियांशु से उसे जाने देने की गुहार लगा रही है और प्रियांशु उसका वीडियो बना रहा है। पिता का आरोप है कि वीडियो की टाइमिंग और हादसे की टाइमिंग में 2 से 3 घंटे का अंतर है। पूछने पर प्रियांशु ने पहले कहा ऐसे ही बनाया था, फिर बोला कि मालिस्का ने ड्रिंक की थी और बाहर जाने की जिद कर रही थी। पिता का आरोप है कि इस दौरान प्रियांशु मोबाइल से कॉल और चैट भी डिलीट कर रहा था।

**फर्जी आधार कार्ड बनवाने का आरोप:** मामले में सबसे गंभीर आरोप फर्जी दस्तावेज का है। पिता अतुल का कहना है कि प्रियांशु के पास से मालिस्का का आधार कार्ड मिला, जिसमें उसका सरनेम सोनवानी की जगह गुप्ता कर दिया गया है और पिता के नाम की जगह प्रियांशु के पिता श्रीनिवास गुप्ता का नाम लिखवा दिया गया है। साथ ही पता भी बदल दिया गया है। पिता का कहना है कि यह सब साजिश के तहत किया गया है।

**प्रियांशु का क्या कहना है:** प्रियांशु ने पुलिस को बताया कि 31 अगस्त को मालिस्का का जन्मदिन था, घर में ही शराब पार्टी हुई थी। मालिस्का ने काफी शराब पी ली थी और नशे में बाहर जाने की जिद कर रही थी। इसी बीच वह बाथरूम में कपड़े धोने लगी और जब वह टॉयलेट से बाहर आया तो मालिस्का घर से निकल चुकी थी। वह स्कूटी लेकर उसे ढूंढने निकला और प्लासियो मॉल की तरफ ले गया, जहां वह अचानक स्कूटी से गिर गई। इसके बाद वह राहगीरों की मदद से उसे पहले निजी अस्पताल, फिर रैपिडो से कैरियर मेडिकल कॉलेज और वहां से मेदांता ले गया।

सहायक पुलिस आयुक्त गोसाईगंज ऋषभ यादव ने बताया कि पिता की तहरीर पर दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। यदि परिजन कोई और आरोप लगा रहे हैं तो उसकी जांच कराई जाएगी।

## दुबग्गा में इलाज के दौरान नवविवाहिता की मौत

लखनऊ। दुबग्गा में कसमण्डी रोड़ स्थित निजी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान गुरुवार को नवविवाहिता की मौत हो गयी। परिजनों ने हंगामा करने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराने से मना करते हुए शव को लेकर पैतृक गांव चले गए। हरदोई के अतरौली के ग्राम पवायां निवासी तुलसीराम के अनुसार दो वर्ष पहले प्रीति (22) से विवाह हुआ था। कुछ दिनों से प्रीति बुखार से पीड़ित चल रही थी। बुधवार को तबियत ज्यादा बिगड़ जाने के कारण अतरौली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने दुबग्गा के कसमण्डी रोड़ स्थित निजी हॉस्पिटल भेज दिया।

## फर्जी कॉल सेन्टर मामले में फरार दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ।** अलीगंज थाना क्षेत्र में अमेरिकी नागरिकों से साइबर ठगी व फर्जी कॉल सेंटर के मामले में अलीगंज पुलिस और साइबर क्राइम सेल की संयुक्त टीम ने फरार चल रहे दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों कॉल सेंटर में क्लोजर टीम और मैनेजमेंट संभालते थे। इसके साथ ही मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या 18 हो गई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 8 लैपटॉप, 5 मोबाइल फोन, एक पेन ड्राइव, 39 हजार रुपए नकद और महिंद्रा वश 700 कार बरामद की है। विदित हो कि पुलिस ने 18 सितंबर को अलीगंज के नावेल्टी सिनेमा के पास रिध्या प्लाजा में चल रहे फर्जी कॉल सेंटर पर छापा मारा था। उस दौरान 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। मामले में अलीगंज थाने में इठर की विभिन्न धाराओं और आईटी एक्ट की धारा 66उ/66ऊके तहत केस दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी सर्विलांस के जरिए फरार आरोपियों की तलाश शुरू की। इसी दौरान देवेंद्र सिंह तोमर (41) और हिमांशु धर्मपाल चौहान (29) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि दोनों आरोपी शिवा उर्फ प्रियांशु कुशवाहा के साथ मिलकर कॉल सेंटर चला रहे थे। पुलिस की छापेमारी से पहले दोनों फरार हो गए थे। दोनों का काम कॉल सेंटर में क्लोजर टीम और मैनेजमेंट संभालना था। वे नए युवक-युवतियों को ठगी करने की ट्रेनिंग भी देते थे। पुलिस के मुताबिक, गिरोह अमेरिका में रहने वाले लोगों को निशाना बनाता था।

# उधारी के दो लाख रुपये मांगने पर बहनोई ने साले को मारी गोली

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पारा थाना क्षेत्र के मोतीझील कॉलोनी (सरोसा-भरोसा) में उधारी के दो लाख रुपये मांगने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति ने अपने साले को लाइसेंसी पिस्टल से गोली मार दी। गोली लगने से घायल युवक को उपचार के लिए रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोतीझील कॉलोनी निवासी इमरान अली के मुताबिक, 23 सितंबर को उनके बहनोई निसार अली, निवासी मडल सिटी, बी होप हॉस्पिटल के सामने फोन कर उन्हें मिलने के लिए बुलाया था। आरोप है कि दोनों ने साथ में शराब पी। इसके बाद इमरान ने वर्ष 2024 में दिए गए अपने दो लाख रुपये वापस मांगे।

इमरान का आरोप है कि रुपये मांगने पर निसार अली ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर निसार ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से कथित तौर पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। गोली इमरान के दाहिने पैर में लगी और वह घायल होकर मौके पर गिर पड़े। गोली चलने की आवाज और शोर सुनकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल इमरान को उपचार के लिए रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

पीड़ित की पत्नी के पुलिस को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है वही इस संबंध में पारा थाना प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया की मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस घटना से जुड़े तथ्यों और आरोपों की जांच कर रही है।

## सूचना

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट संख्या N3851904 में पिता का नाम BHASKAR PRASAD SHUKLA अंकित है, जबकि अन्य अभिलेखों में BHASKER PRASAD SHUKLA दर्ज है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में सभी अभिलेखों में सही नाम BHASKER PRASAD SHUKLA माना जाए। **विवेक, पुत्र स्व. भास्कर प्रसाद शुक्ला, निवासी सिविल लाइन, उन्नाव।**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री आयुषी जोशी का जन्म दिनांक 08/01/2017 को निजी आवास घर में ही हुआ है। जानकारी के अभाव में मैं अपनी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत नहीं करवा सका। इसके पहले मैंने कहीं से भी जन्म प्रमाण पत्र के लिए कोई आवेदन नहीं किया है। मेरी पुत्री आयुषी जोशी का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना जनहित में आवश्यक है। किसी को आपत्ति हो तो दर्ज करवा सकता है। राजू जोशी पुत्र घनश्याम निवासी जोशियाना शहर एवं जिला फतेहपुर

# फ्लैट का कब्जा मिलने के बाद भी देरी का ब्याज मांग सकता है खरीदार : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि बिल्डर द्वारा फ्लैट का कब्जा दे दिए जाने के बाद भी खरीदार को कब्जा देने में हुई देरी के लिए ब्याज मांगने का वैधानिक अधिकार समाप्त नहीं होता। कोर्ट ने कहा कि रेरा के तहत देरी के ब्याज का दावा करने के लिए कोई निश्चित समय सीमा निर्धारित नहीं है।

खरीदार द्वारा परियोजना में बने रहने की स्थिति में भी वह कब्जा मिलने तक प्रत्येक माह की देरी के लिए ब्याज का हकदार है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार ने यह आदेश नोएडा स्थित अंतरिक्ष गोल्फ व्यू परियोजना से जुड़े रेरा अपील मामले में अंतरिक्ष डेवलपर्स एंड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड की अपील खारिज करते हुए दिया।

मामले में खरीदार ष्याम सुंदर अग्रवाल ने वर्ष 2010 में सेक्टर-78, नोएडा स्थित परियोजना में फ्लैट बुक कराया था। समझौते के अनुसार नवंबर 2012 तक कब्जा दिया जाना था। हालांकि बिल्डर ने मई 2017 में कब्जे की पेशकश की, वह भी बिना अधिभोग प्रमाणपत्र और अन्य जरूरी दस्तावेजों के। रेरा अपीलीय न्यायाधिकरण ने खरीदार को दिसंबर 2012 से मई 2017 तक जमा राशि पर एमसीएलआर से एक प्रतिशत अधिक की दर से विलंब ब्याज देने का निर्देश दिया था। बिल्डर ने हाईकोर्ट में दलील दी कि परियोजना में देरी राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेश के कारण हुई। उसका कहना था कि ओखला पक्षी विहार के आसपास 10 किलोमीटर क्षेत्र में निर्माण और अधिभोग प्रमाणपत्र जारी करने पर रोक थी। हाईकोर्ट ने इस दलील को स्वीकार नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि बिल्डर के अपने ही पक्ष के अनुसार परियोजना वर्ष 2014 में पूरी हो गई थी और उसी वर्ष अधिभोग प्रमाणपत्र के लिए आवेदन भी किया गया था। ऐसे में वह एक ओर परियोजना पूरी होने की बात और दूसरी ओर एनजीटी की रोक के कारण परियोजना पूरी न होने की दलील एक साथ नहीं दे सकता। कोर्ट ने यह भी कहा कि एनजीटी की रोक अगस्त 2013 में लगी, जबकि कब्जा देने की संविदात्मक समय सीमा नवंबर 2012 थी। यानी बिल्डर की चूक रोक लगने से पहले ही हो चुकी थी। पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा मान्य जीरो पीरियड का लाभ भी उस अवधि तक ही सीमित रहेगा और इससे पहले हुई देरी समाप्त नहीं हो सकती।

## बीमा कंपनी की अपील में हाईकोर्ट ने बढ़ाया मुआवजा, 7.20 लाख से 11.43 लाख किया

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मोटर दुर्घटना मुआवजे के मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि जब बीमा कंपनी मुआवजे की राशि को चुनौती देकर अपील करती है तो पीड़ितों द्वारा अलग से अपील या क्रॉस आपत्ति दाखिल नहीं किए जाने के बावजूद अपीलीय अदालत न्यायोचित मुआवजा सुनिश्चित करने के लिए राशि बढ़ा सकती है। कोर्ट ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम लाभकारी कानून है और अदालत का दायित्व है कि पीड़ितों और उनके आश्रितों को कानून के अनुसार उचित व न्यायसंगत मुआवजा मिले। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार ने नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की अपील खारिज करते हुए फैजाबाद मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के 9 जनवरी 2024 के आदेश को संशोधित करते हुए यह फैसला सुनाया है। अधिकरण ने मृतक सभाजीत ताड़माली के परिवार को 7.20 लाख रुपये मुआवजा दिया था। हाईकोर्ट ने इसे बढ़ाकर 11,43,565 रुपये कर दिया। इस राशि पर सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी जारी रहेगा। मामला 16 नवंबर 2017 की रात का है। अंबेडकरनगर के बरियावन चौराहे के पास स्कार्पियो की टक्कर से सभाजीत ताड़माली गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने 49.70 लाख रुपये मुआवजे का दावा किया था। बीमा कंपनी ने अपील में तर्क दिया कि दुर्घटना के समय वाहन चोरी हो चुका था और उसके मालिक या चालक के कब्जे में नहीं था। इसलिए बीमा कंपनी मुआवजा देने के लिए उत्तरदायी नहीं है। हाईकोर्ट ने कहा कि वाहन चोरी होने के संबंध में न तो मालिक की ओर से कोई प्राथमिकी दर्ज कराई गई और न ही चोरी साबित करने वाला कोई ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किया गया। इसलिए बीमा कंपनी की यह दलील स्वीकार नहीं की जा सकती। चालक के नाम में मोहम्मद शब्द को लेकर उठाई गई आपत्ति को भी कोर्ट ने मामूली विसंगति माना। मृतक की उम्र के संबंध में कोर्ट ने कहा कि आधार कार्ड में दर्ज जन्मतिथि उम्र का निर्णायक प्रमाण नहीं है। परिवार रजिस्टर में जन्म वर्ष 1967 दर्ज था।



गणेश उत्सव में नृत्य नाटिका प्रस्तुत करते कलाकार



नृत्य नाटिका का मनोहक दृश्य



बप्पा की मूर्ति का विसर्जन करते भक्तगण

फोटो-अमित वर्मा

# गणेश उत्सव : भगवान गजानन को चढ़ा 108 किलो का महामोदक





- मंत्रों के साथ हुआ गजानन का महाअभिषेक
- आज निकलेगी मनौतियों के राजा की विसर्जन शोभा यात्रा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से झूलेलाल वाटिका में चल रहे गणेशोत्सव मे गुरुवार को दिन में भगवान गणेश का वैदिक मंत्रों के साथ महाअभिषेक किया गया। दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, गंगाजल, पांच फलो के जूस से 1008 नामों के साथ महाभिषेक हुआ।

इस अभिषेक में कमेटी के सभी पदाधिकारी, सदस्य, कार्यकर्ता अपने पूरे परिवार के साथ अभिषेक में शामिल हुये। इसके अलावा अभिषेक करने के लिए आम जनता को भी मौका दिया गया। सैकड़ों लोगां ने भगवान गणेश के दर्शन और अभिषेक किया। शाम को भगवान को समर्पित महामोदक मुख्य आकर्षण बना रहा। इसमें 108 किलो का महामोदक कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, पार्षद रंजीत सिंह, जय करन सिंह, अखिलेश बंसल, संजय सिंह गांधी, गोपाल अग्रवाल, सुधांशु बाथम तथा महिलाओं में संध्या बंसल, उषा अग्रवाल, रुक्मणी अग्रवाल, अंशु बंसल, विमी बंसल, नेहा बंसल, नीरजा सिंह, अंजू गुप्ता, अनुराधा गोयल, कविता अग्रवाल परिवार के साथ मनौतियों के राजा को महामोदक भेंट किया। उस दौरान कोलकाता से आये संजय शर्मा ने एक सुन्दर सा भजन 108 किलो का लड्डू तेरे लिए ले आये, बप्पा क्यो न भोग लगाये सुनाया तो पूरा माहौल भक्ति से सराबोर हो गया। बाद में संजय शर्मा के निर्देशन मे राधा कृष्ण महारास नृत्य नाटिका प्रस्तुत कि गई। इसके बाद शिव बारात नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। बाद में गायक संजय शर्मा ने भजन सुनाये। गणपति तेरा नाम है सहारा हमारा, उसके बाद पहले तुझे मनाऊं भक्ति तेरी पाऊं, बाद में दुनियादारी छोड़ के आया तेरे द्वार पे, तो लोग झूमने लगे।

**आज निकलेगी मनौतियों के राजा की शोभा यात्रा:** श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से चल रहे गणेशोत्सव का समापन कल शुक्रवार को विसर्जन शोभा यात्रा के साथ होगा। कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि शोभा यात्रा दोपहर 3 बजे कार्यक्रम स्थल झूलेलाल वाटिका से प्रारम्भ होकर विश्वविद्यालय मार्ग, आईटी चौराहा, रामकृष्ण मठ, शंकरनगर चैराहा, नजीरगंज, डालीगंज होते हुये झूलेलाल घाट पर शाम को प्रतिमा का भू विसर्जन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि शोभा यात्रा में दर्जनों झांकियां, बग्घी, रथ, घोड़ा, बैण्ड शामिल होंगे। यात्रा के सबसे पीछे भगवान सिद्धविनायक के रुप में विराजमान भगवान गणेश का फूलों से सजा सुन्दर रथ चलेगा। भारत भूषण ने बताया कि 10 दिन चले उत्सव में बप्पा के भक्तों ने लगभग दो लाख गजानन के नाम चिटठी लिखी सभी चिटिठयों को बप्पा की मूर्ति के साथ भूविसर्जन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज को बप्पा को चढ़ाया गया 108 किलो का महामोदक शोभा यात्रा में भक्तों को बांटा जाएगा।

**धूमधाम से निकली गजानन की शोभा यात्रा:** ऑस्कर योग साईं कृपा सेवा संस्थान के तहत आयोजित श्री श्री गणेश महोत्सव में बृहस्पतिवार को ढोल नगाड़े, डीजे के साथ शिवाजी मार्ग के राजा गणपति महाराज का विसर्जन धूमधाम से कर दिया गया। विसर्जन स्थल झूलेलाल पार्क तक सभी भक्तगण अबीर गुलाल एक दूसरे



को लगाते हुए डीजे की धुनों पर नाचते गाते गए। श्री श्री गणेश महोत्सव में बृहस्पतिवार को सुबह विसर्जन से पहले गणपति महाराज का श्रृंगार आरती के बाद सत्यनारायण की कथा भक्तगणों ने सुनी और प्रसाद ग्रहण किया। महोत्सव आयोजक गणेश शंकर पवार ने बताया कि महोत्सव में पूजा स्थल पर पीतल की गणेश की जी की छोटी सी प्रतिमा रखी गया थी, आज इस पीतल की प्रतिमा का सांकेतिक विसर्जन के बाद गणेश प्रतिमा को मंदिर में स्थापित कर दिया गया।


## गाजे-बाजे के साथ बप्पा को किया विदा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में गुरुवार को भी बप्पा की मूर्तियों का गाजे-बाजे के साथ विधि-विधान से विसर्जन किया गया। हीवेट रोड स्थित श्री श्री गणेश उत्सव राजा का विसर्जन बैंड बाजा डीजे की धुन के साथ झूलेलाल घाट पर किया गया। दोपहर में शिवाजी मार्ग के राजा के भक्ति गुलाल उड़ाते डीजे की धुन पर थिरकते निकले। इससे पहले सुबह की आरती वक्त काफी संख्या में भक्तगण गणपति बप्पा का श्रृंगार व पूजा अर्चना सुमन व सुषमा ने किया। इसके बाद सत्यनारायण की कथा का आयोजन किया गया। कथा उत्सव आयोजक गणेश शंकर पवार व उनकी पत्नी श्वेता पवार ने भक्तों के साथ सुनी। कथा समाप्ति पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चलचढ कर भाग लिया। इस अवसर पर भक्तों को तुलसी का पौधा व हनुमान चालीसा का वितरण भी किया गया। गणेश शंकर पवार ने बताया शिवाजी मार्ग के राजा गणपति महाराज के विसर्जन के साथ ही झूलेलाल घाट पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पंचवटी आरोपित की जाएगी। शिवाजी मार्ग का राजा की विसर्जन यात्रा हीवेट रोड से शुरू होकर लाटूस रोड से होते हुए झूलेलाल घाट जाकर समाप्त हुई। यात्रा में डीजे के धुन पर महिला और पुरुष भक्त थिरकते हुए चल रहे थे। गणेश प्रतिमा विसर्जन से पूर्व पंडितजी ने विघ्न विनाशक गणेश की विधि विधान से पूजन एवं हवन कर समिति के वरिष्ठ सदस्यों ने फल, पंचमृत, हलुवा प्रसाद रूप में वितरित किया।



## अनंत चतुर्दशी आज, विधि-विधान से होगा मूर्ति विसर्जन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** अनंत चतुर्दशी इस बार 25 सितंबर, शुक्रवार को मनाई जाएगी। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की पूजा की जाती है। इस दिन अनंत सूत्र बांधने की परंपरा है। वहीं, गणेश उत्सव का समापन भी अनंत चतुर्दशी पर होता है। ऐसे में भगवान विष्णु की पूजा के साथ गणपति विसर्जन को लेकर भी तैयारियां की जाती हैं।

अनंत चतुर्दशी पर श्रद्धालु सुबह स्नान करने के बाद पूजा की तैयारी करते हैं। घर के पूजा स्थान की सफाई की जाती है। भगवान विष्णु की तस्वीर या प्रतिमा के सामने दीप जलाकर पूजा शुरू होती है। फल, फूल, मिठाई और अन्य पूजन सामग्री अर्पित की जाती है। इसके बाद अनंत सूत्र की पूजा करके उसे हाथ में बांधा जाता है। अनंत चतुर्दशी की पूजा में अनंत सूत्र का विशेष महत्व माना जाता है। इस सूत्र में आमतौर पर चौदह गांठें लगाई जाती हैं। धार्मिक मान्यताओं में इन गांठों को चौदह लोकों और भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप से जोड़कर देखा जाता है। पूजा के बाद पुरुष दाहिने हाथ और महिलाएं बाएं हाथ में अनंत सूत्र बांधती हैं। हालांकि, अलग-अलग क्षेत्रों में इसे लेकर परंपराएं अलग हो सकती हैं। अनंत सूत्र बांधते समय भगवान विष्णु का ध्यान किया जाता है। श्रद्धालु परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हैं। कई घरों में परिवार के बड़े-बुजुर्ग या पंडित के हाथों से सूत्र बंधवाने की परंपरा भी है। अनंत सूत्र को केवल धागे के रूप में नहीं, बल्कि भगवान के प्रति आस्था और संकल्प के प्रतीक के तौर पर देखा जाता है।

**अनंत चतुर्दशी पर कैसे करें पूजा:** इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ कपड़े पहनें। पूजा स्थल को साफ करने के बाद भगवान विष्णु की प्रतिमा या तस्वीर स्थापित करें। दीपक जलाएं और भगवान को फल, फूल व मिठाई अर्पित करें। अनंत सूत्र को पूजा में रखें और भगवान विष्णु का स्मरण करें। पूजा पूरी होने के बाद परंपरा के अनुसार अनंत सूत्र धारण किया जा सकता है।

**गणेश विसर्जन से भी जुड़ा है पर्व:** अनंत चतुर्दशी गणेश भक्तों के लिए भी महत्वपूर्ण दिन है। गणेश चतुर्थी से शुरू होने वाले दस दिवसीय गणेश उत्सव का समापन इसी दिन होता है। कई घरों और पंडालों में स्थापित गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन अनंत चतुर्दशी पर किया जाता है। भक्त शोभायात्रा निकालकर गणपति को विदाई देते हैं और अगले वर्ष फिर आने की प्रार्थना करते हैं। हालांकि, सभी प्रतिमाओं का विसर्जन इसी दिन हो, यह जरूरी नहीं है। कई परिवार डेढ़ दिन, तीन दिन, पांच दिन या सात दिन बाद भी गणपति विसर्जन करते हैं। इसकी तारीख स्थापना के समय और स्थानीय परंपरा के अनुसार तय होती है। इस बार 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर भगवान विष्णु की पूजा और अनंत सूत्र धारण करने के साथ कई जगहों पर गणपति विसर्जन भी होगा। दोनों परंपराओं के कारण धार्मिक दृष्टि से यह दिन खास माना जाता है।

## शिव शांति संत आसूदा राम आश्रम में हुआ श्रीमद भगवत गीता पर विशेष सत्संग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अपरिमेय श्याम प्रभु जी, मंदिर अध्यक्ष, इस्कॉन, लखनऊ को आज शिव शांति संत आसूदा आश्रम लखनऊ में श्रीमद् भगवत गीता पर विशेष सत्संग हेतु आमंत्रित किया गया। अपरिमेय श्याम प्रभुजी ने विशेष सत्संग में बताया कि सभी को श्रीमद् भगवत गीता पढ़नी चाहिए, क्योंकि गीता हमारे जीवन जीने की मैन्युअल गाइड है, श्रीमद् भागवत गीता पढ़ने के लिए यह आवश्यक है कि हम उसे गुरु के निर्देशन में पढ़ें जिससे हमें उसका वास्तविक लाभ प्राप्त हो सके। अपरिमेय श्याम प्रभु जी ने यह भी बताया कि हमारे जीवन में संतों का संग अत्यंत मूल्यवान है इसलिए हमें अपने कर्तव्यों के निर्वहन के साथ-साथ संतों एवं भगवान की सेवा आवश्यक रूप से करनी चाहिए' हमें अपने जीवन में न तो अत्यधिक आसक्ति रखनी चाहिए और ना ही हमें अत्यंत विरक्त भाव में रहना चाहिए हमें सुख और दुख दोनों में समान भाव से रहना चाहिए' हमें भगवान गुरु साधु और शास्त्र से प्रेम करना चाहिए क्योंकि यही हमारे जीवन के वास्तविक उद्देश्य तक पहुंचा सकते हैं।

## उत्तम आकिंचन्य धर्म का संदेश मेरा कुछ भी नहीं है : विहसंत सागर जी महाराज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आशियाना स्थित श्री 1008 महावीर दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में दशलक्षण महापर्व के नौवें दिन गुरुवार को उत्तम आकिंचन्य धर्म की श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ आराधना की गई। इस अवसर पर जैन समाज के श्रद्धालुओं ने भगवान जिनेंद्र देव की विशेष पूजा-अर्चना कर धर्मलाभ लिया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान जिनेंद्र प्रभु के अभिषेक, शांतिधारा एवं नित्य नियम पूजन के साथ हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने दशलक्षण महापर्व के विधानपूर्वक पूजा-अर्चना करते हुए भगवान को अर्घ्य समर्पित किए। महिलाओं ने माता पद्मावती की गोद भराई एवं विशेष पूजन भी भक्तिभाव के साथ किया। इस अवसर पर पूज्य उपाध्याय विहसंत सागर जी महाराज ने उत्तम आकिंचन्य धर्म का महत्व बताते हुए कहा कि आकिंचन्य का अर्थ है—मेरा कुछ भी नहीं है। यह धर्म मनुष्य को ममत्व, अहंकार तथा धन-संपत्ति सहित सांसारिक वस्तुओं के प्रति आसक्ति से मुक्त होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को बाहरी वस्तुओं के संग्रह के बजाय आत्मा की शुद्धता और आध्यात्मिक उन्नति की ओर ध्यान देना चाहिए। दशलक्षण महापर्व के नौवें दिन लखनऊ के विभिन्न जैन मंदिरों में भी विशेष पूजा-अर्चना हुई। चौक स्थित दिगंबर जैन चंदाप्रभु मंदिर में श्रद्धालुओं ने अष्टद्रव्य से भगवान चंदाप्रभु की पूजा कर अर्घ्य समर्पित किए। इस दौरान राजेश जैन, संजीव जैन, बच्चू जैन, हर्षित, नवीन जैन, नितीश जैन, नृपेंद्र जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं संजय जैन, दीप्ति जैन सहित महिलाओं ने माता पद्मावती का विशेष श्रृंगार एवं पूजन किया। मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि दशलक्षण महापर्व के अंतिम दिन 25 सितंबर को उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की आराधना सभी जैन मंदिरों में प्रातः 7 बजे विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की जाएगी। इसके उपरांत 27 सितंबर को क्षमावाणी पर्व बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर जैन धर्मावलंबी वर्षभर में जाने-अनजाने हुई भूलों के लिए एक-दूसरे से क्षमा मांगते हुए मिच्छामि दुक्कड़म कहकर क्षमा भाव प्रकट करेंगे।

## भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय में पहली बार एनएसएस का शुभारंभ

- 114 स्वयंसेवकों ने लिया सेवा का संकल्प

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की पहली इकाई का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण से हुई। कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने नीम का पौधा रोपित कर अभियान का शुभारंभ किया। इसके बाद एनएसएस स्वयंसेवकों और विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने भी पौधारोपण किया। पौधारोपण के पश्चात परिसर में स्वच्छता अभियान और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वयंसेवकों ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया। जयशंकर प्रसाद सभागार में आयोजित अभिमुखीकरण कार्यक्रम में कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने स्वयंसेवकों को समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक श्री अंजनी कुमार दुबे ने योजना के उद्देश्यों एवं कार्यप्रणाली की जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आलोक यादव, डॉ. काजल ओझा एवं डॉ. शिवम मिश्रा सहित 114 एनएसएस स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। अंत में स्वयंसेवकों ने समाज एवं राष्ट्र की सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याणकारी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।

## लेटे हनुमान मंदिर के महंत डॉ. विवेक तांगड़ी ने ली वानप्रस्थ दीक्षा

**लखनऊ।** चौक, पक्का पुल स्थित प्राचीन श्री लेटे हुए हनुमान जी मंदिर के महंत व मुख्य सेवादार डॉ. विवेक तांगड़ी ने गुरुवार को वानप्रस्थ दीक्षा ली। मंदिर ट्रस्ट के महासचिव डॉ. पंकज सिंह भदौरिया ने बताया कि गुरुवार को गोरखपुर स्थित पवित्र गोरक्षपीठ में मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास जी महाराज ने उन्हें वानप्रस्थ की दीक्षा प्रदान की। इस अवसर पर डॉ. विवेक तांगड़ी ने मलूक पीठ की आध्यात्मिक परंपरा को स्वीकार करते हुए रामानंदी संप्रदाय की संत परंपरा में प्रवेश किया। अब वे धार्मिक व आध्यात्मिक क्षेत्र में स्वामी विष्णु दास जी महाराज के नाम से जाने जाएंगे। मंदिर ट्रस्ट के महासचिव ने बताया कि यह अवसर प्राचीन श्री लेटे हुए हनुमान जी मंदिर की आध्यात्मिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण अध्याय है। प्राचीन श्री लेटे हुए हनुमान जी मंदिर की सेवा, सनातन संस्कृति के संरक्षण, धार्मिक शिक्षा तथा समाजसेवा के कार्य निरंतर आगे बढ़ाए जाएंगे।

## ज्ञानदान पूर्वजों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है : उमानन्द शर्मा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ममता गर्ल्स पीजी कॉलेज, बाराबंकी, उप्र के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 473वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। डॉ. प्रभा गुप्ता ने अपने प्रिय जीवनसाथी स्व. शिव गोपाल गुप्ता की स्मृति में ज्ञानदान के रुप में उपरोक्त पुस्तकालय में यह सम्पूर्ण युगऋषि वाङ्मय साहित्य भेंट किया साथ-साथ छात्र-छात्राओं को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भेंट की गयी तथा प्रधानाचार्या डॉ. रश्मि सिन्हा को अमृतवाणी कैलेण्डर भेंट किया गया। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ह्ज्ञानदान पूर्वजों के लिए सच्ची श्रद्धान्जलि है। डॉ. प्रभा गुप्ता, देवेन्द्र सिंह एवं सावित्री शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रश्मि सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। वाङ्मय साहित्य स्थापना के इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि उमानंद शर्मा, सावित्री शर्मा, देवेन्द्र सिंह, डॉ. प्रभा गुप्ता तथा कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रश्मि सिन्हा, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. प्रदीप पाण्डेय, प्राध्यापक अर्चना सिंह, मोनी सिंह, सुधा सिंह, सुधा सिंह, शुभम वर्मा, मूलचंद एवं कु. ज्योति कश्यप सहित छात्र-छात्रायें इत्यादि मौजूद रहे।

संक्षेप

## तालाब में मिली नवजात बालिका की लाश

**जौनपुर।** तेजी बाजार थाना क्षेत्र के अयार गांव में स्थित एक तालाब में नवजात बालिका की लाश मिलने से क्षेत्र में चर्चा का बाजार गर्म है। बुधवार की देर शाम ग्रामीणों ने दो दिन की नवजात बालिका की लाश पानी पर तैरते हुए देखा।कुछ ही देर में ग्रामीणों की अच्छी खासी भीड़ एकत्रित हो गई। उक्त लाश की सूचना इलाका पुलिस को दी गई। कुछ ही देर में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और पानी पर तैरती लाश को बाहर निकलवा कर पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। अनुमान लगाया जाता दो दिन पूर्व बच्ची की मां ने इसे मारकर तलाब में फेंक दिया है। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सुरक्षा अधिनियम को लेकर वकीलों का धरना

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करने की मांग को लेकर गुरुवार को सिविल कोर्ट और कलेक्ट्रेट के अधिवक्ताओं ने एकदिवसीय शांतिपूर्ण उपवास एवं धरना प्रदर्शन किया। अधिवक्ता शिव कुमार मिश्र के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में अधिवक्ताओं की सुरक्षा और लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़े मुद्दे उठाए गए।धरना स्थल पर पहुंचे सिटी मजिस्ट्रेट जौनपुर ने अधिवक्ताओं से ज्ञापन प्राप्त किया और उसे राज्यपाल तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। अधिवक्ता शिव कुमार मिश्र ने कहा कि प्रदेश में अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए प्रस्तावित अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को विधानसभा से शीघ्र पारित कराया जाना चाहिए। उन्होंने कानून में अधिवक्ताओं को मजबूत कानूनी संरक्षण देने के साथ पीड़ित अधिवक्ताओं के लिए वित्तीय सहायता एवं क्षतिपूर्ति का प्रावधान किए जाने की मांग की।

## घायल मजदूर की उपचार के दौरान मौत

**आजमगढ़।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बालवरगंज तिराहा के पास चार दिन पूर्व दुर्घटना में घायल मजदूर की उपचार के दौरान गुरुवार को लखनऊ के एक अस्पताल में मौत हो गई। वाहन का इंतजार कर रहे मजदूर को बाइक सवार टक्कर मारकर फरार हो गया था। घायल मजदूर का लखनऊ में उपचार चल रहा था। मौत की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के हिस्सामुद्दीनपुर गांव निवासी 45 वर्षीय बसंत कन्नौजिया मजदूरी करते थे। 20 सितंबर को काम करने के लिए कप्तानगंज बाजार गए थे।

## डीजल की कालाबाजारी पर शिकंजा

**मीरजापुर।** लहुरियादह में डीजल के अवैध भंडारण और मध्य प्रदेश में बिक्री किए जाने के आरोप में आपूर्ति विभाग ने दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। जांच के बाद आपूर्ति निरीक्षक ने दोनों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया। जिले के अधिकारियों के निर्देश पर लालगंज तहसील के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी अरुण कुमार पांडे और आपूर्ति निरीक्षक राज सिंह ने गुरुवार को लहुरियादह में जांच की। जांच के दौरान अलग-अलग स्थानों पर डीजल का भंडारण किए जाने की बात सामने आई। विभाग के अनुसार विनोद कुमार और नारायण जायसवाल अलग-अलग स्थानों पर डीजल रखकर उसे मध्य प्रदेश ले जाकर बेचते थे। जांच के बाद आपूर्ति निरीक्षक राज सिंह यादव ने संबंधित थाने में तहरीर दी।

# एनसीएल ने 'पब्लिक प्रोक्योरमेंट' विषय पर आयोजित की कार्यशाला




**सोनभद्र।** कोल इंडिया लिमिटेड की सिंगरौली स्थित प्रमुख अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने वृहस्पतिवार को सतर्कता जागरूकता अभियान-2026 के तत्वाधान में 'पब्लिक प्रोक्योरमेंट' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

कार्यशाला में मुदित आनंद, (आईआरएसएई), वरिष्ठ प्रोफेसर, इंडियन रेलवे इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट एवं पूर्व तकनीकी परीक्षक, केंद्रीय सतर्कता आयोग ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में सार्वजनिक खरीद से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सारगर्भित अनुभव साझा किए। उन्होंने सार्वजनिक खरीद प्रक्रिया में सतर्कता की भूमिका, प्रक्रियागत स्पष्टता, पारदर्शिता तथा प्रभावी निर्णयन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने सामान्य वित्तीय नियम (जीएफआर), खरीद नीति एवं इसकी प्रशासनिक रूपरेखा, नियमावलियों का अनुपालन, निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी), निविदा प्रक्रिया एवं निविदा निस्तारण, हितों का टकराव व पब्लिक प्रोक्योरमेंट में बरती जाने वाली मुख्य सावधानियां, जैसे विषयों पर व्यावहारिक जानकारी दी। कार्यशाला में एनसीएल के सीएमडी एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) मनीष कुमार, निदेशक (तकनीकी), आशुतोष द्विवेदी, मुख्य सतर्कता अधिकारी, अजय कुमार जायसवाल, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष तथा विभिन्न परियोजना एवं विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। सीएमडी एन. फ्रैंकलिन जयकुमार ने अपने सम्बोधन में कार्यशाला को ज्ञानवर्धक बताया। उन्होंने सरल और सटीक तरीके से विषय समझाने के लिए अतिथि वक्ता मुदित आनंद के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस उत्कृष्ट कार्यशाला के आयोजन के लिए सतर्कता विभाग को बधाई दी। साथ ही कहा कि ऐसे कार्यक्रम संगठन में पारदर्शिता एवं सत्यनिष्ठा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता पर बल देते हुए उन्होंने सभी अधिकारियों से एनआईटी सहित पूरी खरीदी प्रक्रिया में अत्यधिक सावधानी बरतने का आह्वान किया। इससे पूर्व कार्यशाला के आरम्भ में मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार जायसवाल ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया और 'सतर्कता जागरूकता कैम्पेन' के तहत आयोजित इस कार्यशाला के उद्देश्य व महत्व को रेखांकित किया। सतर्कता विभाग के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य सार्वजनिक खरीद से संबंधित प्रक्रियाओं में नियमों के अनुपालन के साथ पारदर्शिता, दक्षता, निष्पक्षता और सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देना तथा खरीद प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों ङ्क कर्मियों को व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराना था।

# अपहर्ताओं के टेम्पों से कूदकर भागी किशोरी

जिला संवाददाता (vol)

**जौनपुर।** जलालपुर क्षेत्र के नत्थनपुर गांव के पास गुरुवार को बंद बॉडी वाले टाटा टेंपो सवार बदमाशों द्वारा 16 वर्षीय किशोरी के अपहरण का मामला सामने आया है। अपहरण के करीब तीन किलोमीटर बाद किशोरी ने साहस दिखाते हुए चलते टेंपो से छलांग लगा दी और सड़क किनारे बांस की कोठी में छिपकर अपनी जान बचाई। किशोरी के मुताबिक टेंपो के अंदर सात और लड़कियां थीं, जिनके हाथ-पैर बंधे हुए थे और उनके चेहरे पर नकाब लगा था। जलालपुर क्षेत्र के हीरापुर गांव निवासी पतिराम यादव की 16 वर्षीय पुत्री अंजली यादव गुरुवार को घर से कुछ दूरी पर नत्थनपुर गांव के पास घास काटने गई थी। इसी दौरान टाटा टेंपो वहां आकर रुका। किशोरी के अनुसार, टेंपो से दो युवक नीचे उतरे और उसे अपने पास बुलाया। उसे लगा कि वे रास्ता पूछने के लिए बुला रहे हैं। जैसे ही वह उनके पास पहुंची, दोनों ने उसका मुंह दबा दिया और जबरन टेंपो के अंदर बैठा दिया। इसके बाद टेंपो का दरवाजा बाहर से बंद कर बदमाश बेलाव-केराकत मार्ग की ओर निकल गए।किशोरी के मुताबिक, टेंपो में पहले से कई लड़कियां मौजूद थीं। उसने पुलिस को बताया कि सात अन्य लड़कियों के हाथ-पैर बंधे हुए थे और उनके चेहरे नकाब से ढके थे। सभी बेहोशी की हालत में प्रतीत हो रही थीं।इसी दौरान नेहरूनगर पुलिया के पास टेंपो के चलते समय अंजली ने मौका पाकर छलांग लगा दी। सड़क किनारे स्थित बांस की कोठी में जाकर वह छिप गई। किशोरी के अनुसार, उसके टेंपो से कूदने के बाद बदमाशों ने वाहन रोक दिया और आसपास उसे तलाशने लगे। काफी देर तक खोजबीन के बाद जब वह नहीं मिली तो बदमाश टेंपो लेकर कबुलपुर बाजार की ओर वापस चले गए।बदमाशों के वहां से चले जाने के बाद किशोरी बांस की कोठी से बाहर निकली और आसपास मौजूद लोगों को अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर उसके परिजन मौके पर पहुंच गए। किशोरी द्वारा टेंपो के अंदर सात अन्य लड़कियों के मौजूद होने की जानकारी दिए जाने के बाद पुलिस ने कंट्रोल रूम के माध्यम से संदिग्ध टेंपो के बारे में जिलेभर में सूचना प्रसारित कराई। साथ ही पुलिस ने टेंपो की आवाजाही और घटना से जुड़े सुरागों की तलाश शुरू कर दी है।पुलिस ने क्षेत्र में दर्जनों दुकानों और प्रतिष्ठानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

# हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं



**जौनपुर।** राजा श्री कृष्ण दत्त पी जी कॉलेज, में हिंदी विभाग के तत्वावधान में हिंदी दिवस पखवाड़ा संगोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. धीरेन्द्र कुमार पटेल, सल्तनत बहादुर पी जी कॉलेज बदलापुर रहे। वे अपने वक्तव्य में हिंदी भाषा के उद्भव और विकास पर अपनी बात रखी, उन्होंने कहां हिंदी एक समृद्ध भाषा है क्योंकि इसमें अरबी, फारसी, उर्दू, अंग्रेजी, अपभ्रंश, संस्कृत आदि भाषाओं के शब्द संगृहीत हैं। उन्होंने हिंदी के राजभाषा बनने तक की यात्रा को विधिवत समझाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) शंभूराम ने किया, उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है इसे बोलने में हमें गर्व का अनुभव करना चाहिए, हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं है बल्कि यह हमारी संवेदना, विचार परंपरा और अस्मिता की जीवन्त अभिव्यक्ति है।महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. सत्यराम प्रजापति ने हिंदी के महत्व पर अपनी बात रखी। हिंदी विभाग की अध्यक्ष प्रो. सुधा सिंह में कहा कि हिंदी भाषा देश को संपर्क सूत्र में बांधने का एक सशक्त माध्यम है। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर मधु पाठक ने बताया कि हिंदी भाषा समग्र राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने वाली भाषा है, हमारी भाषा ही हमारी पहचान है। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रागिनी राय ने हिंदी के महात्म्य को बताते हुए कहा कि हिंदी हमारी भावना को अभिव्यक्त करने का सरलतम स्त्रोत है। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 रमेश चंद्र सोनी ने किया। महाविद्यालय के शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कर्मचारियों, छत्र - छात्राओं की उपस्थिति रही।

## एसपी के पास पहुंचा मारपीट का मामला

**जौनपुर।** थाना शाहगंज क्षेत्र के सुरिस गांव निवासी शीतला प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर मारपीट के मामले में मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मुकदमे में धारा बढ़ाने की मांग की है। प्रार्थी का आरोप है कि जिस तरह की चोटें आई हैं, उसके अनुरूप कम धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। उनका कहना है कि पुलिस मामले में अपेक्षित कार्रवाई नहीं कर रही है। प्रार्थी के अनुसार, 20 सितंबर की शाम जमीन संबंधी विवाद को लेकर विपक्षी पक्ष के लोग कथित तौर पर लाठी-डंडा, लोहे की रॉड और धारदार हथियार लेकर उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर उनकी पुत्री कुसुम, प्रिया और पत्नी भाना देवी के साथ मारपीट की गई। प्रार्थी का आरोप है कि इस दौरान उनकी पुत्री कुसुम के सिर पर लोहे की रॉड से वार किया गया। शीतला प्रसाद के मुताबिक घटना की सूचना शाहगंज थाने पर दी गई, जिसके आधार पर केस दर्ज किया गया। उस का कहना है कि मेडिकल रिपोर्ट में चोटों का उल्लेख होने के बावजूद मुकदमे में धारा 109(1) बीएनएस की बढ़ोतरी नहीं की गई।

## वसूली व लूट में दो आरोपियों का कोर्ट में सरेंडर

**जौनपुर।** पुलिसकर्मियों द्वारा कथित जबरन वसूली और लूट के दो मामलों में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एसआईटी की त्वरित जांच के बाद दो निलंबित आरक्षियों समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो नामजद आरोपियों ने पुलिस दबिश के दबाव में न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों मामलों में अब तक कुल पांच आरोपी पुलिस कार्रवाई की जद में आ चुके हैं। पुलिस के अनुसार, थाना जलालपुर में दर्ज मुकदमे में पीड़ित से मारपीट, धमकी देकर करीब 2.15 लाख रुपये यूपीआई और एटीएम के जरिए लेने का आरोप है। वहीं सुरेरी थाने में दर्ज दूसरे मुकदमे में सादे कपड़ों में खुद को पुलिसकर्मी बताकर करीब 1.65 लाख रुपये की वसूली किए जाने का आरोप लगाया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन थानाध्यक्ष सुरेरी उपनिरीक्षक दिव्य प्रकाश सिंह को 18 सितंबर को निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद डीआईजी वाराणसी परिक्षेत्र ने 22 सितंबर को पांच सदस्यीय एसआईटी गठित की। एसआईटी ने 24 घंटे के भीतर कथित रूप से संलिप्त पुलिसकर्मियों की पहचान कर मनीष पटेल, निलंबित आरक्षी सत्येन्द्र कुमार गौड़ और निलंबित आरक्षी विष्णु सिंह को गिरफ्तार किया। वहीं संकीत सिंह और विकास ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस के मुताबिक, जांच में अन्य आरोपियों के नाम भी सामने आए हैं, जिनमें पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। एसआईटी साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच में दोषी पाए जाने वाले किसी भी पुलिसकर्मी के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## बाग लखरांव में चलासफाई अभियान

**आजमगढ़।** पल्हनी विकास खंड क्षेत्र के ग्राम बाग लखराव गांव में संचारी रोग के रोक थाम के लिए गुरुवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीण सफाई कर्मियों ने झाड़ू लगाया और नालियों की सफाई कर एंटी लार्वा का छिड़काव किया। साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। स्वच्छता अभियान में ग्रामीण सफाई कर्मचारी गुलाब चैरसिया, अभय चैहान समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## एसएसपी ने फरियादियों की सुनीं समस्याएं

आजमगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने गुरुवार को सुबह पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज क्षेत्रों से फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। जनसुनवाई के दौरान एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही निर्देशित किया गया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बनाए रखते हुए पीड़ित पक्ष को प्रभावी न्याय दिलाया जाए।

## सीएम युवा विकास अभियान के लाभार्थी को सफलता

**जौनपुर।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना युवाओं के लिए स्वरोजगार का मजबूत माध्यम बन रही है। योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने का अवसर मिल रहा है। जौनपुर के लाभार्थियों ने योजना का लाभ लेकर स्वरोजगार शुरू किया और अपने साथ अन्य लोगों को भी रोजगार से जोड़ा। लाभार्थी 'गौरव कुमार यादव' निवासी ग्राम, जर्रो, पोस्ट, मल्हनी, जिला जौनपुर का निवासी जिन्होने बीएड, बीटीसी तक पढ़ाई की है, घर की आर्थिक स्थिती अच्छी न होने का कारण उन्होने मुख्यमंत्री युवा विकास अभियान योजना के बारे में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, जौनपुर से सम्पर्क किया और योजना के माध्यम से 5 लाख की वित्तीय सहायता प्राप्त कर डिजिटल लाइब्रेरी का व्यवसाय शुरू किया। उन्होंने कहा कि योजना के सहयोग से उन्हें अपनी शिक्षा का उपयोग करते हुए स्वरोजगार स्थापित करने का अवसर मिला। उन्होंने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी योजनाएं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक हैं।

# पीडीए समाज का विकास संभव केवल सपा सरकार में : हृदय नारायण

**सोनभद्र।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार पीडीए जन पंचायत को जनपद क्या विधानसभा क्षेत्र 403 दूद्धी के महुआरिया में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हद्रय नारायण प्रजापति ने कहा कि भाजपा सरकार पीडीए विरोधी सरकार है। पीडीए समाज का विकास संभव केवल सपा सरकार में है। हम सभी पीडीए समाज की जिम्मेदारी है कि हम लोग आगामी विधानसभा चुनाव सपा के प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत दिलाकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने



का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव, अवध नारायण यादव, केवल प्रसाद, राधेश्याम, हीराराम, राम प्रसाद, अनीता, चमेली, फुलवंती, रजवंती, अनीता, फुलवंती, इंद्रावती प्रजापति के साथ दर्जनों कार्यकताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

## अलग पूर्वांचल राज्य की मांग पर जनमोर्चा ने तेज किया अभियान

**सोनभद्र।** पूर्वांचल राज्य जनमोर्चा ने पूर्वी उप्र के जिलों को मिलाकर पृथक पूर्वांचल राज्य के गठन की मांग को लेकर अभियान तेज कर दिया है। संगठन ने कहा कि पूर्वांचल की भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक परिस्थितियों को देखते हुए अलग राज्य के गठन के मुद्दे पर व्यापक एवं तथ्यात्मक जनचर्चा जरूरी है। जनमोर्चा के महासचिव पवन कुमार सिंह ने कहा कि पूर्वांचल राज्य की मांग किसी क्षेत्र या समाज के विरोध में नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास, प्रशासनिक सुविधा और स्थानीय आवश्यकताओं को केंद्र में रखकर की जा रही है। उन्होंने कहा कि कृषि, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, औद्योगिक विकास और आधारभूत सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। उन्होंने पूर्वांचल के विकास से जुड़े आंकड़ों, उपलब्ध संसाधनों, रोजगार की संभावनाओं और प्रशासनिक जरूरतों का विशेषज्ञों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ अध्ययन कराने की मांग की।

# कैडेटों को पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ



- टीएसआई जयशंकर सिंह ने यातायात नियमों, हेलमेट-सीट बेल्ट और सुरक्षित आवागमन के प्रति किया जागरूक

**आजमगढ़।** 99 यूपी बटालियन एनसीसी, आजमगढ़ के तत्वावधान में डेंटल कॉलेज, इटौरा, चंडेश्वर में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी-328) में कैडेटों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। 21 से 30 सितंबर तक चल रहे शिविर के चैथे दिन टीएसआई जयशंकर सिंह ने रोड सेफ्टी विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कैडेटों को यातायात नियमों के पालन, सड़क पर सुरक्षित आवागमन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग तथा वाहन चलाते समय बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल यातायात नियमों के पालन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। एनसीसी कैडेट स्वयं नियमों का पालन करने के साथ समाज में भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। शिविर के दूसरे दिन ओपनिंग एड्रेस में कमान अधिकारी कर्नल दिनेश शर्मा ने कहा था कि प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य कैडेटों को रेजिमेंटल लाइफ की गतिविधियों से परिचित कराने के साथ इंटर ग्रुप कम्पटीशन के लिए योग्य एवं दक्ष कैडेटों को तैयार करना है। उन्होंने कैडेटों से अनुशासन, समर्पण, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता के साथ प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। इस अवसर पर कॉन्स्टेबल विनय कुमार राय, सूबेदार मेजर विनोद कुमार, सेकेंड ऑफिसर दिनेश कुमार मिश्रा, लेफ्टिनेंट चन्दन कुमार सहित एनसीसी अधिकारी एवं कैडेट मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सहयुक्त एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. पंकज सिंह ने किया। शिविर में कैडेटों को सैन्य प्रशिक्षण, अनुशासन, नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास व सामाजिक जागरूकता से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## एक वर्ष में जन्मी बालिकाओं का मनाया जन्मदिन कन्या सुमंगला योजना का कराया पंजीकरण

**लालगंज, मीरजापुर।** विकासखंड सभागार में बृहस्पतिवार को सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान से जुड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने एक वर्ष के भीतर जन्मी बालिकाओं का सामूहिक रूप से केक काटकर जन्मदिन मनाया। बालिकाओं के अभिभावकों को कन्या सुमंगला योजना की जानकारी देकर पंजीकरण भी कराया गया।

खंड विकास अधिकारी रवि कुमार सिंह ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा और सुरक्षा से ही समाज और राष्ट्र की प्रगति को मजबूती मिलती है। सरकार की ओर से कन्या सुमंगला योजना और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के माध्यम से बालिकाओं के भविष्य को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। परिवारों को इन योजनाओं का लाभ लेकर बेटियों की शिक्षा और विकास को आगे बढ़ाना चाहिए।डीएमसी, डॉ मंजू यादव ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां गांवों में महिलाओं और परिवारों को बालिकाओं के प्रति जागरूक करने के साथ कन्या सुमंगला योजना की जानकारी दे रही हैं। इससे पात्र परिवारों को योजना का लाभ लेने में सुविधा मिल रही है।एडीओ समाज कल्याण पुकार सिंह ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बालिकाओं के जन्म को उत्सव के रूप में मनाने की सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। इससे बेटियों की शिक्षा और उनके अधिकारों के प्रति परिवारों में जागरूकता बढ़ती है।सीडीपीओ बिना सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनीता सिंह, प्रमिला देवी, सुशीला देवी, अंकित सिंह, पूजा विश्वकर्मा सहित अन्य कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।

## पेंटिंग प्रतियोगिता में साक्षी विश्वकर्मा प्रथम

**जौनपुर।** सेवा संकल्प अभियानश के अंतर्गत सिकरारा बीआरसी परिसर स्थित प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर के स्वामी विवेकानंद हॉल में मेरे सपनों का भारतषविषय पर ब्लॉक स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।कड़े मुकाबले के बीच प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर की कक्षा पांच की छात्रा साक्षी विश्वकर्मा ने प्रथम स्थान, प्राथमिक विद्यालय भुइला की छात्रा मानवी सिंह ने द्वितीय तथा कंपोजिट विद्यालय अलीगंज की छात्रा नेहा प्रजापति में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। मुख्य अतिथि सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा निखर कर सामने आती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ग्रामीण व प्राथमिक स्तर पर इस तरह के मंच मिलने से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें भविष्य में आगे बढ़ने की नई दिशा मिलती है। अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी अजीत सिंह ने कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए इसमें भाग लेने वाले सभी बच्चे और उनका मार्गदर्शन करने वाले शिक्षक बधाई के पात्र हैं। विशिष्ट अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि हमारे परिषदीय विद्यालयों के बच्चे बहुत ही प्रतिभावान है केवल उनको उचित व बेहतर मंच मिलने की आवश्यकता है। दिनेश उपाध्याय राजीव सिंह लोहिया, प्रवीण सिंह प्रवक्ता, सुनील सिंह सतीश सिंह अनंत यादव सुरेंद्र प्रजापति वीरेंद्र सिंह संदीप सिंह प्रमोद सिंह हरेंद्र सिंह तेरसू राम प्रदीप यादव लालमनी देवी मंजू जैसवार नेहा जायसवाल आराधना उपाध्याय गजाला बानो शुभेंदु सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पटेहरा के आर्यन पाल को महाराष्ट्र भूषण सम्मान, तकनीकी क्षेत्र में बनायी पहचान




**मड़िहान/मीरजापुर।** सपनों को मेहनत, नई सोच और तकनीक से जोड़कर आगे बढ़ने वाले पटेहरा के युवा उद्यमी आर्यन पाल के सफर में बुधवार को एक और गौरवपूर्ण अध्याय जुड़ गया। पुणे के पत्रकार भवन में आनंदी यूनिवर्स फाउंडेशन की ओर से आयोजित 'महाराष्ट्र भूषण सम्मान 2026' समारोह में बुल टिक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर्यन पाल को 'उभरते उद्यमी' श्रेणी में सम्मानित किया गया। यह सम्मान एक परिवार के लिए नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा प्रदान हुआ। समारोह में व्यवसाय, उद्यमिता, शिक्षा, सामाजिक सेवा, गैर-सरकारी संगठन, कला- संस्कृति और स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मान प्रदान किया गया। इन्हीं प्रतिभाओं के बीच जब आर्यन पाल का नाम सम्मान के लिए पुकारा गया तो यह पल उनके लिए केवल एक पुरस्कार प्राप्त करने का नहीं, बल्कि मेहनत और नवाचार के रास्ते पर आगे बढ़ते रहने के संकल्प को और मजबूत करने वाला अवसर बन गया।

# ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन 9 अक्टूबर से भूख हड़ताल की चेतावनी




**मड़िहान/मीरजापुर।** ग्राम रामपुर-38 में रेलवे आवागमन की वर्षों पुरानी समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर ग्रामीणों ने गुरुवार को उपजिलाधिकारी मड़िहान को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने रेलवे अंडरपास निर्माण की मांग उठाते हुए कहा कि समस्या का समाधान नहीं होने पर आगामी 09 अक्टूबर 2026 से भूख हड़ताल शुरू की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे लाइन के कारण आवागमन बाधित होने से उन्हें बाजार, अस्पताल, विद्यालय सहित अन्य आवश्यक स्थानों तक पहुंचने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। ग्रामीणों ने मांग की कि रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों एवं जिला प्रशासन के स्तर से मौके का निरीक्षण कर समस्या का स्थायी समाधान कराया जाए।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पड़री पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चलें कि थाना पड़री में 26 जुलाई 2026 को एक व्यक्ति ने तहरीर दी थी कि, उसकी नाबालिग बेटी घर से कहीं चली गई है। तहरीर के आधार पर थाना पड़री पर 137(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने घटना को गंभीरता से लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में गिरफ्तारी के लिए थानाध्यक्ष पड़री को निर्देशित किया था। इसी क्रम में बुधवार 24 सितंबर को उप निरीक्षक कैलाश नाथ सिंह की टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी सूरज कुमार पांडेय उर्फ हर्ष पांडेय पुत्र स्व. बैकुंठ पांडेय, निवासी पकरी का पुरा (बेलवन), थाना पड़र को गिरफ्तार कर लिया।

# दो दोषियों को 5-5 वर्ष की कठोर कैद

- 3-3 हजार रुपए अर्थदंड, न देने पर 3-3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी
- साढ़े 12 वर्ष पूर्व लाठी- डंडे से मारपीट कर गम्भीर चोट पहुंचाने का मामला

**सोनभद्र।** साढ़े 12 वर्ष पूर्व आने जाने के विवाद में लाठी-डंडे से मारपीट कर गम्भीर चोट पहुंचाने के मामले में वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए सत्र न्यायाधीश राम सुलीन सिंह की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दो दोषियों संतोष मौर्य व सोनू मौर्य को 5-5 वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई। इनके ऊपर 3-3 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड न देने पर 3-3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक रामसूरत मौर्य निवासी मधुपुर (कोइलहिया), थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र ने रॉबर्ट्सगंज थाने में दी मौखिक तहरीर में आरोप लगाया था कि 25 जनवरी 2014 को जब वह गांव के संतोष मौर्य व सोनू मौर्य के घर के सामने से जा रहा था तभी आने जाने के विवाद में संतोष मौर्य व सोनु मौर्य अनायास गाली देने लगे। जब उसने कहा कि एक ही रास्ता है तो कहां से जाएं इतना सुनते ही दोनों उसे लाठी डंडे से मारने पीटने लगे, जिससे उसे कान, आंख के पास व सीने में गम्भीर चोटें आई। गांव के लोगों की मदद से दवा इलाज के लिए जिला अस्पताल लोढ़ी ले जाया गया। आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर लिया। 27 जनवरी को पुलिस ने जिला अस्पताल में रामसूरत मौर्य का डॉक्टरी जांच व मेडिकल कराया। कोर्ट के आदेश पर मामले की विवेचना की गई। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर गम्भीर चोट लगने की वजह से धारा 308 आईपीसी की बढ़ोतरी करते हुए संतोष मौर्य व सोनू मौर्य के विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान जहां अभियुक्तगणों के अधिवक्ता ने पहला अपराध बताते हुए कम से कम दंड दिए जाने की याचना की, वहीं जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ज्ञानेंद्र शरण रॉय ने गम्भीर मामला बताते हुए अधिक से अधिक दंड देने की याचना की। अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद दोषसिद्ध पाकर दोषियों संतोष मौर्य व सोनू मौर्य को 5-5 वर्ष का कठोर कारावास की सजा सुनाई। इनके ऊपर 3-3 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड न देने पर 3-3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी।

संक्षेप

## कैबिनेट मंत्री और सांसद प्रतिनिधि ने किया श्रमदान

**मथुरा।** स्वच्छता ही सेवा एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गन्ना विकास एवं चीनी मिलें मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने विकास खंड नंदगांव की ग्राम पंचायत हुलवाना में श्रमदान किया। इसी क्रम में सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा ने विकास खंड बलदेव की ग्राम पंचायत दघेटा में श्रमदान कर दो गंदे स्थानों का कायाकल्प किया। जनप्रतिनिधियों ने 25 मिनट तक श्रमदान कर ग्रामीणों को अपने घर के आगे सफाई रखने और कूड़ा निर्धारित गाड़ी या आरसीसी पर डालने के लिए प्रेरित किया। मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी ने कहा कि स्वच्छता केवल झाड़ू लगाने का नाम नहीं, बल्कि यह एक संस्कार है, एक सोच है। जिस प्रकार हम अपने घर को स्वच्छ रखते हैं, उसी प्रकार हमारा गांव, हमारी गली, हमारा शहर भी हमारा घर है। उन्होंने अपील की कि कचरा कूड़ेदान में ही डालें, गीला कचरा और सूखा कचरा अलग-अलग रखें, सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करें, बच्चों को हाथ धोने की आदत डलवाए, शौचालय के उपयोग और आस-पास सफाई रखने की शिक्षा दें, एक बच्चा पूरे परिवार को स्वच्छ बना सकता है। माननीय मंत्री जी ने कहा है स्वच्छता अपनाएंगे, बीमारी भगाएंगे।

# कृष्णानगर को बनाया जायेगा कचरा रहित मॉडल जोन



**मथुरा।** मथुरा में स्वच्छ ब्रज अभियान की शुरुआत, कृष्णानगर को बनाया जाएगा कचरा रहित मॉडल जोन उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की बैठक में कृष्णानगर को कचरा रहित जोन के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया है, जिसके सफल होने पर इसे अन्य क्षेत्रों में भी लागू किया जाएगा।

शहर को स्वच्छ बनाने की मुहिम अब एक क्षेत्र को मॉडल के रूप में विकसित करने से शुरू होगी। स्वच्छ ब्रज अभियान के तहत कृष्णानगर को कचरा रहित जोन बनाने का निर्णय लिया गया है। यहां पहले दुकानदारों और स्थानीय लोगों को जागरूक किया जाएगा, फिर रैली और डोर-टू-डोर अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के लिए जोड़ा जाएगा। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सभाकक्ष में गुरुवार को स्वच्छ ब्रज अभियान के कोर ग्रुप की बैठक उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अभियान की गतिविधियों के साथ उनके परिणामों की निगरानी पर जोर दिया गया।

**स्वच्छब्रज अभियान के कोर ग्रुप की बैठक संपन्न**

कृष्णानगर में तीन-चार दिन ऑडियो संदेशों के जरिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके बाद व्यापार सभा, जिला प्रशासन, नगर निगम, ब्रज तीर्थ विकास परिषद, सामाजिक संस्थाओं और स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों की सहभागिता से रैली निकाली जाएगी। रैली के साथ घर-घर संपर्क भी किया जाएगा। इसके परिणाम के आधार पर मॉडल को अन्य क्षेत्रों में लागू किया जाएगा। मुख्य कार्यपालक अधिकारी लक्ष्मी नागप्पन ने बैठक में एजेंडा रखा। नगर आयुक्त ओजस्वी राज ने स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगर निगम ऐप में सुधार किया जा रहा है। कूड़ा संबंधी शिकायत के निस्तारण के लिए दो घंटे की समय सीमा निर्धारित की गई है। उच्च अधिकारियों तक पहुंचेगी। प्रचार के लिए पांच हजार फ्लेक्सी-बैनर और जनजागरूकता के लिए 20 लाख पंपलेट तैयार कराने की योजना है। प्लास्टिक कचरे के निस्तारण के लिए बैग डिस्पेंसर मशीन का ट्रायल सब्जी मंडी में होगा। बोतल जमा करने पर कपड़े का थैला देने का सुझाव भी दिया गया। बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर डस्टबिन उपलब्ध कराने के साथ दुकानदारों, व्यापारिक संगठनों, स्कूल-कॉलेज, होटल संचालकों और सामाजिक संस्थाओं के अलग-अलग व्हाट्सएप समूह बनाकर केंद्रीय स्तर से मॉनिटरिंग की जाएगी। स्वच्छता नियम तोड़ने वालों पर जुमार्ना, चालान और नोटिस की कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए गए।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत हेल्दी बेबी प्रतियोगिता आयोजित

**मथुरा।** जिला प्रशासन और बाल विकास विभाग की ओर से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगन मिलन सेवा समारोह के तहत कलेक्ट्रेट सभागार सहित जनपद के सभी विकास खंडों में हैल्दी बेबी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, महानगर अध्यक्ष हरीशंकर राजू यादव, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे और जिला कार्यक्रम अधिकारी योगेंद्र सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आंगनबाड़ियों में चिन्हांकित बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के बाद प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले स्वस्थ बच्चों का चयन किया गया। विजयी बच्चों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र, खिलौने और पोषण किट प्रदान की गई।

इसी क्रम में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन सभी परियोजनाओं के ब्लॉक सभागार में किया गया, जिसमें विकास खण्ड-राया में कार्यक्रम के अतिथि के रूप में विधायक बल्देव पूरन प्रकाश एवं जिला उपाध्यक्ष श्रीमती मुदिता शर्मा उपस्थित रही। विकास खण्ड गोवर्धन में अतिथि के रूप में विधायक गोवर्धन मेघश्याम सिंह, महिला मोर्चा से श्रीमती मंजू एवं श्रीमती पूजा चौधरी उपस्थित रही। मथुरा ग्रामीण परियोजना के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक मथुरा वृन्दावन श्रीकान्त शर्मा द्वारा प्रतिभाग किया गया। विकास खण्ड नन्दगाँव में अतिथि के रूप में श्रीमती प्रतिभा सिंह एवं प्रेम सिंह, मण्डल अध्यक्ष नन्दगाँव, श्रीमती बृजलता अध्यक्ष महिला मोर्चा नन्दगाँव उपस्थित रही। विकास खण्ड-नौहझील में अतिथि के रूप में सतपाल चैधरी, जिला महामंत्री एवं जितेन्द्र मण्डल अध्यक्ष उपस्थित रहे। विकास खण्ड-छाता में अतिथि के रूप में श्रीमती प्रियंका उपाध्याय उपस्थित रही। विकास खण्ड- चैमुंहा में अतिथि के रूप में विक्रम चैधरी एवं श्रीमती मालती उपस्थित रहे। विकास खण्ड बल्देव में अतिथि के रूप में श्रीमती मनीषा पाराशर, जिला उपाध्यक्ष एवं नरेन्द्र गोयल मण्डल अध्यक्ष उपस्थित रहे। विकास खण्ड-मॉट में अतिथि के रूप में श्रीमती मुदिता शर्मा, जिला उपाध्यक्ष आदि के द्वारा प्रतिभाग किया गया। जनपद के सभी विकास खंडों (राया, गोवर्धन, मथुरा ग्रामीण, नंदगांव, नौहझील, छाता, चैमुंहा, बल्देव और मांट) में भी स्थानीय विधायकों व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में इसी प्रकार प्रतियोगिताओं का आयोजन कर बच्चों को सम्मानित किया गया।

## छात्राओं को सीओ ने बताये करियर के विभिन्न अवसर



**फिरोजाबाद।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जसराना में गुरुवार को करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिकोहाबाद तहसील के क्षेत्राधिकारी जयबिंद कुमार गुप्ता ने छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में करियर की संभावनाओं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और रोजगार के अवसरों के संबंध में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के साथ लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्राधिकारी जयबिंद कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद उन्होंने छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना और उसके अनुरूप निरंतर प्रयास करना आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए विभिन्न करियर विकल्पों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने छात्राओं को करियर, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाओं से जुड़े सवाल पूछे। क्षेत्राधिकारी ने छात्राओं की जिज्ञासाओं का विस्तार से समाधान करते हुए उन्हें अपने रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को भविष्य की योजनाएं बनाने और अपने लक्ष्य की दिशा में प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं पूनम यादव, रचना, कीर्ति तैनगुरिया, दीपचंद्र जी सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य डॉ.सुधीर कुमार ने क्षेत्राधिकारी जयबिंद कुमार गुप्ता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने छात्राओं के भविष्य निर्माण के लिए ऐसे मार्गदर्शन कार्यक्रमों को उपयोगी बताते हुए सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## छाता चीनी मिल धरना में पहुंचे जगपाल चौधरी ने आंदोलन किया तेज

**मथुरा।** छाता चीनी मिल को पुनः शुरू कराने की मांग को लेकर चल रहा भूतपूर्व सैनिक परिषद किसानों का धरना अब एक बड़े जन-आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। आंदोलन को गुरुवार 43 दिन पूर्ण हो चुके हैं धरना स्थल पर दलबल के साथ जगपाल चैधरी की अगुवाई हुई। इस कारण धरने को नया जोश ऊर्जा मिल गई इस धरने को अब नई दिशा और अपार जनसमर्थन मिल गया है। क्षेत्र की सर्व-समाज (36 बिरादरियों) के मैदान में उतरने से आंदोलन की धार और तेज हो गई है। धरना स्थल पर हुंकार भरते हुए पूर्व अध्यक्ष छाता जगपाल चैधरी ने सीधे तौर पर क्षेत्रीय मंत्री और जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े किए कि किसानों के लाडले और सम्माननीय मंत्रीजी आखिर ऐसी कौन सी बात है, जो किसानों की इस जायज और लंबे समय से लंबित समस्या का स्थायी समाधान नहीं कर रहे हैं किसानों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र की जनता के विश्वास पर खरे उतरने के बजाय जनप्रतिनिधि इस जनहित के मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं।

# मंडलायुक्त ने की 4 जिलों के विकास कार्यों व जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा



**फिरोजाबाद।** कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को मंडलायुक्त आगरा मंडल आगरा नगेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगरा मंडल के चारों जनपदों में संचालित विकास कार्यों तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप ने मण्डल के सर्वांगीण विकास को गति देने वाली 50 करोड़ से अधिक की लागत वाली विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आगरा मण्डल के सभी जिलों में चल रहीं 50 करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं को ससमय पूरा किया जाए, साथ ही इनके निर्माण कार्य में उच्चतम गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन किया जाए। मंडलायुक्त ने सभी कार्यदाई संस्थाओं को स्पष्ट निर्देश दिए की जन हित से जुड़ी विकास परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की भी लापरवाही, गुणवत्ता विहीन कार्य अथवा अकारण देरी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, ढ़िलाई बरतने वाली कार्यदाही संस्थाओं एवं अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

इस अवसर पर फिरोजाबाद की दो परियोजनाओं में रामदासपुरा के सेतु और ग्लास म्यूजियम व ऑडिटोरियम की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को ससमय पूरा किया जाए। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त उमेशमणि त्रिपाठी डीएम आगरा मनीष बंसल डीएम फिरोजाबाद संतोष कुमार शर्मा जिलाधिकारी मथुरा चंद्र प्रकाश सिंह जिलाधिकारी मैनपुरी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी मुख्य विकास अधिकारी मथुरा डॉ.पूजा गुप्ता, सीडीओ मैनपुरी संतोष बहादुर सिंह तथा सीडीओ फिरोजाबाद शत्रोहन वैश्य सहित मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत पशुपालन विभाग की समीक्षा से हुई। मंडलायुक्त ने आगरा में निर्माणाधीन कान्हा गौशाला के कार्य में आ रही बजट संबंधी समस्या का समाधान कर निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। मथुरा में निर्माणाधीन वृहद गो संरक्षण केंद्रों का निर्माण अक्टूबर माह के अंत तक पूर्ण कराने को कहा। उन्होंने लंपी चर्म रोग से पशुओं के बचाव के लिए शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। मैनपुरी में पशुओं के टीकाकरण के लिए आवश्यक टीम उपलब्ध कराने को भी कहा गया।

पंचायती राज विभाग की समीक्षा में वर्ष 2026-27 के अंत्येष्टि स्थल निर्माण की प्रगति सामने रखी गई। आगरा में 17 के लक्ष्य के सापेक्ष सात स्थलों का चयन हो चुका है। मैनपुरी में 10 तथा फिरोजाबाद में 12 अंत्येष्टि स्थलों का चयन पूरा कर लिया गया है, जबकि मथुरा में अभी स्थल चयन नहीं हुआ है। मंडलायुक्त ने उपनिदेशक पंचायती राज को मथुरा में स्थल चयन की प्रक्रिया तत्काल पूरी कराने के निर्देश दिए, जिससे निर्माण कार्य शुरू कराकर आमजन को सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। वर्ष 2025-26 के अंत्येष्टि स्थल निर्माण की समीक्षा में बताया गया कि मैनपुरी और फिरोजाबाद में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। आगरा में 15 कार्य पूर्ण तथा तीन निमार्णाधीन हैं। मथुरा में एक स्थल का निर्माण कार्य चल रहा है।

पंचायत उत्सव भवन की समीक्षा में बताया गया कि आगरा के फतेहाबाद और फिरोजाबाद के टूंडला में स्थल चयन की प्रक्रिया चल रही है। मंडलायुक्त ने दोनों स्थानों पर स्थल चयन शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।

तालाब पट्टों के सापेक्ष ग्राम निधि में धनराशि हस्तांतरण की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने सभी जिलाधिकारियों को राजस्व पोर्टल पर नीलामी और जमा धनराशि का विवरण अपडेट कराने को कहा। साथ ही तहसीलों से समन्वय स्थापित कर ग्राम निधि में धनराशि हस्तांतरित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। प्राथमिक शिक्षा विभाग की समीक्षा में मंडल के पांच बाउंड्रीवॉल विहीन विद्यालयों की स्थिति की जानकारी ली गई। बताया गया कि मैनपुरी के दो विद्यालयों में बाउंड्रीवॉल का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष तीन विद्यालयों में कार्य प्रगति पर है। विद्यालयों में फर्नीचर की उपलब्धता की समीक्षा में सामने आया कि मथुरा और फिरोजाबाद के सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत फर्नीचर आपूर्ति पूरी हो चुकी है।

## कृषक इंटर कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस

**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद के प्रांगण में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस उत्साह एवं सामाजिक जागरूकता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय एवं शिक्षको द्वारा माँ शारदे एवं प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। एवं स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, सामाजिक दायित्व एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के बारे में जानकारी दी। तथा स्वच्छता अभियान स्वच्छता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त परिसर एवं सामाजिक सेवा से संबंधित गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के प्रति स्वयंसेवकों को जागरूक किया। शिक्षक गोकुलचंद गौतम ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों में सेवा भावना नेतृत्व क्षमता अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज हित में निरंतर कार्य करने तथा नो मी, बट यू के संदेश को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका लवी शर्मा ने किया। इस अवसर पर सुरेश पचौरी, एनएसएस प्रभारी सुनील कुमार जैन, एनसीसी अधिकारी अमित उपाध्याय, शीरध्वज शर्मा, अजय कुमार धर्मेंद्र चौधरी रिचा गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## गांजा व तमंचे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1.191 किलोग्राम अवैध गांजा एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई है। थाना उत्तर पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना और सुरागरसी के आधार पर तहसील रोड स्थित शुक्ला सीमेंट मार्केट के पास खाली मैदान से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रोहित कुमार पुत्र स्व. योगेंद्र सिंह निवासी भगवान नगर, टापा पैठ के पास जलेसर रोड थाना उत्तर, फिरोजाबाद तथा अमित कुमार पुत्र स्व.रामप्रकाश निवासी नगला खंदारी, थाना अरांव फिरोजाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने अमित कुमार के कब्जे से 1.191 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया, जबकि रोहित कुमार के पास से एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस मिला। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित मामलों में विधिक कार्रवाई की है।

# संस्कृति विवि में नृत्य-संगीत के साथ झूमे फ्रेशर, डीजे ने खूब नचाया



**मथुरा।** संस्कृति विवि में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर पार्टी एक विशेष आयोजन के रूप में मनाई जाती है। इस वर्ष विवि में प्रवेश लेने वाले दर्जनों छात्र-छात्राओं ने विद्यार्थियों द्वारा विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में बढ़चढ़कर भाग लिया और अपनी नृत्य, संगीत और गायन की प्रतिभा को स्टेज पर प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस दौरान फैशन शो में विद्यार्थियों ने अपने आत्मविश्वास और तैयारी को प्रदर्शित करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। वहीं दो प्रसिद्ध डीजे ने अपने हुनर से संगीत की ऐसी बारिश की विद्यार्थी देर रात तक जमकर नाचे। कार्यक्रम की शुरूआत संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.एमबी चेट्टी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुई। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन आपके मनोरंजन के लिए होता है, इसलिए जमकर मनोरंजन करें लेकिन अनुशासित रहें। उन्होंने फ्रेशर को आश्वस्त करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय रैगिंग मुक्त है। प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी हर तरह से यहां सुरक्षित हैं। कुलपति प्रो. चेट्टी के उद्बोधन के तुरंत बाद सास्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत छात्रा नंदिता और उनके साथियों द्वारा अभिनव नृत्य के साथ प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई। रोशनियों में झिलमिलाती संस्कृति विवि के मुख्य मैदान की स्टेज पर विद्यार्थियों ने एक के बाद एक धमाकेदार प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। छात्रा साधना ने बालीवुड के गीतों पर अपने नृत्य से माहौल को विद्यार्थियों के चाहत के अनुरूप ढाल दिया। हजारों वाट की झनझानाती ध्वनि और साधना की नृत्य की साधना का एक ऐसा मिक्सचर तैयार हुआ जिसने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

अगली प्रस्तुति ने मूड थोड़ा चेंज किया। मंच पर छात्रा उन्नति और उसके साथियों का एक ऐसा दल उतरा जिसने योग और अनुशासन के जबर्दस्त संयोग से संतुलन की मिसाल कायम की। पाश्र्व में बज रहे संगीत की धुनों पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों रोमांचित कर दिया। यकायक मंच पर पंजाबी के गीत बजने लगे और इन गीतों को छात्रा जसलीन ने अपने नृत्य से जीवंत कर दिखाया। छात्रा खुशी और यशस्वी का युगल नृत्य धमाके दार रहा। छात्रा अंजलि एंड ग्रुप, अनूप और उनके साथियों का समूह नृत्य एक अलग ही जोश उत्पन्न कर रहे थे। छात्रा भूमि और कशिश, शिप्रा और अंशु, अदिति और अर्शिता, मनीष और प्रवीन, छात्रा वैष्णवी और मुस्कान द्वारा बालीवुड के गीतों पर प्रस्तुत युगल नृत्य इन विद्यार्थियों की कड़ी तैयारियों के गवाह बने। इसी बीच संस्कृति स्कूल आफ फैशन डिजाइनिंग द्वारा रैंप वाल्क की प्रस्तुति की गई। रैंप वाल्क पर उतरे विद्यार्थी साधना सिंह, खुशबू, अंजलि, रानी कुमारी, जसलीन, सुहानी, लक्षिता, हिमांशी, अंजलि पांडे, शुभी, अंजलि सिंह, अदिति, आर्या, सोनिया, श्रेया, दृष्टि, जिया, नाजनी, रिया, वर्षा, नीलम, ओम शर्मा, शुभ, राहुल, सार्थक, अभिषेक, यथार्थ, प्रिंस, गौरव, अभय चैधरी, अनंत, शिव, पार्थ, कुर्फ, तुषार, शैलेंद्र, मनीष, कुनाल, विष्णु ने अपने परिधानों और आत्मविश्वास का प्रदर्शन कर सभी की वाहवाही लूटी। रैंप वाल्क के तुरंत बाद संगीत, नृत्य की प्रस्तुतियों ने फिल से स्टेज को झंकृत कर दिया। छात्रा ग्रेजी का धमाकेदार नृत्य, जैसलीन और अनिमेष का रोमांटिक गीत पर युगल नृत्य, प्राची का एकल नृत्य, दक्षिण भारतीय संस्कृति से ओतप्रोत दक्षिण भारतीय विद्यार्थियों को भावपूर्ण नृत्य ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

नवागंतुक विद्यार्थियों के मनोरंजन के आयोजित इस शाम का सिलसिला अभी थमा नहीं था। थोडी ही देर में प्रसिद्ध डीजे द जेनियल सीक्रेट और प्रिशा ने अपने हुनर से विद्यार्थियों को दीवाना बना दिया। धमाकेदार संगीत से लबरेज गीतों का सम्मिश्रण और डीजे के जोश ने विद्यार्थियों को उछल-उछल कर नाचते रहने को मजबूर कर दिया। संस्कृति विवि के विशाल प्रांगण में जो जहां था वहीं ठुमकने को मजबूर हो गया। रात 12 बजे तक मनोरंजन के इस पैकेज ने विवि के विद्यार्थियों जबर्दस्त तरीके से बांधे रखा। इस मौके पर संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता और सीईओ डा. मीनाक्षी शर्मा, कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी, एकाडमिक डीन डा. रेनू गुप्ता की उपस्थिति ने माहौल को पूरे समय गरिमामय बनाए रखा।

## मोबाइल हैक कर 1.29 लाख की ठगी, पुलिस ने 89 हजार लौटाये

**फिरोजाबाद।** साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर सेल फिरोजाबाद ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एपीके फाइल के जरिए हुई साइबर ठगी के पीड़ित को 89 हजार रुपये वापस करा दिए। थाना जसराना क्षेत्र निवासी अजय कुमार के मोबाइल को साइबर अपराधियों ने एपीके फाइल के माध्यम से हैक कर लिया था। इसके बाद उनके खाते से कुल 1,29,900 रुपये की साइबर ठगी की गई। पीड़ित ने घटना की शिकायत एनसीआरपी पर दर्ज कराई। पुलिस के प्रयास से 89,000 रुपये पीड़ित को वापस करा दिए गए। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अनजान स्रोत से प्राप्त एपीके फाइल या संदिग्ध लिंक डाउनलोड न करें और किसी को ओटीपी, यूपीआई पिन, सीसीवी बैंक संबंधी जानकारी न दें।

## रोजगार मेले में 424 अभ्यर्थियों को मिला रोजगार




**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय फिरोजाबाद की ओर से विधानसभा क्षेत्र सिरसागंज स्थित आर्य गुरुकुल महाविद्यालय में एक दिवसीय निःशुल्क वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में 14 से अधिक नियोजकों ने प्रतिभाग किया, जबकि 838 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराई। चयन प्रक्रिया के बाद कुल 424 अभ्यर्थियों को रोजगार प्राप्त हुआ। रोजगार मेले का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुमित कुमार ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आर्य गुरुकुल महाविद्यालय में रोजगार मेले के आयोजन की सराहना की। उन्होंने प्रतिभागी नियोजकों का आभार व्यक्त करते हुए बेरोजगार अभ्यर्थियों को विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। मेले में विभिन्न नियोजक कंपनियों ने अभ्यर्थियों की योग्यता एवं आवश्यकताओं के अनुसार चयन प्रक्रिया पूरी की। रोजगार मेले के माध्यम से बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सिरसागंज ने भविष्य में अधिक से अधिक रोजगार मेले आयोजित कराने का सुझाव दिया, जिससे बेरोजगार युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। जिला सेवायोजन अधिकारी फिरोजाबाद ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए युवाओं को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राजकीय आईटीआई शिकोहाबाद के प्रधानाचार्य, आर्य गुरुकुल महाविद्यालय सिरसागंज का समस्त स्टाफ तथा जिला सेवायोजन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सबमर्सिबल की केबल चोरी में दो आरोपी गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूंडला पुलिस ने सबमर्सिबल की केबल चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई केबल की खोली कॉपर और एक प्लास बरामद किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पुराने बाईपास स्थित बेंदी की पुलिया के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अंकित उर्फ गट्टुआ उर्फ कृष्णकांत और सेवन पुत्र रामलखन उर्फ लक्ष्मण सिंह, निवासी नगला गुमान, थाना टूंडला के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी अंकित के खिलाफ पूर्व में चोरी, लूट, गैंगस्टर एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं, जबकि सेवन का आपराधिक इतिहास इसी मामले से संबंधित दर्ज मुकदमे का है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बैजनाथ सिंह उपनिरीक्षक अमर सिंह, अरविंद कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## तहसील महावन प्रशासन की मनमानी के आगे किसानों की जीत

**मथुरा।** तहसील महावन में लेखपालों द्वारा एक किसान के साथ की गई मारपीट और अभद्रता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद उपजा विवाद आखिरकार भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के कड़े रुख और उग्र आंदोलन की चेतावनी के आगे थम गया है। तहसील प्रशासन को किसानों की एकजुटता के आगे झुकना पड़ा है। 23 सितंबर 2026 को तहसीलदार महावन तहसील के सभी लेखपालों को साथ लेकर बीकेयू के प्रदेश प्रवक्ता के बरौली स्थित कैंप कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने पूरी घटना की जिम्मेदारी लेते हुए पीड़ित किसान, किसान यूनियन के पदाधिकारियों और उपस्थित किसान सरदारी के समक्ष सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। साथ ही, भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न होने का लिखित व मौखिक आश्वासन भी दिया। दो दिन पूर्व तहसील महावन में कार्यरत लेखपालों द्वारा एक किसान के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद से क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश था। घटना से नाराज भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने प्रशासन के खिलाफ बड़े धरना-प्रदर्शन और आंदोलन का ऐलान किया था। बीकेयू के प्रदेश प्रवक्ता (उत्तर प्रदेश) व प्रभारी (मध्य प्रदेश) गजेंद्र परिहार तथा युवा प्रदेश मीडिया प्रभारी ललित शर्मा ने सख्त लहजे में प्रशासन को चेतावनी दी थी कि यदि भविष्य में किसी भी किसान के साथ ऐसा दुर्व्यवहार किया गया, तो तहसील महावन के खिलाफ ऐसा प्रदेश-व्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा कि दोषी कर्मचारी कहीं काम करने योग्य नहीं रहेंगे। मामले के शांत होने के बाद तहसीलदार महावन ने किसानों को आश्वस्त किया, जिसमें भविष्य में किसी भी किसान के साथ किसी भी प्रकार की अभद्रता नहीं दोहराई जाएगी। निष्क्रिय और सुस्त कर्मचारियों को तुरंत हिदायत देकर उनकी कार्यशैली में सुधार लाया जाएगा।

# युवाओं के कंधों पर देश का भविष्य: जिपं अध्यक्ष



**मथुरा।** भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए, स्थानीय श्री प्रेम देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज में भव्य और प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में युवाओं और विद्यार्थियों को देश के भविष्य के रूप में तैयार करने तथा राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मथुरा के जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी का स्वागत कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. अल्कादीप और कार्यक्रम के व्यवस्थापक सतेंद्र चैधरी एवं धर्मेंद्र कुमार ने किया।

मुख्य अतिथि किशन चैधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2047 में जब देश अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब भारत को एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की जिम्मेदारी आज की युवा पीढ़ी और विशेषकर छात्राओं के कंधों पर है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अपनी शिक्षा और कौशल के माध्यम से राष्ट्र की प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान दें।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अल्कादीप ने अपने संबोधन में कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही एक मजबूत और विकसित राष्ट्र की नींव है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे देश की प्राथमिकताओं को समझें और अपने लक्ष्यों को राष्ट्रहित से जोड़ें।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने विकसित भारत के निर्माण में शिक्षा, तकनीकी प्रगति, अनुशासन और महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर अपने-अपने विचार साझा किए। छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। समारोह को सफल बनाने में विद्यालय परिवार का पूरा सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विद्यालय की प्रवक्तागण डॉ. सुप्रिया सिंह, डॉ. अर्पणा मिश्रा सहायक अध्यापिकाएं श्रीमती पिंकी चैधरी, प्रीतिका, रितु व्यास, आँचल मिश्रा, हिमांशु उपाध्याय, रजनी चाहर के अलावा विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण के सामूहिक संकल्प और भारत माता की जय के गगनभेदी नारों के साथ हुआ।

# असाधारण इंसान थे पं. दीन दयाल उपाध्याय





आशा मिश्रा

**जयंती पर विशेष**

एकात्म मानववाद के प्रणेता, जनसंघ के शलाका पुरुष पं. दीनदयाल उपाध्याय की आज 110वीं जयंती है। उन्हें देश भर में याद किया जा रहा है। उनके आदर्शों और सिद्धांतों पर चलने के संकल्प लिए जा रहे हैं। उनके नाम पर चल रही विकास योजनाओं को रफ्तार देने के प्रयास हो रहे हैं।

वह आखिरी भोजन और उनका वह आखिरी सफर। वर्ष 1968 की 9 फरवरी। मैं लगभग आठ वर्ष की थी। पिता श्री ईश्वरी प्रसाद शर्मा (अब दिवंगत) उन दिनों वेस्टर्न- रेलवे में एक वरिष्ठ-अधिकारी के पद पर तैनात थे। हमारा परिवार मुंबई के माटुंगा-रोड रेलवे स्टेशन के सामने स्थित रेलवे के एक फ्लैट्स में रहता था। उस उम्र में मुझे रिश्ते-नातों की बहुत अधिक समझ नहीं थी और न ही राजनीतिक दुनिया की कोई जानकारी। मेरा समूचा संसार बस मेरा घर, माता-पिता, भाई-बहन, स्कूल, खेल-खिलौने और आस-पास का परिवेश, बस यहीं तक सीमित था। उस दिन पिताजी ने सुबह मां से कहा-

'दीना-मामा घर आने वाले हैं। मैंने सोचा कि पिताजी के मामाजी यानि कोई बहुत बड़े बुजुर्ग रिश्तेदार आने वाले हैं। जब शाम को वह घर आए तो पिताजी ऑफिस से घर नहीं लौटे थे। दरवाजे की घंटी बजी। माँ ने मुझसे कहा—'बेटा...जाओ देखो। शायद मामाजी आ गए हैं?' मैंने दरवाजे के पास एक स्टूल लगाया। उस पर चढ़कर झाँका और वापस आकर माँ से कहा कि नहीं माँ... पापा के मामा जी नहीं हैं। कोई गाँव का आदमी है। धोती-कुर्ता पहने हुए है और कंधे पर झोला लटका रखा है।' माँ समझ गयीं और उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि अरे, वे तो दीना मामा हैं। दरवाजा खोल दे। मां उनसे परदा करती थीं। मैंने दौड़कर दरवाजा खोला। सामने एक बहुत ही साधारण से व्यक्ति खड़े थे। धोती-कुर्ता। आँखों पर चश्मा पैरों में साधारण-सी चप्पल और कंधे पर एक सादा-सा खादी का झोला। मुझे आज भी उस झोले की छवि याद है। शायद उसमें कुछ पुस्तकें और कपड़े रहे होंगे? उस समय मैं कहाँ समझती थी कि उस साधारण से दिखने वाले व्यक्ति का व्यक्तित्व कितना असाधारण है? वह और कोई नहीं, हमारे परम आदरणीय पं. दीनदयाल उपाध्याय जी थे, जिन्हें हमारे परिवार में स्नेह और आदर से दीना मामा कहा जाता था। वे घर के अंदर आए और बैठ गए। परदा करने के कारण मां उनसे सीधे बातचीत नहीं कर रहीं थीं। उस समय जो भी बातचीत हो रही थी, वह मेरे माध्यम से ही हो रही थी। दीना मामा ने मुझसे मेरा नाम पूछा। मैं किस कक्षा में पढ़ती हूं? क्या पढ़ती हूँ। और ऐसी ही न जाने कितनी छोटी-छोटी बातें पूछीं। मैं मुंबई के वातावरण में पली-बढ़ी थी, इसलिए उस समय मेरी बातचीत अधिकतर अंग्रेजी में होती थी। वह मुझसे हिंदी में प्रश्न पूछ रहे थे और मैं उनके उत्तर अंग्रेजी में दे रही थी। थोड़ी-देर में पिताजी ऑफिस से लौटे तो उन्होंने हँसते हुए कहा कि 'इसरी यानी ईश्वरी प्रसाद। तुमने तो अपनी बेटी को बड़ा होशियार बना रखा है। यह तो हिन्दी में बात ही नहीं करती है। फिर खिलखिलाकर हंसे। उस समय मुझे उनके व्यक्तित्व, उनके विचारों अथवा उनके राजनीतिक - जीवन के बारे में कुछ भी पता नहीं था। मेरे लिए तो वे बस पिताजी के 'मामाजी' थे। बालपन और बालमन का अपना एक अनूठा संसार होता है। मैं उन्हें देखकर सोचती रही—ये पापा के मामा कैसे हो सकते हैं? उम्र में तो वह पिताजी के आसपास ही लगते हैं। मैं उस समय सोच रही थी कि वह तो पापा के बड़े भाई यानि मेरे ताऊ-चाचा जैसे ही हैं। बड़ा होने पर समझ में आया कि वास्तव में वह मेरे पिताजी के मामा ही थे पर वह मेरे लिए हमेशा दीना मामा ही रहे। अगले दिन भी वह हमारे घर पर ही रहे। माँ उनके सामने परदे में ही रहीं। भोजन-पानी और घर की अन्य व्यवस्थाएं उन्होंने ही कीं, लेकिन बातचीत मैंने और पिताजी ने, दोनों दिन उनसे खूब गपशप की। उन्होंने मेरी पढ़ाई, खेल-कूद और शरारतों को भी खूब चाव से सुना। उनकी यह एकमात्र और सबसे अनूठी स्मृति आज भी मेरे मानस-पटल पर स्पष्ट अंकित है। अगले दिन उन्हें रवाना होना था। पिताजी सुबह ऑफिस चले गए. उन्हें विदा करने जब स्टेशन पहुंचे लेकिन विलम्ब हो गया जब पिताजी स्टेशन पहुंचे ट्रेन प्लेटफॉर्म पर रेंग रही थी.. दोनों के बीच केवल हाथ हिलाकर अभिवादन ही हो पाया। पिताजी उन्हें उस दिन ठीक से विदा भी नहीं कर पाए और न ही कुछ कह सके और फिर अगले ही दिन लखनऊ से कामेश्वर मामाजी (मेरे ममेरे दादाजी) का फोन आया। उन्होंने वह दुःखद समाचार पिताजी को सुनाया, जिसकी हमने स्वप्न में भी कल्पना नहीं की थी— 'दीना अब नहीं रहा। उसकी नृशंस-हत्या कर दी गयी है।'

मुगलसराय स्टेशन के यार्ड में उसका शव मिला है। निर्मम-हत्या से मात्र एक दिन पहले हमारे घर में आखिरी बार भोजन करने वाले देश के पंडित दीनदयाल उपाध्याय और हमारे परिवार के दीना-मामा अब एक चिरन्तन-स्मृति थे। पिताजी बहुत दुःखी हुए। उस दिन हमारे घर में न तो भोजन बना और न ही किसी ने भोजन किया। पिताजी को ताउम्र इस बात का अफसोस रहा कि वह उनसे अंतिम-बार ठीक से मिल नहीं पाए। उन्हें विदा नहीं कर पाए। उन्हें उनकी पसंदीदा मिठाई और नमकीन नहीं दे पाए। उन दोनों का रिश्ता मामा-भांजे का था। लेकिन दोनों एक शानदार दोस्त थे। एक दूसरे के राजदार थे। पंडितजी जब भी कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेते, उसे पिताजी से साझा करते। वह पिताजी को पत्र भी लिखा करते थे और अपने मन की बात उनसे साझा करते थे। पिताजी के सेवानिवृा होने के बाद हम अजमेर में बस गए थे। प्रेम-भवन क्षेत्र में हमारा घर था। एक बार अजमेर में बहुत भयंकर बाढ़ आई। उस समय हमारा परिवार दक्षिण- भारत की यात्रा पर गया हुआ था। घर में लगभग चार-पांच फीट तक पानी भर गया था। पिताजी द्वारा अनेक वर्षों से सुरक्षित रखीं उनकी अनेक महत्वपूर्ण फाइलें, कागजात, पत्र और दस्तावेज उस बाढ़ में नष्ट हो गए। उन्हीं में पं. दीनदयाल उपाध्याय का एक बहुत महत्वपूर्ण पत्र भी था, जिसका उल्लेख पिताजी अक्सर किया करते थे। उस पत्र का सम्बन्ध आगरा से था। आगरा में हमारा एक अन्य परिवार अर्थात मेरी मौसी स्वर्गीय श्रीमती पुष्पलता उपाध्याय एवं मेरे मौसाजी स्वर्गीय प्रोफेसर के.सी. उपाध्याय, एडवोकेट का बेलनगंज के कचौरा-बाजार में तिमंजिला आवास था, जो पण्डितजी के रक्त और वंश से आते हैं। मौसाजी सुप्रसिद्ध अधिवक्ता थे और स्वयं भी संघ के स्वयंसेवक थे। पण्डित जी के परामर्श व निर्देश पर संघ के प्रचारकों और स्वयंसेवकों की बैठकें तथा उनके ठहरने की व्यवस्था अक्सर उसी घर में हुआ करती थी। पंडित जी संघ-कार्यालय के अलावा उसी घर में संघ के खास स्वयंसेवकों व जनसंघ के कार्यकर्ताओं से मिला करते थे। पिताजी बताया करते थे कि 13 मार्च 1942 को आगरा के उसी घर में पंडितजी ने भाऊदेवरस की उपस्थिति में संघ-प्रचारक बनने का अन्तिम-निर्णय लिया था। पण्डित जी के निकट-परिजन पण्डित राम शरण उपाध्याय 'वैद्य-शास्त्री' के प्रपौत्र मेरी उन्हीं मौसी और मौसाजी के सुपुत्र, मेरे छोटे भाई चंद्रशेखर पण्डित भुवनेश्वर दयाल उपाध्याय न्यायविद ने आगरा के घर में संरक्षित एवं सुरक्षित पण्डितजी द्वारा अपने जीवनकाल में प्रयुक्त की गई अनेक वस्तुओं को सरकार को सौंपा है, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 दिसम्बर 2025 को राष्ट्र को समर्पित किया है। मेरे लिए पं. दीनदयाल उपाध्यायजी की सबसे बड़ी पहचान हमेशा दीना मामा ही रही है और रहेगी। बड़ा होने पर जब उनके जीवन-विचारों और कार्यों के बारे में जाना। तब समझ में आया कि बचपन में हमारे घर आए वह साधारण से दिखने वाले दीना-मामा कितने असाधारण थे?

## सामाजिक सुरक्षा

एक लोकतांत्रिक और लोक कल्याणकारी राज्य व्यवस्था का यह प्राथमिक दायित्व है कि वह अपने हरेक नागरिक को सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा के दायरे में लाने का प्रयास करे। इस संदर्भ में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने हाल ही में पेंशन योग्य वेतन की सीमा को बढ़ाकर करोड़ों श्रमिकों की आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करने का प्रयास किया है। ईपीएफओ कवरेज के लिए वेतन सीमा को 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये प्रति माह करने के सरकार के फैसले से औपचारिक क्षेत्र में वेतन के साथ सामाजिक सुरक्षा का ढांचा और करीब आ गया है। इस सीमा में आखिरी बार सितंबर 2014 में संशोधन किया गया था जब इसे 6,500 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये किया गया था। इसके बाद से न केवल वेतन में वृद्धि हुई है, बल्कि औपचारिक रोजगार का आकार भी बढ़ा है। आवधिक श्रम शक्ति सर्वे की 2025 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार नियमित वेतन/मजदूरी पाने वाले कर्मचारियों की औसत मासिक आय 2025 में 22,699 रुपये थी। ईपीएफओ की एक पूर्व विशेषज्ञ समिति ने उल्लेख किया था कि अमेरिका, सिंगापुर और ब्राजील जैसे देश वेतन के संदर्भ में ऐसी सीमाओं में समय-समय पर संशोधन करते हैं। ऐसे में यह तर्क दिया जा सकता है कि भारत को भी इतने लंबे अंतराल के बाद एकमुश्त बड़ी बढ़ोतरी करने के बजाय इस सीमा में अधिक नियमित अंतराल पर संशोधन करना चाहिए। हालिया संशोधन से सरकार की राजकोषीय देनदारी भी बढ़ेगी। केंद्र सरकार का ईपीएफओ से संबंधित वार्षिक खर्च अनुमानतः 10,250 करोड़ रुपये से बढ़कर 11,339 करोड़ रुपये हो जाएगा। इस बढ़ोतरी का मुख्य कारण पेंशन योग्य उच्च वेतन सीमा पर कर्मचारी पेंशन योजना में सरकार द्वारा किए जाने वाले 1.16 फीसदी योगदान में वृद्धि है। इसका बड़ा हिस्सा नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बढ़े हुए योगदान के जरिए वहन किया जाएगा। योगदान बढ़ने से कर्मचारियों के हाथ में आने वाला वेतन कम हो सकता है। यह अपेक्षाकृत कम समय में दूसरी बार होगा, जब कर्मचारियों के टेक-होम वेतन पर असर पड़ेगा। वेज कोड 2026 के तहत कंपनियों को पहले ही अपने वेतन ढांचे की समीक्षा करनी पड़ी है। इसमें प्रावधान है कि मूल वेतन और महंगाई भत्ता सकल वेतन का 50 फीसदी होना चाहिए। इस बदलाव से बड़ी संख्या में कर्मचारियों के ईपीएफ योगदान में वृद्धि हुई है। अब वेतन सीमा में संशोधन से यह योगदान और बढ़ेगा तथा कर्मचारियों के हाथ में आने वाला वेतन कम होगा, हालांकि यह राशि सेवानिवृत्ति बचत के लिए जमा की जाएगी। दोनों बदलावों को एक साथ लागू किया जा सकता था। यदि वेतन संरचना में नियोक्ता का योगदान पहले से ही कंपनी लागत में शामिल नहीं है तो नियोक्ताओं को भी अपने सांविधिक योगदान में इसी तरह की बढ़ोतरी का सामना करना पड़ सकता है। यह खास तौर पर श्रम-प्रधान कंपनियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए महत्त्वपूर्ण है जहां लाभ का मार्जिन और वेतन लागत एक-दूसरे से करीबी से जुड़े होते हैं। इस विस्तार से ईपीएफओ की सेवाएं कुशलतापूर्वक उपलब्ध कराने की क्षमता पर भी अधिक दबाव होगा। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार ईपीएफओ में करीब 7.98 करोड़ योगदान करने वाले सदस्य हैं जबकि कर्मचारी पेंशन योजना से लगभग 82 लाख पेंशनभोगियों को लाभ मिलता है। ईपीएफओ ने 2024-25 में 6.02 करोड़ दावों का निपटारा किया। इस दौरान दावों के स्वचालित प्रसंस्करण और डिजिटल सेवाओं की ओर भी तेजी से बदलाव देखने को मिला है। ईपीएफओ 25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सेवानिवृत्ति बचत का प्रबंधन करता है। वर्ष 2025 में भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट ने ईपीएफओ की लेखांकन व्यवस्था, जोखिम प्रबंधन, पोर्टफोलियो प्रबंधन और आंतरिक प्रशासन में कुछ कमियों की ओर ध्यान दिलाया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि ईपीएफओ की भविष्य निधि, पेंशन और बीमा योजनाओं की अलग-अलग देनदारियों के अनुरूप निवेश रणनीतियों को बेहतर ढंग से तैयार करने की जरूरत है। ईपीएफओ को इन सुझावों के अनुकूल अपनी निवेश रणनीति भी दुरुस्त करनी चाहिए ताकि कर्मियों को बेहतर लाभ दे सके।




**ईपीएफओ द्वारा पेंशन योग्य वेतन की सीमा बढ़ाने से श्रमिकों की पेंशन में सुधार होगा जो उनकी लिए सामाजिक सुरक्षा का सबसे सशक्त माध्यम है।**

### विचार

उद्योग तो मनुष्य को करना ही चाहिए क्योंकि यह तो उसका कर्तव्य है। गाय न पालकर भी बिल्ली अपने उद्योग से ही तो नित्य दूध पीती है।

-लोकोक्ति.

ईर्ष्या करने वाले का सबसे बड़ा शत्रु उसकी ईर्ष्या ही है। दूसरे शत्रु उसका अहित करने से रह भी जायें, परन्तु ईर्ष्या उसे हानि पहुंचा कर ही रहती है।

-तिरुवल्लुअर.

जो लोग सचमुच में बुद्धिमन होते हैं, वे असफलताओं से कभी नहीं घबराते हैं।

-शेक्सपियर.

मस्तिष्क का अपना एक अलग स्थान है। वह स्वर्ग को नरक में और नरक को स्वर्ग में बदल सकता है।

-मिल्टन.

अग्नि भोजन को पचाती है, उपहास दोषों को पचाता है।

-आयुर्वेद.

### सोशल मीडिया

उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन श्री धर्मपाल जी आपको पुन: नियुक्त किये जाने पर हार्दिक बधाई, आपके उज्ज्वल कार्यकाल की हार्दिक शुभकामनाएं।
केशव प्रसाद मौर्य.



पीडीए रथ की पहली यात्रा में रायबरेली में बात इतने बड़े हार से स्वागत की नहीं है कि उसे क्रेन से उठाया जाये बात अपनों से मिल रहे बेइंतिहा प्यार-मोहब्बत की है। अखिलेश यादव.



हमारी सरकार माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में, योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में योजनाएं बनाती है, तो सामने गरीब देखती है, उसके समाज व धर्म को नहीं देखती। नितिन नवीन.



## अपने आप को मत भूलिये

**अंतर्दृष्टि**

आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में एक ही सबसे बड़ी भूल होती है कि हम अपने आप को भूल जाते हैं और पराये को अपना समझने लगते हैं। ऐसी गलती कभी-कभी भूत-पलीतों के आवेश में होती है। जिस पर वह आवेश आता है वह अपने मुंह से कुछ कहता और कुछ से कुछ बताता है। ऐसी अटपटी बातें कहता है जो उस व्यक्ति के काम की तनिक भी नहीं होती। भूत के काम की भले ही हो, इसी प्रकार ज्वर की तीव्रता में जब मनुष्य बेचैन विकल हो जाता है तब भी ऐसी बातें कहता है जिसे बकवास ही कहा जा सकता है। क्रोध के आवेश में भी लोग ऐसी ही गाली गलौज देते हैं जिन्हें वज्रमूर्खता की संज्ञा दी जा सकती है। शराब पीकर उन्मादी व्यक्ति ऐसे ही वचन बोलता है और ऐसी ही कृत्य करता है। माया को भी एक प्रकार का उन्माद माना गया है। उसकी छाया जिस पर जितनी गहरी पड़ती, वह उतना ही असंगत अव्यवहारिक और अवास्तविक बन जाता है। सबसे बड़ी भुल यह होती है कि आत्मा को शरीर और शरीर का आत्मा मानने लगता है। फलस्वरूप सारा चिंतन और क्रियाकलाप गड़बड़ा जाता है। शरीर वाहन अथवा उपकरण है। आत्मा स्वामी, ईश्वर का पुत्र या प्रतिनिधि। आत्मा को कुछ महत्वपूर्ण कार्य सौंपे गये हैं और विश्वास दिलाया गया है कि इन प्रयासों को यदि ठीक तरह किया जा सके तो इसके परिणाम स्वरूप अगले दिनों उच्च स्तरीय पदोन्नति होगी। इसके अतिरिक्त शरीर ऐसा दिया गया है जैसा कि किसी और प्राणी के पास नहीं है। यह अनुकम्पा इसलिए की गयी है कि जो कार्य उच्च श्रेणी को सौंपी गये हैं उन सभी को ठीक प्रकार किया जा सके। शरीर और मस्तिष्क तथा उपलब्ध सुविधा साधन यदि इस स्तर के न मिले होते तो शायद मनुष्य इतना कुछ कर नहीं पाता जितना कि करना चाहिए। अपना अंश आत्मा को देकर भगवान ने कम अनुग्रह नहीं किया है। भूल यह हो जाती है कि शरीर की वासना और मन की तृष्णा इतनी बलवती हो उठती है कि उन्हें पूरा करने के लिए पूरा समय, श्रम, मनोयोग, खप जाता है। लगता है हम शरीर ही हैं। जो शारीरिक स्वार्थ हैं वे ही हमारे सवर्थ हैं। शरीर में भूख भौतिक आवश्यकता अन्न, वस्त्र और अच्छादन हैं। मन का प्रवाह जब ज्ञानेन्द्रियों की ओर बहने लगता है तो उनकी स्थिति भी यही होती है कि अनेक तरह के दृश्य स्वाद, स्पर्श मांगने लगती है। उनकी पूर्ति के लिए व्याकुलता होती है तो उसे वासना कहते हैं। शरीर की ही एक भाग मन की उमंगें लोभ, मोह और अहंकार के रूप में उफनती रहती हैं। यह सब मिलकर इतना जाल जंजाल खड़ा हो जाता है कि शरीर और मन की इच्छाएं पूरी करने में ही जीवन का समूचा सरतत्व खप जाता है।

## झूठ क्यों नहीं बोलें...

**व्यंगलोक**

पन्नालाल जी की बातें से मैं ठगा सा रह गया। झूठ रोजी-रोटी बन गयी है तो फिर इसे रोकने के लिए प्रयास करना वाकई पाप है। मैंने तत्काल पन्नालाल जी से माफी चाही- माफ करिये! मुझे पता नहीं था कि झूठ आपका जीवनाधार बन गया है। जहां तक मेरा सवाल है, झूठ तो मैं भी बोलता हूँ, परन्तु बहुत ही न्यून। जब आप हरिश्चन्द्र हैं या उसकी औलाद, तो न्यून भी क्यों बोलते हैं? हम अधिकतम बोलते हैं तो क्या हुआ? झूठ बोलने से कोई किसी को नहीं रोक सकता। झूठ बोलना भी मौलिक अधिकारों में शामिल है। पन्नालाल जी ने कहा। अब बताइये, झूठ पाप कहां हुआ?
यह तो वाकई, बकौल पन्नालाल जी बड़ी तपस्या है, साधना है, जिसे मुश्किलों के बाद प्राप्त किया जाता है। एक बार तो इच्छा हुई कि अपने बच्चे को एक थप्पड़ मारकर कहूं कि उसे झूठ को पाप का फतवा देने को किसने कहा था? फिर यह सोचकर कि उसकी मां ने बताया होगा तो व्यर्थ में घर में अशान्ति हो जायेगी चुप रहा। फिर भी मन नहीं माना। मैंने पत्नी से कहा-अरे भागवान, जरा सुनो! अपने टिंकू को आजकल यह पहाड़ा किसने रटाया है? कौन सा पहाड़ा? वही, झूठ बोलना पाप होता है? आपने ही बताया होगा। मैं यह बेवकूफी करने वाली नहीं हूँ। पत्नी ने कहा। मैं घबराकर बोला- भगवान कसम, यह बात मैंने उससे कभी नहीं कही। उसका थोड़ा ध्यान रखो। वह सच बोलने लगा तो हमारा जीवन चौपट कर देगा। बाहर मैंने जानकारी की है। सब लोग झूठ बोल रहे हैं। मुझे नहीं चाहिए यह हरिश्चन्द्र की औलाद। घबराओ नहीं, औलाद हरिश्चन्द्र की नहीं, आपकी है। आप पचास प्रतिशत झूठ बोलते हैं, यह शत्-प्रतिशत झूठ बोलेगा। आज ही स्कूल से शिकायत आयी है कि वह पांच दिन से स्कूल नहीं जाकर अपने हम उम्र दोस्तों के साथ इधर-उधर घूककर घर आ जाता है। मैंने उससे पूछा तो पता है, क्या कहा उसने? क्या कहा?
मैंने पूछा। पापा भी तो ऑफिस का नाम करके अकेले-अकेले सिनमा देख आते हैं? मैं चुप रह गया। मेरी समझ में नहीं आ रहा कि क्या करूं? परन्तु मुझे यह तसल्ली जरूर हो गयी कि उसके हरिश्चन्द्र बनने का अब कोई अंदेशा नहीं है। पन्नालाल जी की बात अब भी याद आ रही है- झूठ बरोबर तप नहीं, सांच बरोबर पाप, जाके हृदय झूठ है, ताके हृदय आप सही है, झूठ बोलने वाले के हृदय में भगवान स्वयं निवास करते हैं। आज कल हर ऐरा-गैरा सत्य बोल रहा है तो आप -झूठ क्यों नहीं बोलें? जरूर बोलें।



पूरन सरमा

## भावनाओं की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है कला



**कला जगत**

धीरज बसाक

साल 1902 में जब महान चित्रकार पाब्लो पिकासो ने अपने एक करीबी दोस्त की दुखद मृत्यु पर एक 'ब्लू न्यूड पेंटिंग' बनायी तो देखते ही देखते कला जगत में उसे मास्टर पीस का दर्जा दिया गया। यह न्यूड पीस ऑब्सट्रैक्ट या अमूर्त कला का एक शानदार उदाहरण थी। साल 2010 में न्यूयार्क में यह पेंटिंग 10,64,82,500 डॉलर में बिकी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कला की दुनिया में इस पेंटिंग का किस स्तर का महत्व है। यह न्यूड पेंटिंग इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि आधुनिक अमूर्त कला की यह सबसे प्रतिनिधि पेंटिंग है। हालांकि अमूर्त कला, कला की दुनिया में कोई हालिया पैदा हुई शैली नहीं है, यह बहुत पुरानी है। अगर अमूर्त कला के इतिहास को खंगाले तो जो शुरूआती संस्कृतियों की कलाएं हैं, जिन्हें आमतौर पर मिट्टी के बर्तनों, कपड़ों और शिलालेखों के रूप में व्यक्त किया गया है, वो सरल ज्यामितीय और रैखिक रूपों का ही एक प्रकार है, जो कि अमूर्त कला का आधार है।

चीनी और इस्लामिक सुलेख की सुंदरता कलाओं के समरूप ही हैं, हालांकि इन्हें कला का दर्जा नहीं दिया जाता। लेकिन अगर अमूर्त कला के आईने में देखें तो ये कलाएं ही हैं। चीन में सिर्फ सुलेख तक ही अमूर्त कला सीमित नहीं है बल्कि तांग राजवंश के चित्रकार वांग मो जिनके बारे में समझा जाता है कि उन्होंने स्प्लैश्ड-इंक पेंटिंग शैली का आविष्कार किया है। बाद में यह शैली सांग वंश के चित्रों में भी साफ तौरपर दिखायी देती है। बुद्धवादी चित्रकार लियांग काई सी (1140-1210) ने अपनी इमोशनल इन स्प्लैश्ड इंक में जो चित्र बनाये हैं, वह भी अमूर्त चित्रकला की ही एक उदाहरण है। लेकिन आधुनिक अमूर्त चित्रकला 19वीं सदी में उभरकर आती है, जब कला आंदोलनों के चलते कला का विकास होता है और रोमांटिकवाद, प्रभाववाद और अभिव्यक्तिवाद कला की तीन मजबूत शैलियां उभरकर आती हैं। इनकी आपसी प्रतिस्पर्धा में भी अमूर्त कला मजबूती के साथ विकसित होती है।

आधुनिक अमूर्त चित्रकारों में निःसंदेश पाब्लो पिकासो अप्रतिम हैं। कला दुनिया में अमूर्त कला इसलिए खास है, क्योंकि बाकी कला की हर शैली की अभिव्यक्ति की एक सीमा है, लेकिन अमूर्त कलाशैली में कला अभिव्यक्ति की कोई सीमा नहीं है, इसलिए सृजनात्मकता को जो ऊंचाई अमूर्त कला में मिली है, वैसी ऊंचाई अब के पहले कभी किसी भी कलाशैली में नहीं मिली। अमूर्त कला का भारत से भी गहरा रिश्ता है। सच बात तो यह है कि अमूर्त चित्रकला को सबसे बेहतर तरीके से मूर्तिकला के माध्यम से समझा जा सकता है। भारतीय चिंतन परंपरा में अमूर्त और समूर्त रूपंकरों की गहन आध्यात्मिक और दर्शनिक मौजूदगी सदियों से है, यह मौजूदगी दार्शनिक मीमांसा और भाषिक स्वरूप के साथ साथ सौंदर्य चेतना के रूप में भी उपस्थित रही है। भारतीय चिंतन परंपरा में निराकार की कल्पना और उसके महत्व को हमेशा से तरजीह दी गई है बल्कि सच तो यह है कि भारत में निराकर परंपरा साकार परंपरा से कहीं ज्यादा गहरी, विस्तृत और बहुआयामी है।

समूचा वैदिक आध्यात्म आख्यान के स्तर पर अमूर्त ही है। वेदों में मूर्त उपासना का कहीं भी जिक्र नहीं है। भारत में जो ज्ञान मीमांसा या ज्ञान दर्शन की परंपरा रही है, वह वास्तव में अमूर्त परंपरा ही है। भारत में बहुत बाद में मूर्तियों का विकास होता है और कला के स्तर पर भी साकार अभिव्यक्तियां अपनी जगह पाती हैं। इसके पहले सारी अभिव्यक्तियां भाव तक सीमित थीं, जो कि एक अमूर्त या निराकार अभिव्यक्ति है। भारतीय नाट्यशास्त्र में भी इस कला का सैद्धांतिक सूत्र मिलता है, क्योंकि नाट्यशास्त्र मानता है कि जो घट चुका है, उसे अब सिर्फ कहा ही जा सकता है। मतलब यह कि सिर्फ भावों में ही प्रकट किया जा सकता है। सिर्फ नाटक में ही नहीं भारत के तमाम शास्त्रीय संगीत में भी भाव का रस से ही संबंध है और ये दोनों आयाम अमूर्तता के गहन परिचायक हैं। भारतीय कला परंपरा पश्चिम की कला परंपरा से भले अलग है, लेकिन गहरे स्तर पर अमूर्त की अभिव्यक्ति में दोनो एक जैसी हैं। इसलिए अगर सैद्धांतिक और दार्शनिक दृष्टि से अमूर्त कला के इतिहास को देखें तो वह चीन या यूरोप में नहीं बल्कि उसकी सबसे गहरी जड़ें भारत में हैं।

## आप की बात

### सामाजिक बदलाव

शिक्षा आर्थिक प्रगति और सामाजिक बदलाव का सबसे बड़ा माध्यम है। शिक्षा होगी वैसा ही समाज भविष्य में बनेगा। इसलिए शिक्षा पर समाज को फोकस बढ़ाना चाहिए। भारत के साथ आजाद होने वाले अधिकांश देश आर्थिक प्रगति, नागरिकों की सुख-सुविधा, सुरक्षा, स्वास्थ्य रक्षा, रोजगार और समग्र प्रगति के मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। समावेशी विकास, महिला अधिकारिता, शिक्षा और बाल विकास जैसे तमाम मुद्दों पर छोटे-छोटे देश भी भारत से बहुत आगे हैं। भले ही हम आज दुनिया में महाशक्ति बनकर उभर रहे हों लेकिन फिर भी गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी आदि के मामले में भारत की स्थिति ठीक नहीं है। आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर जब हम यह सोचते हैं कि आखिर कहां ऐसी कमी रही, कौन से कारण रहे जिनके चलते भारत मानव विकास, नागरिकों की समृद्धि आदि के मामले में विश्व रैकिंग में कहीं नहीं ठहरता। जिस भी खराब मुद्दे को लेते हैं चाहे वह गरीबी हो, कुपोषण हो, खराब शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा हो, वैश्विक स्तर पर जब इनके आंकड़ों का अध्ययन करते हैं, तो यह पाते हैं कि भारत अधिकांश में नंबर एक पर है। यह भारत और उसके हरेक नागरिकरों के लिए चिंता का, चिंतन का और शर्म का भी विषय है। ऐसा क्यों है कि भारत में बहुत कुछ होते हुए भी हम अपने नागरिकों को बेहतर मानवीय सुविधाएं नहीं दे पाये हैं, तो इसके पीछे एक जो सबसे ठोस कारण नजर आता है वह है शिक्षा। अच्छी शिक्षा हरेक समाज की, हरेक नागरिक की जरूरत है। शिक्षा के बिना कोई भी समाज या देश प्रगति नहीं कर सकेगा। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार हरेक बच्चे को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराये।

**प्रेम प्रकाश शुक्ल, लखनऊ.**

### जलवायु परिवर्तन

पर्यावरण एक ऐसा मुद्दा है जिस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है जबकि इस दिशा में काम करने की जरूरत है। प्रदूषण शहरों के लिए कितना खतरनाक बन गया है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अत्यधिक प्रदूषण वाले शहरों के नागरिकों की औसत आयु चार से छह वर्ष तक प्रदूषण जनित बीमारियों के कारण कम हो गयी है। वायु प्रदूषण हर साल बड़ा संकट बनकर वर्षात के बाद आता है। यह सिलसिला हर साल बरसात के बाद शुरू होते हैं और फरवरी के आखिर तक बना रहता है। सर्दियों के दौरान हर साल उत्तर भारत के शहरों की आबोहवा विषैली हो जाती है, लोग बीमार पड़ने लगते हैं, बुजुर्गों व दमा रोगियों के लिए तो किसी आपदा जैसी होती है, लेकिन जो लोग स्वस्थ हैं वे भी धीरे-धीरे जहरीली हवा की चपेट में आकर बीमार होने को मजबूर हैं। सरकारों की नीति भी ऐसी है कि निकट भविष्य में कोई बड़ा बदलाव आयेगा ऐसी उम्मीद करना बेमानी है। इसलिए पर्यावरण के मुद्दे पर ठोस पहल की जरूरत है ताकि जलवायु परिवर्तन के संकट से निबटा जा सके।

**देवेश कुमार सिंह, लखनऊ.**

### उद्यमिता का प्रशिक्षण

युवाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। दो वर्ष पूर्व आयी कोरोना महामारी ने इतनी आर्थिक तबाही मचायी कि हर तरफ बेरोजगारी और रोजगार का संकट दिख रहा है। वैसे महामारी ने पूरी दुनिया में रोजगार का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। करोड़ों लोगों की नौकरियां गयीं वे फिर से पूरी तरह वापस नहीं मिलीं। ऐसे में यह जरूरी है कि जब कोरोना का संकट खत्म हो गया है तो रोजगार के लिहाज से जरूरी उद्यमों को आगे बढ़ाया जाये ताकि बेरोजगारी का संकट खत्म हो सके। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है।

**कृष्ण मोहन सिंह, गोण्डा.**

संक्षेप

## नवीनीकरण और सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

**ललितपुर।** श्रम विभाग की ओर से सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सुपर मार्केट स्थित लेबर अडडा पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मौके पर मौजूद लगभग 86 श्रमिकों को चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। चिकित्सकीय टीम ने श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में सीएमओ डा.वीरेन्द्र कुमार की संयुक्त टीम के साथ डा.विजय द्विवेदी, डा.राजेश भारती, डा.सुनील राजपूत तथा फार्मासिस्ट महेश साहू ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

चिकित्सकों ने उपस्थित श्रमिकों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी एवं परामर्श दिया। श्रमिकों के लिए आयोजित इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का उद्देश्य श्रम क्षेत्र से जुड़े कामगारों तक स्वास्थ्य सेवाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना रहा। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** गुरूवार को जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विकास भवन परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का आन्तरिक त्रैमासिक निरीक्षण किया, साथ ही यहां पर चल रहे फर्स्ट लेवल चैकिंग (एफएलसी) कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा

**● 1400 से अधिक मतदाता वाले केंद्रों पर बनेंगे सहायक बूथ**

व्यवस्था, रख-रखाव और तकनीकी मानकों की बारीकी से जांच की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के समय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी पूरी प्रक्रिया से संतुष्ट नजर आए।

इसके उपरान्त जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन कार्यालय में इलाहाबाद-झांसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के तहत राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों को



अवगत कराया कि जनपद ललितपुर में इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन हेतु पूर्व से कुल 11 मतदेय स्थल स्थापित हैं। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, जिन मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की संख्या 1400 से अधिक है, वहां मतदाताओं की सुविधा के लिए सहायक मतदेय स्थल (सहायक बूथ) बनाए जाने का प्रावधान है। जनपद में समीक्षा के दौरान पाया गया कि तहसील भवन तालबेहट एवं तहसील भवन महरौनी में मतदाताओं की संख्या 1400 से अधिक हो चुकी है। आयोग के निर्देशों के अनुपालन में इन दोनों परिसरों में 01-01 सहायक बूथ बनाए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस प्रस्तावित व्यवस्था के संबंध में बैठक में उपस्थित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत परिचर्चा की गई और सर्वसम्मति से आवश्यक कदम उठाने पर विचार-विमर्श हुआ।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश कुमार, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, निर्वाचन कार्यालय के प्रधान सहायक धमेन्द्र प्रधान, राजनैतिक दलों में आम आदमी पाटी जिलाध्यक्ष एड. हरदयाल सिंह, मीना राजा, बहुजन समाज पार्टी जिलाध्यक्ष एड. जानकी प्रसाद, विधानसभा संयोजक अनेक सिंह राजपूत, भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरू, इण्डियन नेशनल कॉग्रेस से जशपाल सिंह, समाजवादी पार्टी पार्टी जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव व अन्य उपस्थित रहे।

## छात्र-छात्राओं को कैसे मिलेगी छात्रवृत्ति, साढ़े 5 हजार से अधिक आवेदन अभी भी लम्बित

**ललितपुर।** छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत जिलाधिकारी सत्यप्रकाश की अध्यक्षता में की गयी समीक्षा बैठक में पाया गया कि जनपद में शैक्षिक सत्र 2026-27 में पूर्वदशम एवं दशमोत्तर कक्षा-11-12 छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन किए गये 05 हजार से अधिक आवेदन अभी भी शिक्षण संस्थाओं में लम्बित पड़े हैं। संस्था स्तर से आवेदन अग्रसारण की अन्तिम तिथि 22 सितम्बर थी, जिसको छात्र हित में 02 दिन के लिये विस्तारित किया गया है।

जिलाधिकारी ने समीक्षा में पाया कि छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कक्षा- 9-10 में कुल 2845 आवेदन लम्बित हैं, जिनमें सामान्य वर्ग के 293, एससी वर्ग के 707, एसटी के 04, अल्पसंख्यक वर्ग के 71 एवं पिछड़ावर्ग के 1770 आवेदन शामिल हैं। इसी प्रकार कक्षा-11-12 में कुल 2881 आवेदन लम्बित हैं, जिनमें सामान्य वर्ग के 326, एससी वर्ग के 680, एसटी के 02, अल्पसंख्यक वर्ग के 62 एवं पिछड़ावर्ग के 1811 आवेदन शामिल हैं।

जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत आवेदन अग्रसारण में की गयीं इस लापरवाही पर घोर नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि स्थिति अत्यन्त आपत्तिजनक है एवं सम्बन्धित संस्था के उत्तरदायी प्रधानाचार्य एवं छात्रवृत्ति नोडल प्रभारी की शिथिलता का घोतक है। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा से कोई समझौता नहीं किया जायेगा और उक्त दो दिवस में संस्था स्तर पर लम्बित आवेदन पत्रों को शत प्रतिशत निस्तारित कराते हुये डाटा शून्य करने के निर्देश दिये हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक को ऐसे विद्यालयों की सूची (संलग्न) उपलब्ध कराते हुये प्रत्येक दशा में संस्था स्तर पर लम्बित डाटा को निस्तारित कराने एवं ऐसे संस्थाओं के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुये शासन को अवगत कराने के निर्देश दिये। योजनान्तर्गत प्रतिदिन समीक्षा किये जाने के उपरान्त भी नियत समयावधि में संस्था की शिथिलता के कारण आवेदन पत्र निस्तारित नहीं किये जाते हैं, तो सम्बन्धित संस्था के उत्तरदायी प्रधानाचार्य/प्रबन्धक के विरुद्ध निश्चित रुप से कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जिला विद्यालय निरीक्षक एवं सम्बन्धित प्राचार्य व्यक्तिगत रुचि लेकर युद्धस्तर पर कार्य कराते हुये लम्बित आवेदनपत्रों का शत प्रतिशत निस्तारण कराते हुये अवगत करायें।

## ताइक्वांडो चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को डीएम ने किया सम्मानित



**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन के नेतृत्व में आयोजित अवध ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों अव्यांश, अरुण प्रताप सिंह, वरुण प्रताप सिंह, वैष्णवी, ईशान सिंह, अक्षत सिंह, अथर्व वर्मा, समर मौर्य, रेयान, असदुल्ला, एकाग्र सिंह, अनुभव मिश्रा, अनय वर्मा को जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने मेडल व प्रमाण पत्र सौंप सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों से संवाद करते हुए कहा कि खेल में निरंतर मेहनत और अनुशासन से आगे बढ़ें। खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ ताइक्वांडो प्रशिक्षक एवं राष्ट्रीय रेफरी जितेंद्र कुमार मौर्य, मनीष दत्त, तुषार विश्वकर्मा, राजकुमार, सतीश चैहान मौजूद रहे।

## नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता व पब्लिसिटी कोऑर्डिनेटर का किया स्वागत



**बाराबंकी।** कांग्रेस पार्टी द्वारा रमेश कश्यप व अरविन्द सिंह को प्रदेश प्रवक्ता एंव अनुराग यादव को प्रदेश पब्लिसिटी कोऑर्डिनेटर राज्य प्रचार समन्वयक नवनियुक्त किये जाने के बाद आज सिविल लाइन स्थित पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वः मोहसिना किदवाई के आवास पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव फवाद किदवाई ने नवनियुक्त पदाधिकारियो का फूल मालापहनाकर व मिष्ठान खिलाकर स्वागत करते हुये कहा कि आपके बयानों द्वारा कांग्रेस पार्टी को बल मिलेगा एवं युवा कार्यकताओं में जोश एवं उत्साह का संचार होगा। आज प्रदेश की जनता कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी की ओर लालायित नजरों से देख रही है एवं वह दिन दूर नही है जब देश एवं प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार आयेगी। स्वागत करने वालो मे शुऐब अहमद, रमनलाल द्विवेदी, जितेन्द्र वर्मा, मजहर अजीज खाँ, अब्दुल रहमान लल्लू, मास्टर सईद, मोहम्मद इजहार, शिव शंकर वर्मा, जयन्त गौतम, विजय चन्द्र शुक्ला, अरशद अहमद, रामदेव यादव, वसीम गाजी, वसीउद्दीन मंटू मौजूद रहे।

# उपराज्यपाल ने श्री बर्फानेश्वर महादेव सेवा समिति को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित



जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड चेयरमैन एवं उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा अमरनाथ यात्रा मे निस्वार्थ सेवा भाव, समर्पण और श्रद्धा के साथ भंडारा लंगर लगाने पर श्री बर्फीनेश्वर महादेव सेवा समिति को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। समिति अध्यक्ष कैलाश नाथ शर्मा ने बताया कि अमरनाथ यात्रा मे सेवा व लंगर लगाने वाली संस्थाओ हेतु सम्मान समारोह का आयोजन श्री अमरनाथ यात्रा भंडारा ऑर्गनाइजेशन जम्मू कश्मीर कटरा द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमे श्री बफीर्नेश्वर महादेव सेवा समिति को जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# जमीन का विरासत नामांतरण करने के एवज में रिश्वत लेते लेखपाल गिरफ्तार

**ललितपुर।** भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी करप्शन संगठन झांसी यूनिट की टीम ने तहसील महरौनी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक लेखपाल को 4,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए बुधवार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोप है कि लेखपाल द्वारा मृतक व्यक्ति की कृषि भूमि का वरासतन नाम दर्ज करने के एवज में शिकायतकर्ता से रिश्वत की मांग की गई थी। टीम ने आरोपी के कब्जे से रिश्वत की रकम बरामद कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। तहसील महरौनी की पोस्ट सौजना के ग्राम सड़कौरा निवासी अमर सिंह ने एंटी करप्शन थाना झांसी में लिखित शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता के मुताबिक, उनके भाई मोहर सिंह का निधन 19 अगस्त 2023 को दिल का दौरा पड ? से हो गया था। मृतक भाई के नाम दर्ज कृषि भूमि को वरासतन अपने नाम दर्ज कराने के लिए उन्होंने क्षेत्रीय लेखपाल बाल किशन राजपूत से संपर्क किया था। आरोप है कि लेखपाल ने शिकायतकर्ता से मूल मृत्यु प्रमाण पत्र ले लिया और आधार कार्ड तथा परिवार रजिस्टर की नकल उपलब्ध कराने को कहा। लेखपाल ने जल्द ही भूमि का नाम दर्ज करने की बात कही थी। इसके बाद 16 सितंबर 2026 को दस्तावेज सौंपे जाने पर लेखपाल ने काम कराने के एवज में

**● एंटी करप्शन झांसी यूनिट ने ट्रैप डालकर रंगे हाथों पकड़ा**

5,000 रुपये की रिश्वत की मांग की। बाद में बातचीत के दौरान रिश्वत की रकम 4,000 रुपये में तय हुई। शिकायतकर्ता रिश्वत देने के पक्ष में नहीं था। उसने लेखपाल द्वारा रिश्वत मांगने की बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराते हुए एंटी करप्शन टीम से शिकायत की। शिकायत के आधार पर निरीक्षक श्याम सिंह द्वारा गोपनीय जांच कराई गई। जांच में रिश्वत की मांग किए जाने की पुष्टि होने के बाद एंटी करप्शन संगठन के पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में ट्रैप टीम का गठन किया गया। योजना के तहत 23 सितंबर 2026 को जिलाधिकारी ललितपुर द्वारा नामित स्वतंत्र गवाह धीरेश आनन्द और अरुण वर्मा की मौजूदगी में ट्रैप की कार्रवाई की गई। टीम ने शिकायतकर्ता को 500-500 रुपये के आठ नोट, कुल 4,000 रुपये, रासायनिक प्रक्रिया के तहत तैयार करके दिए। नोटों पर फिनाफ्थलीन पाउडर का इस्तेमाल किया गया था, ताकि रिश्वत की रकम के लेन-देन की पुष्टि की जा सके। निर्धारित योजना के अनुसार शिकायतकर्ता तहसील महरौनी के पास उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के नजदीक पहुंचा। आरोप है कि लेखपाल बाल किशन राजपूत ने उसे अपने पास बुलाया और गली में ले जाकर 4,000 रुपये की रिश्वत ले ली। शिकायतकर्ता द्वारा पूर्व निर्धारित इशारा किए जाने के बाद एंटी करप्शन टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी लेखपाल को घेरकर पकड़ लिया। कार्रवाई के दौरान टीम ने आरोपी लेखपाल की पैंट की जेब से 4,000 रुपये बरामद किए। बरामद नोटों के नंबर फर्द ट्रीटमेंट में दर्ज नोटों के नंबरों से मिलान किए गए। इसके बाद आरोपी के हाथों और नोटों का रासायनिक परीक्षण किया गया, जिसमें सोडियम कार्बोनेट घोल के माध्यम से रिश्वत की रकम के संपर्क की पुष्टि किए जाने की बात सामने आई। एंटी करप्शन टीम के प्रभारी निरीक्षक उदयराज निषाद के नेतृत्व में कार्रवाई के बाद आरोपी लेखपाल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ग्राम शिवनीखुर्द निवासी बाल किशन राजपूत पुत्र लखनलाल राजपूत के रूप में हुई है। आरोपी वर्तमान में लेखपाल क्षेत्र रुकवाह, तहसील महरौनी में तैनात बताया गया है। पुलिस एवं एंटी करप्शन टीम द्वारा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## 2012 के प्रावधानों और विधिक परिणामों की डीएलएसए सचिव उज्ज्वल उपाध्याय ने दी विद्यार्थियो को जानकारी



**बाराबंकी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान मे पीएमश्री राजकीय इण्टर कालेज परिसर मे पाक्सो अधिनियम, 2012 के प्रावधानों, बच्चों के अधिकारों एवं उनके संरक्षण के संबंध में जागरूकता कार्यशाला का शुभारम्भ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव उज्ज्वल उपाध्याय ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यशाला मे सचिव ने पाक्सो अधिनियम, 2012 के अंतर्गत बच्चों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण प्रदान किए जाने, अपराध की सूचना दिए जाने की प्रक्रिया तथा विधि के अंतर्गत निर्धारित प्रावधानों के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राधेश्याम धीमान, जीजीआईसी प्रधानाचार्य नंदिता सिंह, संजीव सोनकर, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रत्ना कुमार, सुशील कुमार दुबे, अरविन्द प्रकाश त्रिपाठी, लवकुश कनौजिया, सौरभ शुक्ला, पीएलवी सद्दाम मौजूद रहे।

# आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण प्रत्येक विद्यार्थी के व्यक्तित्व एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का अहम हिस्साः डॉ. पारसनाथ

**ललितपुर।** पहलवान गुरूदीन ग्रुप्स ऑफ कॉलेजेज एवं 8वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचक बल गाजियाबाद द्वारा संयुक्त तत्वाधान में महिला महाविद्यालय के सभागार में आपदा प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत जन जागरण अभियान (फेमेक्स कार्यक्रम) का आयोजन किया गया।

**आपदा से बचाव के लिए जन जागरण अभियान का हुआ आयोजन**

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी आरती सिंह, ग्रुप ऑफ कॉलेज के संस्थापक डॉ0 पारसनाथ यादव, महिला महाविद्यालय प्राचार्या डॉ0 सूफिया, प्रशिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 महेश कुमार झा, गृहविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ0 वन्दना याज्ञिक, वाणिज्य विभागाध्यक्ष असि0प्रो0 प्रकाश खरे, कार्यक्रम प्रभारी असि0प्रो0 नरेन्द्र कुमार प्रजापति, कार्यक्रम संचालक असि0प्रो0 सुषमा पटेल तथा



एन0डी0आर0एफ0 के समस्त जवानों ने संयुक्त रूप से मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में एन0डी0आर0एफ0 के विशेषज्ञ जवानों द्वारा विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को भूकंप, बाढ़, अग्निकांड, भवन दुर्घटना सहित विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों एवं बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। जवानों ने आपदा के समय घबराने के बजाय धैर्य बनाए रखने, सही निर्णय लेने तथा उपलब्ध संसाधनों का सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग करने का संदेश दिया। एन0डी0आर0एफ0 टीम द्वारा विभिन्न बचाव उपकरणों के प्रयोग की जानकारी एवं व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया। विद्यार्थियों को आपदा की स्थिति में स्वयं को सुरक्षित रखने के साथ-साथ दूसरों की सहायता करने के लिए आवश्यक प्राथमिक उपायों से अवगत कराया गया। मुख्य अतिथि आरती सिंह ने कहा कि आपदा किसी भी समय और किसी भी स्थान पर आ सकती है। ऐसी परिस्थितियों में जनहानि को कम करने के लिए केवल राहत एवं बचाव दलों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक को आपदा प्रबंधन की बुनियादी जानकारी होना आवश्यक है।

संस्थापक डॉ. पारसनाथ यादव ने बताया कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की वास्तविक परिस्थितियों के लिए सक्षम बनाना भी है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण प्रत्येक विद्यार्थी के व्यक्तित्व एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए। एन0डी0आर0एफ0 के जवानों की कार्यशैली और समर्पण से विद्यार्थियों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। प्राचार्या डॉ. सूफिया ने कहा कि महिलाओं एवं छात्राओं को आपदा प्रबंधन की जानकारी देना विशेष रूप से आवश्यक है, क्योंकि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में उनकी जागरूकता परिवार और समाज की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि जागरूक महिला एक सुरक्षित परिवार और जागरूक समाज की।

# बच्चों को जागरूक करने के लिए आज से चलेगा विशेष अभियान

ललितपुर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार आगामी गांधी जयंती के अवसर पर बच्चों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट-2012) के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद में विशेष जागरूकता अभियान चलाया

**● गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को होगा विशेष जागरूकता अभियान**

जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में यह अभियान 25 सितंबर से 1 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जाएगा। अभियान के तहत बच्चों को पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों, उनके अधिकारों और सुरक्षा के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की जाएगी। विशेष जागरूकता अभियान की रूपरेखा तैयार करने के लिए 23 सितंबर 2026 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में एक महत्वपूर्ण बैठक सचिव देवप्रिय सारस्वत की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें अभियान के सफल आयोजन तथा बच्चों को पॉक्सो अधिनियम के प्रति जागरूक किए जाने से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शों के अनुरूप आयोजित किए जाने वाले इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण संबंधी कानूनी प्रावधानों की जानकारी देना तथा उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं बाल कल्याण से जुड़े पदाधिकारियों ने सहभागिता की। उपस्थित अधिकारियों में एएसपी कालू सिंह, डीआईओएस ओमप्रकाश, बीएसए रत्नेश कुमार, प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, डीपीओ नीरज कुमार सिंह, डीआईओ तथा सीडब्लूसी अध्यक्ष राजकुमार जैन शामिल रहे। बैठक में संबंधित विभागों के समन्वय से अभियान को संचालित करने तथा बच्चों तक जागरूकता संबंधी जानकारी पहुंचाने पर जोर दिया गया। अभियान के दौरान पॉक्सो अधिनियम-उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

## विशेष संचारी रोग नियन्त्रण एंव दस्तक अभियान के तहत जागरुकता कार्यशाला



**बंकी, बाराबंकी।** नगर पंचायत बंकी कार्यालय पर अधिशासी अधिकारी मोहिनी केसरवानी की अध्यक्षता मे आगामी अक्टूबर माह 2026 में प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियन्त्रण एंव दस्तक अभियान के तहत जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला मे संचारी एंव दस्तक अभियान के दौरान समुदाय में स्वच्छता, बीमारी से बचाव एंव समय पर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी, नियमित टीकाकरण से छूटे हुए एंव वीएबी, जीरो डोज बच्चों की पहचान कर उन्हें टीकाकरण सत्र से जोडनें पर जोर, सभासद से समुदाय में टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढाने, परिवारों को प्रेरित करना, आगामी टीकाकरण सत्रों की जानकारी समुदाय तक पहुँचाने तथा लाभार्थी परिवारों की सहभागिता सुनिश्चित करने, 1 से 31 अक्टूबर तक नगर क्षेत्र में साफ-सफाई से सम्बन्धित कराये जाने वाली गतिविधियो पर जानकारी दी गई। इसके साथ ही स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनॉक 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक होने वाले कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चत करने की अपील की गई। इसके उपरान्त अधिशासी अधिकारी श्रीमती केसरवानी ने पूर्व से चयनित स्थानों, स्थलों पर हरिशंकरी पेड (पीपल, बरगद एंव पाकड़) को रोपित किया। तथा इसके पर्यावरणीय और व्यवहारिक लाम के बारे मे बताया।

# ललितपुर पावर जनरेशन कम्पनी में आयोजित किया गया स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प




**ललितपुर।** ललितपुर पावर जनरेशन कम्पनी लि0 चिगलौआ में सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (श्रम विभाग) ललितपुर द्वारा किया गया, जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बार से डा0 प्रदीप वर्मा, डा0 रेश्मा बानो, मनीष सिंह फार्मसिस्ट, हरिशंकर पाठक, हरिशंकर यादव द्वारा मौके पर ही उपस्थित लगभग 115 मजदूरों का चिकित्सीय परीक्षण कर प्राथमिक परामर्श उपलब्ध कराया गया।

बजाज पावर प्लांट की ओर से अखिलेश खुरसवार, सुजीत चन्द्रा व शम्भूनाथ मिश्रा उपस्थित रहे। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार द्वारा जानकारी दी गयी कि सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें निर्माण श्रमिकों के ऑनलाइन पंजीयन/ नवीनीकरण एवं संचालित योजनाओं की जानकारी श्रमिकों को दी जा रही है साथ ही असंगठित क्षेत्र के कामगारों को भी जागरूक किया जा रहा है।

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (श्रम विभाग) के प्रदीप कुमार, राम प्रताप सिंह, शोभाराम (सामाजिक सुरक्षा बोर्ड) भी उपस्थित रहे।

# रेलवे स्टेशन पर गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**ललितपुर।** रेलवे स्टेशन ललितपुर पर एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान जीआरपी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 6 किलो 100 ग्राम अवैध गांजे के साथ एक कथित तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से गांजे के अलावा स्मार्टफोन और 540 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं।

**● नागपुर से गांजा लाकर दिल्ली में खपाने की थी योजना, एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज**
**● जीआरपी की एंटी क्राइम चेकिंग में प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर पकड़ा गया आरोपी**

जीआरपी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह परिहार पुलिस टीम के साथ ललितपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर संदिग्ध व्यक्तियों और सुरक्षा व्यवस्था की चेकिंग कर रहे थे। टीम में उपनिरीक्षक मिथलेश कुमार, हेड कांस्टेबल मोहन सिंह और हरेन्द्र सिंह शामिल थे। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर खास से सूचना मिली कि प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर बीना एंड की ओर बने शौचालय के पास एक संदिग्ध व्यक्ति सफेद शर्ट और मटमैले रंग की पैंट पहने पिटठू बैग के साथ बैठा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम तत्काल बताए गए स्थान की ओर रवाना हुई। मुखबिर के इशारे पर पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्ति के पास पहुंची। पुलिस को देखते ही वह सकपका गया और तेज कदमों से भागने का प्रयास करने लगा। पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए पीछा किया और आवश्यक बल प्रयोग के बाद उसे प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम उत्तर प्रदेश के जिला मेरठ अंतर्गत मुल्तान नगर, गली नंबर-7, भोला रोड थाना टीपी नगर निवासी प्रताप सिंह पुत्र स्व. राम सिंह बताया।

मादक पदार्थ की बरामदगी और तलाशी की कार्रवाई के लिए एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत आरपीएफ के असिस्टेंट सिक्योरिटी कमिश्नर को मौके पर बुलाया गया। उनकी मौजूदगी और निर्देशन में आरोपी के काले रंग के पिटठू बैग की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बैग के अंदर खाकी रंग के टेप में लिपटे दो बंडल और कुछ इस्तेमाल किए हुए कपड़े मिले। पुलिस के अनुसार, दोनों बंडलों का वजन करने पर एक में 5 किलोग्राम और दूसरे में 1 किलो 100 ग्राम गांजा पाया गया। इस प्रकार कुल 6 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। बरामद मादक पदार्थ से जांच के लिए नमूना भी सुरक्षित किया गया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी प्रताप सिंह ने कथित रूप से बताया कि वह गांजा नागपुर से लेकर दिल्ली में बेचने के लिए जा रहा था। उसके अनुसार, ट्रेनों में चेकिंग अधिक होने के कारण वह ललितपुर स्टेशन पर उतर गया था। इसके बाद किसी अन्य साधन से दिल्ली जाने की योजना के तहत वह भीड़भाड़ से बचते हुए शौचालय के पास एकांत स्थान पर इंतजार कर रहा था। पुलिस द्वारा आरोपी के इस कथित खुलासे की स्वतंत्र पुष्टि का विवरण उपलब्ध नहीं है।

## खाते से 75 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में मोबाइल दुकान संचालक के खाते से कथित रूप से 75 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए जाने और रकम वापस मांगने पर गाली- गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मामले की विवेचना उपनिरीक्षक देवराज मौर्या को सौंपी है। कोतवाली थाना क्षेत्र के तालाबपुरा निवासी मनोज कुमार जैन पुत्र गुलाबचन्द जैन की तालाबपुरा में आदर्श मोबाइल के नाम से दुकान है। तहरीर में बताया कि वाटर बक्स निवासी विशाल लक्षकार का उनकी दुकान पर आना-जाना था। आरोप है कि आरोपी ने बातचीत के दौरान कई बार उनका मोबाइल फोन ले लिया था। इसी दौरान उनके खाते से अलग-अलग तिथियों में कुल 75 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए। शिकायत में इन लेनदेन को जालसाजी के माध्यम से किए जाने का आरोप लगाया गया है। मनोज कुमार जैन के अनुसार, जब उन्होंने विशाल लक्षकार से अपने 75 हजार रुपये वापस मांगे, तो आरोपी कथित रूप से गाली-गलौज करने लगा। आरोप लगाया कि रकम वापस मांगने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। मामले में पुलिस से पीड़ित ने कार्रवाई करते हुए अपनी रकम वापस दिलाने और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने प्राप्त विवरण के अनुसार वाटर बक्स निवासी आरोपी विशाल लक्षकार के खिलाफ बीएनएस की धारा 316(2), 352, 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है।

## संक्षेप

### क्रॉम्पटन का 'गैलेक्सी फेस्टिव लाइट्स' रेंज लॉन्च

मुंबई। त्योहारी सीजन में घरों को जीवंत बनाने और सजावट में रंग, गर्माहट और आकर्षण जोड़ने में फेस्टिव लाइटिंग महत्वपूर्ण भूमिका निभाने लगी है। त्योहारों की खुशी और खूबसूरती को बढ़ाने में अपनी बढ़ती भूमिका को समझते हुए, क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने अपनी नई 'गैलेक्सी फेस्टिव लाइट्स रेंज' पेश की है, जो अलग-अलग त्योहारों और मौकों के लिए डेकोरेटिव लाइटिंग सॉल्यूशन उपलब्ध कराती है। आजकल, ग्राहक फेस्टिव लाइटिंग को जश्न और होम डेकोर का एक जरूरी हिस्सा मानते हैं। वे सिर्फ रोशनी के लिए नहीं, बल्कि ऐसी लाइटिंग सॉल्यूशंस की तलाश में रहते हैं जो देखने में आकर्षक हो, बिजली की बचत करने वाली हो, लगाने में आसान हो और त्योहार के माहौल को और बेहतर बनाए। त्योहारों की सजावट अब अपने पर्सनल स्टाइल को दिखाने, घर को सबसे अलग दिखाने और यादगार अनुभव देने का माध्यम बन रही है। ऐसे में, 'गैलेक्सी फेस्टिव लाइट्स रेंज' बेहतरीन क्वालिटी वाली फेस्टिव लाइटिंग की एक बड़ी रेंज लेकर आई है।

### बिजनेस नेटवर्क ने रेफरल के जरिये 369 करोड़ रुपये का कारोबार किया

नोएडा। बीएनआई राजधानी और व्यापक बीएनआई उत्तर प्रदेश क्षेत्र ने अपने रेफरल-आधारित नेटवर्किंग इकोसिस्टम के माध्यम से महत्वपूर्ण बिजनेस गतिविधि दर्ज की है। नेटवर्क ने पिछले वित्त वर्ष के दौरान रुपये 3,698,832,441 का कुल कारोबार किया। यह मजबूत प्रदर्शन उद्यमियों और बिजनेस ओनर्स के लिए नए बिजनेस अवसर पैदा करने में स्ट्रक्चर्ड बिजनेस नेटवर्किंग और रेफरल्स की बढ़ती भूमिका को दशार्ता है। उद्यमियों और बिजनेस प्रोफेशनल्स के बढ़ते समुदाय के साथ, राजधानी के नॉर्थ रीजन में वर्तमान में 350 से अधिक सदस्य हैं, जो नेटवर्क के भीतर बिजनेस रिलेशनशिप बनाने, रेफरल्स साझा करने और अवसर पैदा करने में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

### म्यूजिक त्योहारों को बनाता है खास

मुंबई। नवंबर आते-आते पूरा परिवार एक साथ बैठकर दिवाली की पार्टी के लिए पसंदीदा गानों की लिस्ट बनाने लगता है। और दिसंबर आते ही घर में क्रिसमस के संगीत की गूंज सुनाई देने लगती है। त्योहार बदल जाते हैं, भाषाएं बदल जाती हैं, लेकिन संगीत हर पल हमारे साथ रहता है। यह म्यूजिक अपने साथ एक बहुत ही खास अहसास लाता है। भारत में हर हफ़्ते स्पॉटिफाई इस्तेमाल करने वाले 100 में से 59 लोग कहते हैं कि यह ऐप उन्हें सिर्फ़ ख़ुशी और मजा देता है, और इसके कोई निगेटिव अनुभव नहीं हैं। 73% लोगों को लगता है कि सोशल मीडिया पर टाइम बिताने के मुकाबले स्पॉटिफाई सुनना ज्यादा अच्छा अनुभव है। वहीं, 76% लोग मानते हैं कि इस ऐप का उनकी ज़िंदगी पर बढ़िया असर पड़ता है।

### पूजा मेरी जान का प्रीमियर 2 को हिंदी जी5 पर

मुंबई। हर कहानी आसान जवाब देने के लिए नहीं होती। कुछ कहानियाँ हमें असहज करने, उन बातों पर सवाल उठाने के लिए होती हैं जिन्हें हम सहज रूप से स्वीकार कर लेते हैं और उन सच्चाइयों का सामना करने के लिए होती हैं, जिनसे हम अक्सर नजरें चुराना चाहते हैं। नवजोत गुलाटी के निर्देशन में और दिनेश विजान व अमर कौशिक द्वारा निर्मित, मैडॉक फिल्म्स की प्रस्तुति पूजा मेरी जान 2 अक्टूबर 2026 को हिंदी जी5 पर प्रीमियर होगी। यह गहन ड्रामा पूजा की कहानी को आगे बढ़ाता है, जहाँ परेशान करने वाली घटनाओं की एक श्रृंखला उसे अस्वीकृति, जुनून, सहमति और आखिरकार जो हुआ उसकी सच्चाई से जुड़े सवालों का सामना करने के लिए मजबूर करती है। फिल्म में मृणाल ठाकुर, हुमा कुरैशी, विक्रम सिंह चौहान और विजय राज प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

### एबीडी ने लॉन्च की द इंडियन एडिट

लखनऊ। अलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) ने आज अपनी नई प्रीमियम व्हिस्की 'द इंडियन एडिट' लॉन्च करने का ऐलान किया। यह ब्रांड एक खास सोच पर आधारित है। आज भारतीयों की सफलता तेजी से इस बात से परिभाषित हो रही है कि वे अपनी परंपराओं और बदलती संस्कृति को कितने भरोसे और आत्मविश्वास के साथ अपनी अलग पहचान में ढाल पाते हैं। इस लॉन्च के मौके पर एबीडी के मैनेजिंग डायरेक्टर अमर सिन्हा ने कहा कि आधुनिक और वैश्विक सोच रखने वाले भारतीय उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर बनाई गई 'द इंडियन एडिट', भारतीय होने के गर्व को एक अनुभव में पेश करती है।

# सेंसेक्स में 1247 अंकों की गिरावट



मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और अमेरिकी बॉण्ड पर बढ़ते प्रतिफल के बीच घरेलू शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को चौतरफा बिकवाली से सेंसेक्स 1,247 अंक से अधिक टूटकर तीन महीने से अधिक के निचले स्तर पर बंद हुआ। वित्तीय, धातु, वाहन और पेट्रोलियम शेयरों में भारी गिरावट से बाजार धारणा कमजोर हुई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,247.71 अंक यानी 1.67 प्रतिशत गिरकर 73,580.54 अंक पर बंद हुआ। यह सेंसेक्स का आठ जून के बाद सबसे निचला बंद स्तर है। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,264.33 अंक फिसलकर 73,563.92 अंक तक आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 383.70 अंक यानी 1.64 प्रतिशत गिरकर 23,063.10 अंक पर बंद हुआ। यह पांच महीने से अधिक का निचला स्तर है। निफ्टी के 50 में से 47 शेयर गिरावट में रहे। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से बजाज फाइनेंस में सबसे अधिक 5.47 प्रतिशत की गिरावट आई। एक्सिस बैंक 4.67 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 4.06 प्रतिशत, इंटरग्लोब एविएशन (इंडिगो) 2.78 प्रतिशत, ट्रेंट 2.75 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.31 प्रतिशत टूटे। हालांकि, एनटीपीसी का शेयर अपरिवर्तित रहा। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा बीमा वितरण व्यवस्था में बदलाव के प्रस्ताव के बाद वित्तीय शेयरों में भारी बिकवाली हुई। प्रस्ताव में प्रबंधन खर्च की सीमा कम करने और कमीशन पर नियंत्रण कड़ा करने की बात कही गई है। इन प्रस्तावों से बीमा कंपनियों और संबंधित वित्तीय मध्यस्थों की आय तथा वितरण कारोबार पर असर को लेकर चिंता बढ़ी है। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी बॉण्ड पर बढ़ते प्रतिफल और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने भी बाजार धारणा कमजोर की। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.36 प्रतिशत बढ़कर 105.4 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अमेरिका के 10 साल के ट्रेजरी बॉण्ड पर प्रतिफल बढ़कर करीब 5.11 प्रतिशत हो गया, जबकि 30 साल के बॉण्ड पर प्रतिफल 2004 के बाद के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सिलेक्ट सूचकांक 3.12 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप सिलेक्ट सूचकांक 1.19 प्रतिशत गिरा।

बीएसई के सभी क्षेत्रवार सूचकांक गिरावट में रहे। मिडस्मॉल प्राइवेट बैंक 2.81 प्रतिशत, आवासीय वित्त 2.56 प्रतिशत, वित्तीय सेवा 2.33 प्रतिशत, बीमा सूचकांक 2.20 प्रतिशत गिर गया।

# रुपया 23 पैसे कमजोर होकर 95.96 प्रति डॉलर पर



मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने से रुपया बृहस्पतिवार को 23 पैसे कमजोर होकर 95.96 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजार में भारी बिकवाली से भी रुपये पर दबाव पड़ा। निवेशकों के जोखिम लेने से बचने की धारणा और अमेरिका में महंगाई को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण अमेरिकी बॉण्ड पर प्रतिफल में तेजी आई, जिससे डॉलर को मजबूती मिली।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.84 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.98 के निचले स्तर तक पहुंच गया। अंत में रुपया 95.96 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 23 पैसे की गिरावट है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 11 पैसे टूटकर 95.73 पर बंद हुआ था। इससे एक दिन पहले इसमें 16 पैसे की मजबूती आई थी। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और मजबूत अमेरिकी डॉलर के कारण रुपये में तेज गिरावट आई। उन्होंने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा आगे भी ब्याज दरों में बढ़ोतरी की उम्मीद से डॉलर को समर्थन मिला है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.18 प्रतिशत बढ़कर 100.99 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 2.74 प्रतिशत बढ़कर 105.90 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। फरवरी के अंत में ईरान युद्ध से पहले यह करीब 72 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर था। विश्लेषकों के अनुसार, पिछले कुछ सत्रों में स्थिर हो रही तेल कीमतें पश्चिम एशिया में शांति प्रयासों में कूटनीतिक प्रगति नहीं होने के कारण फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गईं। अमेरिका और ईरान के अधिकारियों की न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा कार्यक्रम से इतर हुई बैठक के बाद भी कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 1,247.71 अंक यानी 1.67 प्रतिशत गिरकर 73,580.54 अंक पर बंद हुआ।

## यूपीआई लेनदेन के 10 प्रतिशत मूल्य पर ही उपभोक्ताओं से शुल्क लिए जाने का जोखिम

मुंबई। यूपीआई लेनदेन के कुल मूल्य में से केवल करीब 10 प्रतिशत हिस्से पर ही प्रस्तावित मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) शुल्क का बोझ उपभोक्ताओं पर पड़ने की आशंका है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दिलीप असबे ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।

असबे ने 13वें एसबीआई बैंकिंग एवं अर्थशास्त्र सम्मेलन 2026 में कहा कि एमडीआर से मिलने वाली राशि का करीब 80 प्रतिशत हिस्सा सालाना 1,000 करोड़ रुपये से अधिक कारोबार करने वाले बड़े कारोबारियों से आएगा, जो पहले से ही क्रेडिट कार्ड स्वीकार करते हैं और काफी अधिक शुल्क का भुगतान करते हैं। यूपीआई प्रणाली का संचालन करने वाली एनपीसीआई के प्रमुख ने एमडीआर के संभावित असर पर कहा, उपभोक्ताओं से शुल्क लिए जाने का वास्तविक जोखिम कुल मूल्य का करीब 10 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि यूपीआई लेनदेन की संख्या का करीब 96 प्रतिशत और कुल मूल्य का 75 प्रतिशत फिलहाल शुल्क के दायरे में आने की संभावना नहीं है। सरकार ने पिछले सप्ताह 2,000 रुपये से अधिक राशि के यूपीआई भुगतान पर कारोबारियों से 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क लेने की घोषणा की थी। यह शुल्क अधिकतम 300 रुपये तक होगा।

## अगले कुछ माह में अतिरिक्त नकदी का इस्तेमाल कर सकते हैं बैंक



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर रोहित जैन ने बृहस्पतिवार को कहा कि बैंकों से अगले कुछ महीनों में विदेशी मुद्रा प्रवासी (एफसीएनआर-बी) जमाओं से मिली अतिरिक्त नकदी का इस्तेमाल करने की उम्मीद है, क्योंकि त्योहारी मौसम में ऋण की मांग मजबूत रहने की संभावना है।

विशेष विदेशी मुद्रा प्रवासी (एफसीएनआर-बी) जमा योजना के तहत बैंकों ने 133 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाए हैं। भारतीय प्रवासियों से मिली मजबूत प्रतिक्रिया के बाद यह योजना निर्धारित समय से एक महीने पहले 31 अगस्त को बंद कर दी गई थी। जैन ने यहां 13वें एसबीआई बैंकिंग एवं इकॉनमिक्स कॉन्क्लेव से इतर संवाददाताओं से कहा कि एफसीएनआर-बी के तहत धन आने के बाद आरबीआई ने बैंकों के साथ उनकी नकदी की स्थिति पर चर्चा के लिए बैठकें की हैं। आने वाले त्योहारी मौसम और ऋण की मजबूत मांग को देखते हुए बैंकों से अगले कुछ महीनों में एफसीएनआर-बी की नकदी का इस्तेमाल करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि आरबीआई बैंकों को जुटाई गई राशि को किसी खास क्षेत्र में लगाने का निर्देश नहीं दे रहा है। बैंक अपनी ऋण योजनाओं, प्रस्तावों और नकदी की स्थिति के आधार पर एफसीएनआर-बी की अतिरिक्त नकदी के इस्तेमाल को लेकर पूरी तरह स्वतंत्र होंगे। उन्होंने कहा कि बैंकों की परिसंपत्ति-देनदारी स्थिति यह तय करेगी कि वे अतिरिक्त तरलता का किस तरह इस्तेमाल करते हैं। ऋण की मांग व्यापक स्तर पर बनी हुई है और सभी क्षेत्रों तथा खंडों में अच्छी वृद्धि हो रही है। फिलहाल केंद्रीय बैंक को किसी विशेष क्षेत्र में सतर्कता बरतने की जरूरत नहीं दिखती। बैंक खुद ऋण देने और कर्ज आवेदनों के मूल्यांकन में सावधानी बरत रहे हैं और आरबीआई को उम्मीद है कि ऋण देने के मानक स्वस्थ बने रहेंगे।

## नये श्रम कानून सरकार, उद्योग और कर्मचारियों के बीच बेहतर संबंधों की दिशा में बदलाव

नयी दिल्ली। श्रम सचिव चंद्र भूषण कुमार ने बृहस्पतिवार को नए श्रम कानूनों को नियंत्रण पर केंद्रित नियामकीय व्यवस्था से सरकार, उद्योग और कर्मचारियों के बीच अधिक सहयोग और सुविधा आधारित व्यवस्था की ओर बदलाव बताया।

एक संगोष्ठी में कुमार ने कानूनों को एक साथ लाकर श्रम व्यवस्था को सरल बनाने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इसमें प्रावधान में कमी, अनुपालन का डिजिटलीकरण, ई-पोर्टल और एक समान रिटर्न दाखिल करने की व्यवस्था के साथ श्रम की परिभाषा में अधिक एकरूपता लाई गई है। उन्होंने कहा कि एक पीढ़ी में एक बार होने वाले इस बड़े सुधार को लागू करना सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसके लिए राज्यों के साथ करीबी समन्वय और उद्योग के साथ लगातार संवाद जरूरी है। कुमार ने कहा कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय औद्योगिक समूहों वाले 316 जिलों में जागरूकता और प्रशिक्षण का समन्वित अभियान चला रहा है। इसके साथ ही राज्यों के श्रम तंत्र को तैयार किया जा रहा है और प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण देने वाले विशेषज्ञों की भी तैयारी की जा रही है। ज्यादातर राज्यों ने अपने नियमों का प्रारंभिक मसौदा सार्वजनिक कर दिया है। श्रम मंत्रालय राज्य स्तर पर नियम बनाने की प्रक्रिया पूरी करने की दिशा में काम कर रहा है।

## आयात शुल्क में कटौती से खाद्य तेल की खुदरा कीमतें घट सकती हैं

नयी दिल्ली। सोयाबीन, पाम और सूरजमुखी तेल पर आयात शुल्क में कटौती के सरकार के फैसले के बाद खाद्य तेल की खुदरा कीमतों में कमी आ सकती है। उद्योग संगठन भारतीय वनस्पति तेल उत्पादक संघ (आईवीपीए) ने यह उम्मीद जताई है।

भारत अपनी कुल खाद्य तेल जरूरत का करीब 60 प्रतिशत आयात के जरिये पूरा करता है। सरकार ने बुधवार को कच्चे सूरजमुखी तेल पर मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) 10 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया। वहीं, रिफाइंड सूरजमुखी तेल पर बीसीडी 32.5 प्रतिशत से घटाकर 22.5 प्रतिशत कर दिया गया। कच्चे सोयाबीन तेल और पाम तेल पर बीसीडी 10 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत तथा रिफाइंड सोयाबीन तेल और पाम तेल पर 32.5 प्रतिशत से घटाकर 27.5 प्रतिशत किया गया है। कुछ खाद्य तेलों के आयात पर सीमा शुल्क घटाने का फैसला ऐसे महत्वपूर्ण समय में आया है, जब त्योहारी मौसम नजदीक है। उन्होंने कहा, कम आयात शुल्क से आयातित खाद्य तेल की लागत कम होनी चाहिए, जिससे उपभोक्ता कीमतों में कुछ कमी आ सकती है। खाद्य तेल उद्योग के लिए तत्काल प्राथमिकता आगामी त्योहारी महीनों के दौरान देशभर में पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना है। संशोधित शुल्क ढांचा मांग में बदलाव के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। सूरजमुखी तेल पर शुल्क में अधिक कटौती की गई है, जिससे यह अधिक किफायती होगा।

## सैमसंग वॉलेट में अब यूपीआई पेमेंट के लिए मिलेगा ऑन-डिवाइस बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन

नई दिल्ली। सैमसंग इंडिया ने आज ऐलान किया कि भारत में सैमसंग वॉलेट इस्तेमाल करने वाले यूजर्स अब अपने गैलेक्सी डिवाइस के फिंगरप्रिंट सेंसर से यूपीआई पेमेंट कर सकेंगे। इस फीचर के साथ यूजर्स को 10,000 रुपये तक के पेमेंट के लिए यूपीआई पिन डालने की जरूरत नहीं होगी, जिससे डिजिटल पेमेंट करना अब फोन अनलॉक करने जितना ही आसान हो जाएगा। सैमसंग का ऑन-डिवाइस बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन सार्वजनिक जगहों पर यूपीआई पिन डालने की जरूरत खत्म करके यूजर की प्राइवेसी को बचाता है। यह फीचर गलत पिन डालने की वजह से होने वाले ट्रांजैक्शन फेलियर को भी कम करता है। ऑन-डिवाइस बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन का इस्तेमाल करके सैमसंग वॉलेट सुविधा, तेजी और मजबूत सिक्योरिटी को एक साथ लाता है, ताकि उपभोक्ताओं के लिए रोजमर्रा के यूपीआई पेमेंट और आसान हो सकें।

## फोनपे ने की बड़े रूरल मर्चेंट एक्सपैंशन प्लान की घोषणा

नई दिल्ली। आज फोनपे ने अपने मर्चेंट नेटवर्क के विस्तार में तेजी लाने की घोषणा की, जिसके अंतर्गत कंपनी के डिजिटल पेमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार भारत के छोटे शहरों और गाँवों में गहराई तक किया जाएगा। इस विस्तार के अंतर्गत, फोनपे अगले साल तक 20,000 से अधिक फ्रंटलाईन सेल्स कर्मचारियों की नियुक्ति करेगा। कंपनी द्वारा अगले 12 महीनों में 50 लाख से अधिक पेमेंट डिवाइसेज तैनात की जाएंगी, जिनमें स्मार्ट स्पीकर और पीओएस डिवाईस शामिल होंगी। इनमें से इनमें से लगभग 50 प्रतिशत डिवाइसेज ग्रामीण भारत में तैनात की जाएंगी, ताकि टियर 6 शहरों और छोटे गाँवों तक डिजिटल पेमेंट की सुविधा पहुँच सके। हाल ही में घोषित एमडीआर फ्रेमवर्क ने कंपनी को लंबी दूरदर्शिता के साथ मर्चेंट विस्तार में निवेश करने में समर्थ बनाया है।

## बिजली ग्रिड के लिए स्वदेशी चिप और मॉड्यूल के विकास को लेकर परामर्श शुरू



नयी दिल्ली। सरकार ने बिजली ग्रिड के लिए स्वदेशी पावर सेमीकंडक्टर और मॉड्यूल विकसित करने की दिशा में उद्योग जगत से सुझाव लेने की प्रक्रिया शुरू की है।

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बिजली मंत्रालय और पावरग्रिड के साथ मिलकर अंतिम प्रस्ताव जारी करने से पहले हितधारकों से सुझाव लेने के लिए बृहस्पतिवार को परामर्श की शुरुआत की। मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह परामर्श सिलिकॉन कार्बाइड (एसआईसी) एमओएसएफईटी आधारित पावर मॉड्यूल के स्वदेशी डिजाइन, विकास, योज्ञता निर्धारण और आपूर्ति के लिए है। इन मॉड्यूल का इस्तेमाल वीएससी-एचवीडीसी प्रौद्योगिकी में किया जाएगा। वीएससी-एचवीडीसी एक उन्नत बिजली पारेषण प्रौद्योगिकी है, जिसमें सेमीकंडक्टर की मदद से बिजली को घरों, कार्यालयों और उद्योगों में इस्तेमाल होने वाले विद्युत उपकरणों की जरूरत के अनुरूप बदला जाता है। मंत्रालय के मुताबिक, इच्छुक पक्ष आठ अक्टूबर तक अपने सवाल और सुझाव भेज सकते हैं और हितधारक परामर्श 14 अक्टूबर को होगा। भारतीय कंपनियां, स्टार्टअप और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) अकेले या अधिकतम चार भागीदारों के समूह के रूप में इसमें भाग ले सकते हैं। शैक्षणिक संस्थान, राष्ट्रीय प्रयोगशालाएं और अनुसंधान एवं विकास संस्थान भी भागीदार बन सकते हैं। सरकार का उद्देश्य रणनीतिक बिजली ग्रिड अनुप्रयोगों के लिए आयातित प्रौद्योगिकी पर निर्भरता कम करना है। शुरुआती खरीद के लिए करीब 13,000 मॉड्यूल की प्रतिबद्धता जताई गई है।

## पेज एक का शेष

### भारत को

हमें कितनी ही बड़ी सत्ता क्यों न मिल जाए, लेकिन हमारा मूल मार्ग सेवा का ही रहेगा। हम कभी भी सेवा के मार्ग से विचलित नहीं होंगे, भले ही हम कितने ही ऊंचे शिखर पर पहुंच जाएं। उन्होंने कहा कि सेवा भाव से किए गए कामों को लोग याद रखते हैं और सेवा करने वाले व्यक्तियों को आशीर्वाद देते हैं। उन्होंने कहा कि जन सेवा से देश सेवा ही उनके जीवन का मूलमंत्र रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा गरीबों, महिलाओं, लड़कियों, मरीजों और आदिवासियों समेत समाज के अलग-अलग तबकों के हित में संचालित योजनाओं की बुनियाद में सेवा का भाव ही है। मोदी ने कहा कि जब सेवा का भाव देश की नीतियों पर लागू होता है, तो देश को आगे बढ़ाने के लिए सेवा ही सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति बन जाती है। उन्होंने कहा, राजनीति, चुनाव और शासन व्यवस्था अपनी जगह हैं, लेकिन हम राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत के संकल्प को लेकर निकले हैं। मोदी ने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प पूरा करने में युवा पीढ़ी की भूमिका अहम रहने वाली है और युवाओं को इस लक्ष्य से मजबूती के साथ जुड़ना होगा।

### एशियन गेम्स

बेस्ट जंप में ली यी आगे रहीं। निहारिका वशिष्ठ 10वें स्थान पर रहीं। 100 मीटर में अनिमेष कुजूर और गुरिंदरवीर सिंह ने सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया। अनिमेष ने 10.36 सेकेंड के साथ हीट में तीसरा और गुरिंदरवीर ने 10.38 सेकेंड के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। साक्षी चौधरी को 51 किग्रा में कजाकिस्तान की अलुआ बाल्किबेकोवा ने 3-2 से हराया। सुमित कुंडू 70 किग्रा मुकाबले में चोट के कारण इराक के अली कासिम हमदान अल-सरे से हार गए। फेंसिंग में भवानी देवी और श्रेया गुप्ता भी राउंड ऑफ-16 में हारकर बाहर हुईं। भारत ने 4400 मीटर मिक्स्ड रिले में सिल्वर मेडल जीता। टीम ने 3:14.46 सेकेंड में रेस पूरी की। बहरीन ने 3:12.87 सेकेंड के गेम्स रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता, जबकि वियतनाम ने 3:14.54 सेकेंड के समय के साथ ब्रॉन्ज हासिल किया। भारत की शुरूआत विशाल टीके ने की। इसके बाद पूवम्मा ने बैटन संभाली। आखिरी 50 मीटर में मनु ने तेज स्प्रिंट लगाकर भारत को तीसरे स्थान पर पहुंचाया। मनु ने रफ्तार बनाए रखी और बैटन वित्या रामराज को दी। वित्या ने शानदार एंकर लेग दौड़ते हुए भारत को दूसरे स्थान तक पहुंचाया। इंडोनेशिया ने पुरुष टीम बैडमिंटन में 28 साल का इंतजार खत्म करते हुए गोल्ड मेडल जीत लिया। फाइनल में उसने मजबूत दावेदार चीन को 3-2 से हराया। इंडोनेशिया एक समय 2-0 से पीछे था, लेकिन लगातार तीन मुकाबले जीतकर उसने मैच अपने नाम कर लिया। सीमा कुमारी ने विमेंस 10 हजार मीटर फाइनल में 32:50.05 का समय निकालकर ब्रॉन्ज मेडल जीता। वे आखिरी तक मेडल की रेस में बनी रहीं। बहरीन की विनफ्रेड यावी ने 32:39.18 के समय के साथ गोल्ड और जापान की नोजोमी तनाका ने 32:41.54 के समय के साथ सिल्वर जीता।

### लखनऊ में

व सीतापुर के सीमावर्ती क्षेत्र में नैमिष नगर के रूप में एलडीए नई योजना लेकर आया है। सीएम ने कहा कि ये दोनों योजनाएं आने वाले समय में लखनऊ के विस्तार, संभावनाओं और सुरक्षित आवास की दृष्टि से लाई गई हैं। अध्ययनरत छात्रों, हेल्थकेयर में संभावनाओं को बढ़ाने वाले युवाओं, रोजगार की दृष्टि से राजधानी आने वालों और लखनऊ को भविष्य मानकर यहां जीवन व्यतीत करने का विचार रखने वाले नागरिकों के लिए ये दोनों आवासीय योजनाएं अत्यंत लाभकारी होंगी। सीएम ने कहा कि लखनऊ व सीतापुर में अब दूरी नहीं होगी। यहां फोरलेन कनेक्टिविटी भी होगी। वरुण विहार के बीच से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी देंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारी सरकार में एलडीए व किसानों के बीच कोई मध्यस्थ नहीं रहेगा। योजनाओं में जिन भी किसानों को जमीन आएगी, उन्हें सीधे मुआवजा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटलजी के सपनों का लखनऊ विकास की नई बुलंदियों को छू रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, एयरपोर्ट, मेट्रो का विस्तार हो रहा है। पिछली सरकार की तरह यहां अब कट्टा और बम नहीं, बल्कि ब्रह्मोस मिसाइल बन रही है।

### विदेशी आक्रांताओं

ऋषियों के आश्रमों पर हमलों का उल्लेख करते हुए कहा कि राक्षसी और दानवी शक्तियां हों या विदेशी आक्रांता, भारत पर हमले का उद्देश्य वैभव लूटने के साथ उसकी ज्ञान धरोहर को नष्ट करना भी रहा। उन्होंने सोमनाथ मंदिर पर महमूद गजनवी के आक्रमण का जिक्र करते हुए कहा कि मंदिर को तोड़ने का उद्देश्य केवल लूटपाट नहीं, बल्कि सनातन परंपरा को नष्ट करना भी था। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ब्रिटिश काल में तरीका बदल गया। भारतीयों को अपनी भाषा, चिकित्सा पद्धति और ज्ञान परंपरा को लेकर भ्रमित किया गया। संस्कृत के स्थान पर अंग्रेजी और परंपरागत चिकित्सा पद्धति के स्थान पर आधुनिक चिकित्सा को महत्व दिया गया। परिणाम यह हुआ कि हम धीरे-धीरे अपनी परंपरा, मूल्यों और जड़ों से कटते गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत अपनी ज्ञान परंपरा के कारण विश्वगुरु कहलाता था। आज के कई विकसित देशों का इतिहास 400 से 500 वर्षों का है, जबकि भारत में 2600 वर्ष पहले तक्षशिला और करीब 1700 से 1800 वर्ष पहले नालंदा जैसे विश्वविद्यालय थे। काशी, उज्जैन, कांची और नवद्वीप भी ज्ञान के प्रमुख केंद्र रहे। कुंभ केवल स्नान का आयोजन नहीं था। प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक-त्र्यंबकेश्वर में संत और विद्वान अपने शोध और नवाचार पर चर्चा करते थे। भारतीय समाज ने अपने पर्व, त्योहार और मांगलिक कार्यों को आज भी भारतीय पंचांग से जोड़ रखा है।

### हेल्थ सप्लीमेंट

भंडारण की स्थिति, उत्पाद की लेबलिंग, स्वास्थ्य संबंधी दावे, लाइसेंस की वैधता, स्वच्छता और सैनिटरी व्यवस्था भी जांची गई। कई प्रतिष्ठानों में मिसब्रांडिंग, भ्रामक स्वास्थ्य दावे, अनुचित लेबलिंग, लाइसेंस संबंधी अनियमितता, खराब स्वच्छता और एक्सपायर्ड खाद्य पदार्थों के भंडारण जैसी कमियां सामने आईं। मामलों की गंभीरता के अनुसार नोटिस, सुधार निर्देश और वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई। राजधानी लखनऊ में जेवीएस फूड्स प्राइवेट लिमिटेड का निरीक्षण किया गया। यहां पांच नमूने लिए गए और करीब 39.50 लाख रुपये मूल्य के खाद्य पदार्थ सीज किए गए। विभाग के अनुसार प्रतिष्ठान में मिसब्रांडिंग और भ्रामक दावों के साथ स्वच्छता एवं सैनिटरी स्थिति भी अत्यंत खराब मिली। लखनऊ की सेंटर फ्यूरेरा हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड में तीन न्यूट्रास्यूटिकल्स के साथ करीब 10 लाख रुपये मूल्य की एलोपैथिक औषधियां भी भंडारित मिलीं। टीम ने रिलेबलिंग, मार्केटिंग और पैकिंग से जुड़ी गतिविधियों की भी जांच की। गोरखपुर स्थित बुद्ध मेडिको प्राइवेट लिमिटेड में लेबलिंग संबंधी गतिविधियां पाए जाने पर तीन नमूने लिए गए। इसके साथ करीब 27 लाख रुपये का माल सीज किया गया।

### स्लीपर बस

आदित्यनाथ ने इस घटना में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त किया। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पंजीकरण संख्या बीआर32पीए8647 वाली बस नयी दिल्ली के कश्मीरी गेट से महोबा जा रही थी, और इस दौरान जेवर थाना इलाके में यमुना एक्सप्रेसवे पर उसमें आग लग गई। कुमार ने कहा, सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी, स्थानीय पुलिसकर्मी, बचावकर्मी, जेवर टोल प्लाजा पर तैनात एक दमकल गाड़ी और चार अन्य दमकल वाहन तुरंत मौके पर पहुंचे और आग बुझायी उन्होंने बताया, इस अभियान के दौरान 20 से अधिक यात्रियों को सुरक्षित बचाया गया। जब पुलिस और अग्निशमन सेवा के कर्मचारी धुएं के बीच बस के अंदर घुसे, तो वहां नौ लोग मृत पाए गए। ऐसा लगता है कि उनकी मौत जलने या दम घुटने से हुई थी।

### बरेली में

विशाल यादव, राजवीर उर्फ कैलाश, धर्मेंद्र सिंह और नूर अहमद के रूप में हुई है। पारीक के अनुसार गिरोह का एक सदस्य आसिफ फरार है। पुलिस के मुताबिक पूछताछ से पता चला है कि कि प्रदीप कुमार शर्मा चौबारी में दीक्षित डिफेंस एकेडमी के नाम से फिजिकल कोचिंग चलाता है। वह अनफिट होने की आशंका वाले अभ्यर्थियों को अपने जाल में फंसाता था।

### गौ सेवा

शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र में सड़क और अन्य आधारभूत ढांचे को मजबूत करने से आवागमन बेहतर होगा और स्थानीय लोगों को सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंश के लिए आश्रय व्यवस्था बढ़ाना किसानों और आम जनता से जुड़ी समस्याओं के समाधान का भी एक माध्यम है। सड़कों पर गोवंश के रहने से यातायात के दौरान दुर्घटनाओं का खतरा रहता है। वहीं खेतों में पहुंचने पर फसलों को नुकसान होने की स्थिति बनती है। पर्याप्त गौशालाओं और उनके प्रभावी संचालन से इन चुनौतियों को कम किया जा सकता है।

### हरियाणा के

में जगह बनाई हैं।

मुख्य ड्रा की वरीयता सूची

महिला एकल

1. सूर्या चरिश्मा (आंध्र प्रदेश)
2. श्रुति मुंदादा (महाराष्ट्र)
3. जिया रावत (हरियाणा)
4. रिजुल सैनी (छत्तीसगढ़)
5. श्रेया लेले (गुजरात)
6. दीपशिखा सिंह (दिल्ली)
7. स्नेहा लांबा (राजस्थान)
8. मेघना रेड़डी (तेलंगाना)

पुरुष एकल

1. भारत राघव (हरियाणा)
2. रवि (हरियाणा)
3. जिनपाल सोना (दिल्ली)
4. प्रज्जवल (महाराष्ट्र)
5. रोहन कुमार (तेलंगाना)
6. अंश नेगी (उत्तराखंड)
7. लोकेश रेड्डी (तेलंगाना)
8. कार्तिक जिंदल (हरियाणा)

पुरुष युगल

1. विप्लव कुवले व विराज कुवले (महाराष्ट्र)
2. निशाथ दुरईस्वामी व प्रेजन (तमिलनाडु/ पुड्डुचेरी)
3. मोहम्मद अमान व डी.कोंथुजम (राजस्थान/मणिपुर)
4. कमल कृष्णन व एस उदय कुमार (केरल)

महिला युगल

1. शिखा गौतम व अश्विनी भट्ट (कर्नाटक)
2. नयना एस.ओएसिस व वर्षिनी (केरल/तमिलनाडु)
3. पवित्रा नवीन व गौरी कृष्णा (केरल)
4. अदिति भट्ट व श्रावणी वालेकर (उत्तराखंड/महाराष्ट्र)

मिश्रित युगल

1. अशिथ सूर्या व अमृता पी. (कर्नाटक)
2. अमन फरोघ व सोनाली मीरकेलकर (महाराष्ट्र)
3. दिलीपन वी व अनघा (तमिलनाडु/महाराष्ट्र)
4. ध्रुव रावत व मनीषा के (उत्तराखंड/आरबीआई)

### यूपी को

2026 में 23 सितंबर तक 69 मामलों में करीब 80 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति जब्त की गई। योगी सरकार में पीआईटी एनडीपीएस एक्ट के तहत वर्ष 2024 में प्रदेश में सात तस्करों के खिलाफ कार्रवाई हुई।




# ऑस्ट्रेलिया ए को 363 रन का लक्ष्य

## भारत एक विकेट पर 93 रन बनाकर अच्छी स्थिति में दिख रही थी लेकिन इसके बाद उसकी पारी 199 रन पर सिमटी

एजेंसी



पुडुचेरी। कप्तान देवदत्त पडिक्कल के अर्धशतक और पहली पारी में शतक जड़ने वाले कुमार कुशाग्र के नाबाद 46 रन की मदद से भारत ए ने बृहस्पतिवार को यहां पहले चार दिवसीय मुकाबले के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ए के सामने 363 रन का लक्ष्य रखा। भारत ए की टीम एक समय दूसरी पारी में एक विकेट पर 93 रन बनाकर अच्छी स्थिति में दिख रही थी लेकिन इसके बाद उसकी पारी 199 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ए के लिए ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके जिसमें साई सुदर्शन का महत्वपूर्ण विकेट भी शामिल था। बाएं हाथ के बल्लेबाज सुदर्शन भारतीय टीम में रिजर्व सलामी बल्लेबाज के स्थान के लिए दावेदारी पेश कर रहे हैं। वह तीसरे स्थान की दौड़ में पडिक्कल से पिछड़ गए हैं। दिन का खेल समाप्त होने तक ऑस्ट्रेलिया ए ने दो विकेट पर 55 रन बना लिए थे।

उसे जीत के लिए अब 308 रन और चाहिए जबकि मैच बचाने के लिए उसे पूरे चौथे दिन बल्लेबाजी करनी होगी। पहली पारी में अर्धशतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज सुदर्शन ने 85 गेंद में 39 रन बनाए जिसमें तीन चौके शामिल थे। उन्होंने पडिक्कल के साथ दूसरे विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी की। पडिक्कल ने 88 गेंद में 59 रन बनाए और सात चौके लगाए। भारत ए ने पहली पारी में 163 रन की बढ़त हासिल की थी लेकिन दूसरी पारी में टीम उस मजबूत स्थिति का फायदा नहीं उठा सकी। सुदर्शन लंच से ठीक पहले मर्फी की गेंद पर स्वीप खेलने के प्रयास में पगबाधा आउट हुए। इस ऑफ स्पिनर ने पहली पारी में भी तीन विकेट लिए थे और दूसरी पारी में चार विकेट हासिल किए। शानदार फॉर्म में चल रहे पडिक्कल ने तेज गेंदबाज लियाम स्कॉट के खिलाफ लगातार दो चौके लगाकर अर्धशतक पूरा किया। यह उनका लगातार चार प्रथम श्रेणी मैचों में चौथा 50 से अधिक का स्कोर है। कप्तान पडिक्कल पांचवें विकेट के रूप में स्कॉट की गेंद पर पगबाधा आउट हुए। इसके बाद भारत ए ने तेजी से विकेट गंवाए और अंतिम छह विकेट महज 48 रन जोड़कर पवेलियन लौट गए। वहीं दूसरी ओर भारत की स्टार सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का मानना है कि देश में महिला क्रिकेट लगातार आगे बढ़ रहा है और अधिक पदक तथा ट्रॉफी जीतने से इसमें और सुधार होगा।

शेफाली ने जापान में हुए आइची-नागोया एशियाई खेलों में भारतीय महिला टीम के स्वर्ण पदक बरकरार रखने में अहम भूमिका निभाई। वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज रहीं। उन्होंने 188 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 200 से अधिक रहा। इसमें बांग्लादेश के खिलाफ सेमीफाइनल में 49 गेंद में लगाया गया शतक भी शामिल है। शेफाली ने क्वार्टर फाइनल में जापान के खिलाफ 40 रन की उपयोगी पारी खेली, जबकि श्रीलंका के खिलाफ फाइनल में 48 रन बनाए। भारत ने फाइनल में श्रीलंका को 147 रन से हराकर अपना दबदबा बरकरार रखा।

शेफाली ने जापान से लौटने के बाद बृहस्पतिवार तड़के पीटीआई से कहा, मैं बहुत खुश हूं कि भारत ने स्वर्ण पदक जीता और तिरंगा शान से लहराया। पूरी टीम बहुत खुश है। हम जितने अधिक पदक जीतेंगे और जितनी अधिक ट्रॉफियां अपने नाम करेंगे, भारतीय महिला क्रिकेट उतना ही आगे बढ़ेगा। इसलिए मैं बहुत खुश हूं। शेफाली के साथ टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, हरफनमौला दीप्ति शर्मा, बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव और बल्लेबाज प्रतिका रावल भी भारत लौटीं। बीसीसीआई के कुछ प्रोटोकॉल के कारण हरमनप्रीत, दीप्ति और राधा ने मीडिया से बात नहीं की। वहीं, प्रतिका ने हवाई अड्डे पर इंतजार कर रहे पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत की।

### वेस्टइंडीज विमेंस ने जिम्बाब्वे को 99 रन से हराया

**नयी दिल्ली।** वेस्टइंडीज महिला टीम ने पहले वनडे में जिम्बाब्वे को 99 रन से हरा दिया। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 6 विकेट पर 299 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 43.3 ओवर में 200 रन पर ऑलआउट हो गई। प्लेयर ऑफ द मैच हेली मैथ्यूज रहीं। उन्होंने 156 गेंद पर 182 रन की पारी खेली। वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज ने पारी को शुरूआत से संभाले रखा और 116.67 के स्ट्राइक रेट से 182 रन बनाए। वे वेस्टइंडीज की एक इनिंग में हाईएस्ट स्कोरर भी बनीं। उन्होंने स्टीफनी टेलर के श्रीलंका के खिलाफ 171 रन का रिकॉर्ड तोड़ा। उनकी पारी में 26 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। उन्होंने रेलेआना ग्रिमंड के साथ पहले विकेट के लिए 128 रन जोड़े। ग्रिमंड ने 70 गेंद पर 53 रन बनाए। मैथ्यूज ने इसके बाद स्टेफनी टेलर, शेमेन कैंपबेल और चिनेल हेनरी के साथ उपयोगी साझेदारियां कीं। कैंपबेल ने 28 गेंद पर 13 और हेनरी ने 26 गेंद पर 19 रन बनाए। मैथ्यूज 49.1 ओवर में 294 के स्कोर पर आउट हुईं। इसके बाद जेमिली ग्लासगो और आलिया एलीन ने टीम को 299 तक पहुंचाया। 300 रन का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की शुरूआत अच्छी नहीं रही। शार्न मेयर्स 21 रन बनाकर छठे ओवर में आउट हुईं।

# एशियाड हॉकी : दिलप्रीत की हैट्रिक से भारत ने कोरिया को 8-2 से हराया



काकामिगाहारा। दिलप्रीत सिंह की हैट्रिक के दम पर भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में लगातार तीसरी जीत दर्ज करते हुए बृहस्पतिवार को दक्षिण कोरिया को 8-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह लगभग पक्की कर ली। पूल ए में शीर्ष पर काबिज भारत ने इससे पहले इंडोनेशिया को 13-1 और श्रीलंका को 16-1 से हराया था। अब भारत का सामना 26 सितंबर को जापान से होगा। भारत के लिये दिलप्रीत सिंह (10वां, 26वां और 32वां) ने तीन और फॉरवर्ड अभिषेक (15वां और 38वां मिनट) ने दो गोल किये जबकि शिलानंद लाकड़ा (चौथा), सुखजीत सिंह (दसवां), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (11वां) और राजिंदर सिंह (60वां) ने एक एक गोल दागा। कोरिया के लिये किम जाएहो (42वां) और किम योंगबोक (52वां) ने गोल किये। भारत ने आक्रामक शुरूआत की और पहले ही क्वार्टर में चार गोल कर दिये। शिलानंद ने चौथे ही मिनट में उपकप्तान हार्दिक सिंह से बॉक्स के भीतर मिली गेंद पर यह गोल किया। शानदार फॉर्म में चल रहे दिलप्रीत ने दसवें मिनट मे बढत दुगुनी कर दी जब उन्होंने मनदीप सिंह से मिले पास पर गेंद को गोल के भीतर डाला। कप्तान हरमनप्रीत ने अगले मिनट पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके स्कोर 3-0 कर दिया। अभिषेक ने पहले क्वार्टर के आखिरी मिनट में शिलानंद के पास पर गोल किया। भारत ने दूसरे क्वार्टर में भी दबदबा बनाये रखा और मनदीप से बैकहैंड पर मिले क्रॉस पर दिलप्रीत ने गोल किया। ब्रेक के दो मिनट बाद दिलप्रीत ने मनदीप और हार्दिक के बीच बेहतरीन तालमेल से बने मूव को फिनिशिंग तक ले जाते हुए गोल दागा। भारत को कुछ मिनटों बाद लगातार चार पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका। कोरिया को जल्दी ही पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर प्रयास नाकाम रहा। अभिषेक ने भारत की बढत 7-0 की करके सुखजीत सिंह का शुरूआती प्रयास नाकाम रहने के बाद रिबाउंड पर गोल दागा।

कोरिया के लिये किम जाए हो ने तीसरा क्वार्टर खत्म होने में तीन मिनट बाकी रहते पहला गोल किया। चौथे और आखिरी क्वार्टर में कोरियाई खिलाड़ियों ने भारतीय डिफेंस पर लगातार हमले बोले और दो पेनल्टी कॉर्नर बनाये हालांकि गोल नहीं हो सका। आखिरी सीटी बजने से आठ मिनट पहले कोरिया के लिये किम योंग बोक ने तीन भारतीय डिफेंडरों को चकमा देकर गोल दागा। भारत के लिये आठवां गोल राजिंदर सिंह ने आखिरी मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर किया।

## संक्षेप

### टेबल टेनिस में भारत की दोनों महिला युगल जोड़ियां अंतिम-16 में

नागोया। श्रीजा अकुला और सिंड्रेला दास तथा यशस्विनी घोरपड़े और दीया चिताले की भारतीय महिला युगल जोड़ियों ने बृहस्पतिवार को एशियाई खेलों की टेबल टेनिस स्पर्धा में अपने-अपने मुकाबले आसानी से जीतकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। श्रीजा और सिंड्रेला ने दूसरे दौर के मुकाबले में मंगोलिया की बुरेनजारगल संजा और बोलोर-एरदेने बातमुंख को 3-0 से हराया। भारतीय जोड़ी ने यह मुकाबला 11-5, 11-4, 12-10 से अपने नाम किया। भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआती दोनों गेम आसानी से जीत लिए, लेकिन तीसरे गेम में उन्हें कड़ी चुनौती मिली। उन्होंने हालांकि संयम बनाए रखा और 12-10 से गेम जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। श्रीजा और सिंड्रेला का सामना अंतिम-16 के मुकाबले में चीन की कुआई मान और वांग मन्यु की मजबूत जोड़ी से होगा।

### एशियाई खेल : पारितोष पूयो पूयो स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में

नागोया। भारत के पारितोष ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई खेलों की पूयो पूयो चैंपियंस ईस्पोर्ट्स स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। वह ग्रुप बी में दो जीत और दो हार के साथ तीसरे स्थान पर रहे। पदार्पण कर रहे पारितोष ने अपने अभियान की शुरुआत मंगोलिया के मुंखजोरिग गनबोल्ड पर 3-0 की जीत के साथ की। इसके बाद उन्होंने सिंगापुर के कोह मुन जून जस्टिन को 3-2 से हराया। पूयो पूयो एक पहेली आधारित वीडियो गेम है। हालांकि पारितोष को चीनी ताइपे के जू आंग कुओ के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा और वह थाईलैंड के तानारक वोंगकितिकुन से भी 2-3 से हार गए। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष तीन खिलाड़ियों ने अगले दौर में जगह बनाई।

### अभिराम यादव आईसीसी मुख्य कार्यकारियों की समिति में

दुबई। इंडोनेशिया क्रिकेट संघ के अभिराम सिंह यादव को बृहस्पतिवार को आईसीसी मुख्य कार्यकारियों की समिति (सीईसी) में चुना गया। यादव एसोसिएट सदस्यों के लिये आरक्षित सीईसी की तीन सीटों में से एक लेंगे। फ्रांस के गुरूमूर्ति पलानी को जुलाई में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के बोर्ड में जगह मिली थी। आईसीसी ने एक बयान में कहा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने इंडोनेशिया क्रिकेट संघ के अभिराम सिंह यादव को आईसीसी मुख्य कार्यकारियों की समिति में एसोसिएट सदस्य के रूप में चुना।

# लखनऊ जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप 29 सितंबर से

ख

लखनऊ। लखनऊ जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन आगामी 29 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक **बीबीडी यूपी बैडमिंटन** अकादमी, गोमतीनगर में किया जाएगा। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में लखनऊ बैडमिंटन एसोसिएशन के द्वारा आयोजित इस चैंपियनशिप के बारे में आयोजन अध्यक्ष राम मोहन अग्रवाल व आयोजन सचिव संदीप अग्रवाल ने बताया कि इस चैंपियनशिप का आयोजन बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के नियमों के अनुसार होगा जबकि चैंपियनशिप में लखनऊ के करीब 300 खिलाड़ी भाग लेंगे। चैंपियनशिप बालक व बालिका, पुरुष व महिला दोनो में विभिन्न आयु वर्गों में होगी। चैंपियनशिप के पहले दो दिन 29 व 30 सितंबर को अंडर-19 व सीनियर वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे। वहीं 2 से 4 अक्टूबर तक अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15 व अंडर-17 आयु वर्ग में खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। चैंपियनशिप के संबंध में अधिक जानकारी के लिए अजय कुमार से मोबाइल 7754938453, हर्ष मिश्रा से मोबाइल 8299097728, पीयूष यादव से 9026984933 और मुकेश श्रीवास्तव से 9026984933 पर संपर्क किया जा सकता है।

### महिला वॉल्ट फाइनल में छठे स्थान पर रही प्रणति नायक

नागोया। भारत की प्रणति नायक एशियाई खेलों में बृहस्पतिवार को कलात्मक जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में आठ महिलाओं की वॉल्ट स्पर्धा के फाइनल में छठे स्थान पर रहीं। एशियाई खेलों में भाग ले रही भारत की इस एकमात्र जिम्नास्ट ने अपने पहले और दूसरे वॉल्ट में समान रूप से 12.900 अंक प्राप्त किए, जिससे उनका कुल स्कोर 13.100 हो गया, जिसमें 0.20 अंक बोनस के जोड़े गए थे। पांव की चोट से उबरने के बाद इन खेलों में भाग ले रही इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने दोनों वॉल्ट में 4.4 का डिफिकल्टी स्कोर और 8.500 का एग्जीक्यूशन स्कोर हासिल किया। कोरिया की येओ सियोजेओंग (14.100) ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि उत्तर कोरिया की आन चांग ओक (13.033) और डू सियू (12.800) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किए।

# आरईपीएल चैलेंजर्स की फोर स्क्वायर पर छह रनों से जीत

ख




- जीतना बल्ले से चाहती थीं पर डकवर्थ लुइस आड़े आ गए
- लखनऊ विमेंस प्रीमियर लीग

लखनऊ। आरईपीएल लखनऊ चैलेंजर्स अपने बल्लेबाजों की मेहनत से जीतना चाहती थीं। पर, बारिश ने खलल डाल दी। इलमे लखनऊ चैलेंजर्स ने फोर स्क्वायर वारियर्स को डकवर्थ लुइस पद्धति से 6 रनों से पराजित किया। चैलेंजर्स की बल्लेबाज जिस अंदाज में बल्लेबाजी कर रही थीं उससे उनका जीतना तय था। उम्दा बल्लेबाजी करने वाली चैलेंजर्स की सम्पदा दीक्षित को प्लेयर आफ द मैच घोषित किया गया।

लखनऊ विमेन्स प्रीमियर लीग के दूसरे दिन बुधवार को सेज ग्राउण्ड पर फोर स्क्वायर वारियर्स और आरईपीएल लखनऊ चैलेंजर्स के बीच मुकाबला हुआ। लखनऊ चैलेंजर्स ने टास जीता और विकेट की नजाकत देखते हुए फोर स्क्वायर को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। चैलेंजर्स की सधी गेंदबाजी के आगे फोर स्वायर की बल्लेबाज खुलकर नहीं सकीं। वह 20 ओवरो में नौ ओवरों में 91 रन ही बना पाईं। सलामी बल्लेबाज वर्णिका चौधरी ने 39 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 29 रन बनाए। वहीं संध्या यादव ने 11 रनों का योगदान दिया। गजाला परवीन (8), तान्या सिंह (5), शिल्पी यादव (6) जल्दी आउट हो गईं। अतिरिक्त 22 रन बनाए। आरईपीएल लखनऊ चैलेंजर्स की प्रियांशी यादव ने उम्दा गेंदबाजी करते हुए पांच रन देकर तीन विकेट लिए। वहीं शुभि, भारती सिंह, चांदनी और भूमिका ने एक-एक विकेट लिए।

जवाबी पारी खेलने उतरी लखनऊ चैलेंजर्स टीम ने 11 ओवरों में तीन विकेट पर 52 रन बनाकर जीत की तरफ बढ़ रही थी। इसी समय बारिश होने लगी। अंपायरों ने मैच के परिणाम के लिए डकवर्थ लुइस का सहारा लिया। इसमें लखनऊ चैलेंजर्स छह रनों से जीत गई। चैलेंजर्स के लिए विदुषी ने 22 और सम्पदा दीक्षित ने नाबाद 25 रन 23 गेंदों पर बनाए।

### पुणे में यूसीआई रोड विश्व चैम्पियनशिप 2032 में

नयी दिल्ली। पुणे में यूसीआई रोड विश्व चैम्पियनशिप 2032 में होगी और पहली बार साइकिलिंग का यह वैश्विक टूर्नामेंट भारत में होने जा रहा है। महाराष्ट्र सरकार और भारतीय साइकिलिंग महासंघ भारत सरकार के सहयोग से इसका आयोजन कर रहे हैं। इस फैसले की घोषणा कनाडा के मांट्रियल में यूसीआई कांग्रेस में हुई। महाराष्ट्र सरकार का एक दल पुणे की दावेदारी पेश करने के लिये वहां मौजूद था। उनके अलावा भारतीय साइकिलिंग महासंघ के महासचिव मनिंदर पाल सिंह और एशियाई साइकिलिंग परिसंघ के पूर्व महासचिव ओंकार सिंह भी मौजूद थे। कोलंबिया और मैक्सिको के बाहर होने के बाद पुणे और नीदरलैंड के ग्रोनिंजेन ड्रेंथे के बीच मुकाबला था। यूसीआई की तीन सदस्यीय टीम ने चार से छह सितंबर तक पुणे का दौरा करके बालेवाड़ी स्टेडियम और पुणे यूनिवर्सिटी सर्किट समेत प्रमुख आयोजन स्थलों और रेस के बुनियादी ढांचे का दौरा किया था।

### पनामा से सबक लेना होगा क्रिकेट के दीवाने भारत को

बेंगलुरु। भारत जिस तरह से अभी क्रिकेट का दीवाना है उसी तरह से कभी पनामा के लोगों में बेसबॉल के प्रति दीवानगी थी लेकिन इसके बाद उसने फुटबॉल पर ध्यान केंद्रित किया जिसका परिणाम यह रहा कि वह 2018 और 2026 के विश्व कप में भाग लेने में सफल रहा। थॉमस क्रिस्टियनसेन 2020 से पनामा के फुटबॉल कोच हैं। उन्होंने पनामा में बेसबॉल और फुटबॉल के बीच जंग को करीब से देखा है और उनका मानना है कि भारत उससे सीख ले सकता है। क्रिस्टियनसेन जानते हैं कि क्रिकेट भारत का नंबर एक खेल है, लेकिन सुनियोजित प्रयासों से फुटबॉल को भी प्रासंगिक बनाया जा सकता है। क्रिस्टियनसेन ने यहां भारत के खिलाफ फीफा मैत्री मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मैं जानता हूं।

# सलमान ने एशियाई खेल में लहराया परचम, जीता कांस्य

ख



- सेना से शुरू हुआ सलमान का सफर पहुंचा एशियाई खेल के पोडियम तक
- पुरुष डबल स्कल्स में सतनाम के साथ जीता कांस्य

लखनऊ। अमेठी के सलमान खान ने एशियाई खेल 2026 में रोइंग में पुरुष डबल स्कल्स में भारत के लिए कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया। सलमान और सतनाम सिंह की भारतीय जोड़ी गुरुवार को आइची-नगोया की नागाला नदी मे इंटरनेशनल रोइंग कोर्स में पुरुष डबल स्कल्स स्पर्धा के फाइनल में 6 मिनट 13.25 सेकेंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रही। अमेठी के सलमान के लिए यह कांस्य पदक इसलिए भी खास है क्योंकि सेना में भर्ती होने के बाद शुरू हुआ रोइंग का सफर अब उन्हें एशियाई खेलों का पदक विजेता बना चुका है। इस वर्ग का स्वर्ण चीन की यी शुदी और नी यिदे की जोड़ी ने 6:09.77 के समय के साथ जीता, जबकि उज्बेकिस्तान के पावेल सोरिन और मेखरोजबेक मामातकुलोव ने 6:10.49 के समय के साथ रजत पदक जीता।

भारतीय जोड़ी ने रेस में शानदार शुरूआत की और 500, 1000 तथा 1500 मीटर तक दूसरे स्थान पर बनी रही। अंतिम 500 मीटर में रफ्तार कुछ कम होने के कारण भारतीय जोड़ी तीसरे स्थान पर रही।

भारतीय जोड़ी स्वर्ण पदक विजेता चीन से 3.48 सेकेंड और रजत पदक विजेता उज्बेकिस्तान से 2.76 सेकेंड पीछे रही। वहीं नागोया में मौजूद उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के सचिव और रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष सुधीर शर्मा ने पदक जीतने के बाद सलमान खान और सतनाम सिंह को गले लगाकर बधाई दी। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए इसे भारतीय रोइंग के लिए अहम कामयाबी बताया। अमेठी के सलमान खान 2018 में भारतीय सेना के बॉम्बे इंजीनियर ग्रुप में शामिल हुए थे।

### पनामा में खिलाफ मैच में भारतीय फुटबॉल टीम के पास सीखने का मौका

बेंगलुरू। दुनिया की 44वें नंबर की टीम पनामा के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना फुटबॉल मैच के जरिये भारतीय खिलाड़ियों के पास महत्वपूर्ण अनुभव लेने का सुनहरा मौका होगा। श्री कांतिरावा स्टेडियम पर होने वाले इस मैच के बाद भारत को तीन अक्टूबर को पांच बार की विश्व चैम्पियन ब्राजील और छह अक्टूबर को दो बार की विजेता उरूग्वे से कोलकाता में खेलना है। सिर्फ 40 लाख 65 हजार की आबादी वाला पनामा 2018 और 2026 फीफा विश्व कप खेल चुका है। वह कोंकाकाफ नेशंस लीग में भी उपविजेता रहा था। विश्व कप 2026 में उसने ग्रुप एल से बाहर होने से पहले इंग्लैंड, क्रोएशिया और घाना जैसे दिग्गजों को चुनौती दी थी।

# रोशिबिना ने वुशु में जीता एशियाई खेलों का रजत, तीसरा पदक

एजेंसी

नागोया। भारतीय टीम में शुरुआती तौर पर जगह नहीं मिलने के बावजूद किस्मत ने रोशिबिना देवी का साथ दिया और मणिपुर की 25 वर्षीय वुशु खिलाड़ी ने बृहस्पतिवार को महिलाओं की 60 किग्रा सांडा स्पर्धा में रजत पदक जीतकर लगातार तीसरे एशियाई खेलों में पदक हासिल किया।

फाइनल में उन्हें चीन की झांग शियाओयू से हार का सामना करना पड़ा। आइची प्रीफेक्चरल मार्शल आर्ट्स हॉल में हुए फाइनल में रोशिबिना को 0-2 से हार मिली। दोनों दो मिनट के राउंड में पांचों जज ने एकमत से चीनी खिलाड़ी के पक्ष में 5-0 का फैसला दिया। झांग ने पहले राउंड में दबदबा बनाया जिस पर पांचों जजों ने उन्हें क्रमशः 6-2, 6-3, 6-2, 6-2 और 8-2 से बढ़त दी। दूसरे और अंतिम राउंड में भी चीन की खिलाड़ी का प्रदर्शन बेहतर रहा। पांचों जजों ने उन्हें 10-2, 8-3, 7-3, 7-3 और 6-1 से विजेता माना।

पिछले एशियाई खेलों में रजत और 2018 के खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली रोशिबिना इस मुकाबले में चीन की खिलाड़ी की आक्रामकता और तकनीकी दबदबे का जवाब नहीं दे सकीं। झांग के खासकर साइड किक से उन्हें परेशानी हुई। मुकाबले के अधिकांश समय भारतीय खिलाड़ी दबाव में नजर आईं।

# बैडमिंटन : सात्विक-चिराग की नजरें स्वर्ण पर

एजेंसी



- एशियाई खेल बैडमिंटन : लक्ष्य सिंधू के लिये कठिन ड्रॉ

नागोया। लक्ष्य सेन और पी वी सिंधू को एशियाई खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा के व्यक्तिगत वर्ग में कठिन ड्रॉ मिले हैं जबकि गत चैम्पियन सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की सेमीफाइनल तक की राह आसान लग रही है। पिछली बार हांगझोउ में रजत पदक जीतने वाली भारतीय पुरूष टीम ने कांस्य पदक हासिल किया।

सेमीफाइनल में भारत को चीन ने 3-1 से हराया। एकल वर्ग में लक्ष्य और आयुष शेट्टी अपने अपने मैच हार गए थे। महिला वर्ग में भारतीय टीम क्वार्टर फाइनल में जापान से हारकर पदक से चूक गई। पी वी सिंधू और उन्नति हुड्डा को जापानी प्रतिद्वंद्वियों ने हराया। इस निराशा से उबरकर भारतीय खिलाड़ियों को अब व्यक्तिगत स्पर्धा में भरपाई करनी होगी। दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को एशियाई खेलों से पहले लगातार कई मुकाबलों में पहले दौर में पराजय का सामना करना पड़ा है लेकिन जापान के कोडाइ नारोका के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया।

वह हालांकि चीन के शि यू कि के खिलाफ सेमीफाइनल में वह लय कायम नहीं रख सके। पहले दौर में लक्ष्य को बाय मिला था और अब वह दूसरे दौर में सिंगापुर के पूर्व विश्व चैम्पियन लोह कीन यू से खेलेंगे। अगर वह लोह को हरा देते हैं तो दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से सामना होगा। दिल्ली विश्व चैम्पियनशिप में शि यू कि को हराने वाले आयुष को भी पहले दौर में बाय मिला है लेकिन तीसरे दौर में चीनी ताइपै के चोउ तियेन चेन से सामना हो सकता है। दो बार की ओलंपिक चैम्पियन सिंधू पहले दौर में बाय मिलने के बाद दूसरे दौर में जापान की सातवीं वरीयता प्राप्त तोमोका मियाजाकी से खेलेंगी। उसमें जीतने पर तोक्यो ओलंपिक चैम्पियन चीन की चेन युफेइ से खेलना होगा। उन्नति का सामना पहले दौर में उत्तर कोरिया की यू मि सोंग से होगा जबकि तीसरे दौर में दुनिया की छठे नंबर की खिलाड़ी इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वरदानी से टक्कर हो सकती है।

### पुर्तगाल के लिए अब भी गोल कर सकता हूं : रोनाल्डो

लिस्बन। पुर्तगाल के महान फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने स्वीकार किया है कि उन्होंने विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने के बारे में सोचा थ। इस 41 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी ने यह भी माना कि उनके देश में कुछ आलेचक उन्हें अब राष्ट्रीय टीम से बाहर देखना चाहते हैं। रोनाल्डो बृहस्पतिवार को वेल्स के खिलाफ होने वाले नेशंस लीग मुकाबले में पुर्तगाल की ओर से अपना 234वां मैच खेलेंगे। कोच जॉर्ज जीसस ने इस मुकाबले के लिए उन्हें शुरुआती एकादश में शामिल किए जाने की पुष्टि की है। रोनाल्डो से मैच से पहले संवाददाता सम्मेलन में पूछा गया कि क्या उन्होंने जुलाई में स्पेन के खिलाफ विश्व कप के अंतिम-16 में मिली हार के बाद अंतरराष्ट्रीय करियर खत्म करने के बारे में सोचा था। उन्होंने कहा, हां, मैंने ऐसा सोचा था।

# अनंतजीत-परिनाज ने मिश्रित टीम में ऐतिहासिक कांस्य

एजेंसी




नागोया। अनंतजीत सिंह नरूका और परिनाज धालीवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई खेलों की स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में भारत को ऐतिहासिक कांस्य पदक दिलाया। यह एशियाई खेलों की मिश्रित टीम स्कीट स्पर्धा में भारत का पहला पदक है। इस कांस्य के साथ भारतीय स्कीट टीम ने महज दो दिन में तीन पदक जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

इस पदक ने भारतीय निशानेबाजी दल को भी कुछ राहत दी क्योंकि इससे पहले दिन में पिस्टल स्पर्धा में एक बार फिर निराशा हाथ लगी। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम का एक भी निशानेबाज फाइनल में जगह नहीं बना सका और टीम स्पर्धा में भी निराशा हाथ लगी। तेज हवा के कारण मुश्किल परिस्थिति में अनंतजीत और परिनाज के लिए इस पदक की अहमियत उसके रंग से कहीं ज्यादा थी। अनंतजीत, भवतेग सिंह गिल और मिराज अहमद खान ने बुधवार को पुरुष टीम स्कीट में कांस्य जीता था।

इसके बाद परिनाज, राइजा ढिल्लों और महेश्वरी चौहान की महिला तिकड़ी ने स्कीट में कांस्य पदक अपने नाम किया। अनंतजीत और परिनाज ने यह सुनिश्चित किया कि इन खेलों में स्कीट की तीनों टीम स्पर्धाओं में भारत पदक जीते। इस पदक के लिए दोनों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी। दोनों ने क्वालीफिकेशन में 138 अंक हासिल कर चार टीमों के फाइनल में चौथे स्थान के साथ प्रवेश किया।

अनंतजीत ने 75 में से 70 और परिनाज ने 68 निशाने साधे। कतर 145 अंकों के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि दक्षिण कोरिया 143 और चीन 140 अंकों के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर थे। फाइनल शुरू होते ही क्वालीफिकेशन के सारे आंकड़े पीछे छूट गए। क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहने वाला कतर सबसे पहले बाहर हुआ। राशेद सालेह और रीमा घनेम अपने शुरुआती 12-12 निशानों में संघर्ष करते रहे। कतर के बाहर होते ही भारत का कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित हो गया और पदक का रंग बदलने की संभावना भी बनी रही।

# हिंदुत्व किसी के खिलाफ नहीं हो सकता : उपराष्ट्रपति



नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने बृहस्पतिवार को कहा कि हिंदुत्व का मतलब हर किसी के व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा करते हुए उन्हें साथ लेकर चलना है और यह किसी के खिलाफ नहीं हो सकता।

उपराष्ट्रपति ने ये टिप्पणियां यहां विश्वसंचार हिंदुत्व का नामक पुस्तक के विमोचन के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कीं। उन्होंने कहा, हिंदुत्व किसी के खिलाफ नहीं हो सकता। हम सभी को साथ लेकर चलना चाहते हैं, लेकिन हर किसी के अपने अधिकार होने चाहिए, जिनकी रक्षा की जानी चाहिए। मुझे इतना महत्वाकांक्षी नहीं होना चाहिए कि मैं किसी के अधिकारों का अतिक्रमण करूं। यह हिंदुत्व नहीं है। यह धर्म भी नहीं है। राधाकृष्णन ने यह भी कहा कि अलग-अलग ऐतिहासिक और बौद्धिक संदर्भों में हिंदुत्व के अलग-अलग अर्थ रहे हैं। उन्होंने कहा, राजनीतिक विचारकों, विद्वानों और आलोचकों ने इसकी अलग-अलग व्याख्या की है। इसलिए, इस विषय को गंभीरता से समझने के लिए इसके ऐतिहासिक विकास, इसके दार्शनिक पहलुओं और इससे जुड़ी अलग-अलग व्याख्याओं की पड़ताल करना आवश्यक है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के साथ अपने लंबे जुड़ाव को याद करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि संगठन की स्थापना हिंदुत्व की महान सोच पर आधारित हमारी महान संस्कृति को पुनर्जीवित करने के लिए की गई थी। उन्होंने कहा, इसी दृष्टिकोण से केशव बलिराम हेडगेवार जी ने हिंदुत्व और संघ के बीच संबंध को समझा था। (आरएसएस की) शताब्दी वर्षगांठ एक ऐसे संगठन से जुड़े इतिहास, विचारों और कार्यप्रणाली पर विचार करने का मौका प्रदान करती है, जो बहुत लंबे समय में विकसित हुआ है। राधाकृष्णन ने कहा, हम अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन हम एकजुट रहते हैं। सांस्कृतिक हिंदुत्व मूल मूल्यों, सांस्कृतिक जीवन आदर्शों, वास्तविक मानवीय संबंधों और सार्वभौमिक कल्याण जैसे तत्वों के समन्वय को दर्शाता है।

# पीएम और गृह मंत्री ने देशद्रोह किया उन्हें जांच का सामना करना होगा: राहुल



नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर निर्वाचन आयोग के भीतर मतभेद की खबरों के बीच बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि देश की चुनावी प्रणाली के साथ जो किया गया है वह देशद्रोह है और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जांच का सामना करना पड़ेगा।

गांधी ने संवाददाताओं से यह भी कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल पद से इस्तीफा देना चाहिए और मामले में गवाह बनना चाहिए। उन्होंने कहा, ज्ञानेश कुमार को सबसे पहले तत्काल इस्तीफा देना चाहिए...ज्ञानेश कुमार को समझना चाहिए कि उनका कृत्य राष्ट्र के खिलाफ है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रविरोधी कृत्य करने वालों को नतीजा भुगतना पड़ेगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जो हो रहा है, वह राष्ट्र के खिलाफ है और इसके लिए प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री के खिलाफ जांच होगी। उन्होंने मोदी और शाह का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि ये सभी लोग देशद्रोही हैं, क्योंकि उन्होंने राष्ट्र के खिलाफ काम किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक माहौल में काम करने वाला कोई नेता यह नहीं कह सकता कि वह 30 साल या 50 साल तक शासन में रहेगा। उन्होंने कहा कि सत्ता-विरोधी माहौल का सामना हर नेता को करना पड़ता है। गांधी ने इस बात पर हैरानी जताई कि मोदी, शाह और भाजपा को इस स्थिति का सामना नहीं करना पड़ा। उनका कहना था कि सद्दाम हुसैन के इराक और उतर कोरिया में सत्ता-विरोधी माहौल नहीं होता, लेकिन लोकतंत्र में ऐसा नहीं हो सकता। कांग्रेस नेता ने कहा कि यदि वोट खत्म कर दिया जाएगा तो संविधान भी खत्म हो जाएगा और (निर्वाचन) संस्था भी बेमानी हो जाएगी। उन्होंने दावा किया कि यह सिर्फ वोट पर नहीं, बल्कि हर नागरिक की अभिव्यक्ति पर हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे पूरी तरह साबित होता है कि पिछले कई चुनावों में धांधली हुई है। वोट चोरी से कानून चोरी होता है और फिर संस्था चोरी होती है।

उन्होंने कहा कि वोट चोरी से सांसद

## संक्षेप

### मोहाली में आम आदमी पार्टी ने किया प्रदर्शन

मोहाली। धनशोधन जांच के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से की जा रही छापेमारी की कार्वाई के बीच आम आदमी पार्टी (आप) कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को यहां जीएमएडीए कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। कुछ प्रदर्शनकारियों ने ईडी अधिकारियों से जुड़ी एक कार के शीशे तोड़ दिए और टायर पंचर कर दिये। प्रदर्शन कर रहे आप कार्यकर्ता पुलिस बैरिकेड तोड़कर ग्रेटर मोहाली क्षेत्र विकास प्राधिकरण (जीएमएडीए) परिसर में प्रवेश कर गये, जबकि वहां पंजाब पुलिस के जवान तैनात थे। पंजाब में सत्तारूढ़ आप ने ईडी की कार्वाई के विरोध में प्रदर्शन किया। पार्टी ने भाजपा नीत केंद्र सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। आप की पंजाब इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष अमनशेर सिंह शेरी कलसी के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने भाजपा नीत केंद्र सरकार और प्रवर्तन निदेशालय के खिलाफ नारे लगाए। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। जांच एजेंसी की यह कार्वाई मंगलवार को शुरू हुई थी और बृहस्पतिवार को भी जारी रही। ईडी ने मंगलवार को धनशोधन जांच के तहत मोहाली स्थित पंजाब के जीएमएडीए कार्यालयों, आवासन एवं शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव विकास गर्ग तथा दिल्ली स्थित एक रियलएस्टेट कंपनी के परिसरों पर सर्वे और तलाशी अभियान चलाया था।

# ईडी के छापों को लेकर सिसोदिया ने निशाना साधा

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने पंजाब में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी को लेकर बृहस्पतिवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला किया और आरोप लगाया कि मोदी पंजाब को परेशान करने के लिए दिल्ली से विशेष प्रकार के डकैत लेकर आए हैं, जिन्हें ईडी अधिकारी कहा जाता है। सिसोदिया ने आरोप लगाया कि मोदी यह समझ गए हैं कि भाजपा मतों के जरिये पंजाब नहीं जीत सकती इसीलिए वह ईडी के जरिये राज्य को कब्जाना चाहते हैं। ईडी ने मंगलवार को धन शोधन की जांच के तहत मोहाली में ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमएडीए) के कार्यालयों, आवास एवं शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव विकास गर्ग और दिल्ली की एक रियल्टी कंपनी के परिसरों में सर्वेक्षण एवं तलाशी अभियान चलाया था। यह कार्वाई बुधवार को भी जारी रही। इस दौरान ईडी अधिकारियों ने चंडीगढ़ में उस आवास की तलाशी ली।

# अमेरिका और चीन व्यापार युद्धविराम दो महीने बढ़ाने पर सहमत



वाशिंगटन। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि अमेरिका और चीन ने दोनों देशों के बीच संभावित बड़े समझौते के लिए और समय देने के मकसद से व्यापार युद्धविराम को दो महीने बढ़ाने पर सहमति जताई है। बेसेंट ने बुधवार को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के वाशिंगटन पहुंचने के कुछ ही समय बाद यह टिप्पणी की। चीनी राष्ट्रपति शी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल अक्टूबर में दक्षिण कोरिया में हुई बैठक में एक साल के व्यापार युद्धविराम पर सहमति जताई थी। यह सहमति दोनों देशों के बीच एक-दूसरे के खिलाफ शुल्क लगाने की होड़ के बाद बनी थी।

बेसेंट ने फॉक्स न्यूज को बताया कि यह समझौता नवंबर में समाप्त होने वाला था और अब इसे 10 जनवरी तक बढ़ाया जाएगा। हम जिसे बुसान समझौता कहते हैं, यानी दोनों देशों के बीच आर्थिक तनाव कम करने की व्यवस्था, जो 10 नवंबर को समाप्त होने वाली थी, उसे 10 जनवरी तक बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश अब भी संभावित बड़े समझौते पर काम कर रहे हैं। हालांकि, चीन के अधिकारियों ने अभी व्यापार युद्धविराम को बढ़ाए जाने की पुष्टि नहीं की है। बेसेंट ने कहा कि जनवरी तक एक बड़ा आर्थिक पैकेज होने की संभावना है। हालांकि, मौजूदा समझौते को उसी रूप में आगे बढ़ाकर इसकी अवधि को फिर से विस्तार दिए जाने की भी संभावना है। बेसेंट की यह टिप्पणी शी के अमेरिका के ज्वाइंट बेस एंड्रयूज पहुंचने के कुछ ही समय बाद आई। ट्रंप ने हवाई अड्डे पर उनसे मुलाकात की। दोनों नेताओं की बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में मुलाकात होनी है, जिसके बाद राजकीय रात्रिभोज होगा। एक दशक से अधिक समय में शी की यह पहली अमेरिका यात्रा है। बेसेंट ने कहा, चीनी पक्ष की ओर से कुछ प्रतिबद्धताएं पूर्ण रूप से पूरी नहीं हुई हैं। इसलिए हम यह भी देखना चाहते हैं कि अब जब हमने उनके साथ बैठकर अपनी अपेक्षाएं बता दी हैं, तो क्या आने वाले महीनों में वे समझौते को पूरी तरह लागू कर सकते हैं। शी की ट्रंप के साथ बैठकों में व्यापार शुल्क, प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा (एआई), सैन्य संबंधों, पश्चिम एशिया में संघर्ष और रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा होने की उम्मीद है। बेसेंट और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर रविवार से चीनी उपप्रधानमंत्री हे लाइफेंग और अन्य अधिकारियों के साथ बातचीत कर रहे हैं। इन वार्ताओं का उद्देश्य शी की महत्वपूर्ण राजकीय यात्रा के लिए आधार तैयार करना है। बेसेंट ने कहा कि उन्होंने और उनके चीनी समकक्ष हे ने बुधवार को वाशिंगटन में विश्व बैंक में मुलाकात की, जहां दोनों ने युद्धविराम को बढ़ाने पर चर्चा की। बेसेंट ने कहा कि उन्होंने और उनके चीनी समकक्ष हे ने बुधवार को वाशिंगटन में विश्व बैंक में मुलाकात की, जहां दोनों ने युद्धविराम को बढ़ाने पर चर्चा की।

# नये एफटीए भारत में वैश्विक आपूर्ति शृंखला में निवेश के लिए भरोसा देते हैं

नयी दिल्ली। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत ने पिछले पांच-छह वर्षों में जिन नए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को अंतिम रूप दिया है, उन्हें इस तरह तैयार किया गया है कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत में निवेश करने के इच्छुक दीर्घकालिक निवेशकों को भरोसा मिल सके। उन्होंने कहा कि ये समझौते भारत में रहकर 60 हजार अरब अमेरिकी डॉलर के बाजार तक पहुंच भी उपलब्ध कराते हैं। अग्रवाल ने यहां पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया के एक कार्यक्रम में कहा, पिछले पांच-छह साल में हमने जिन नए और आधुनिक एफटीए को देखा है, वे सभी इस तरह तैयार किए गए हैं कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत में निवेश करने वाले दीर्घकालिक निवेशकों को भरोसा मिले। उन्होंने कहा कि निवेश के लिए अनुकूल माहौल जरूरी है और एफटीए शुल्क के मामले में यह उपलब्ध कराते हैं। पीयूश गोयल ने कहा कि भारत ने यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, ओमान, न्यूजीलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के साथ व्यापार समझौतों को अंतिम रूप दिया है।

# राष्ट्रीय विद्युत नीति-2026 का मसौदा मंत्रिमंडल को भेजा: बिजली सचिव

नयी दिल्ली। बिजली मंत्रालय ने राष्ट्रीय विद्युत नीति (एनईपी)-2026 का मसौदा अंतर-मंत्रालयी विचार-विमर्श के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल को भेज दिया है। बिजली सचिव पंकज अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

इस नीति का उद्देश्य बिजली क्षेत्र को वित्तीय रूप से मजबूत करना और इसे व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य बनाना है। इसके साथ ही उपभोक्ताओं की अधिकतम मांग और ऊर्जा जरूरतों को पूरा करते हुए बिजली की पर्याप्त उपलब्धता, भरोसेमंद आपूर्ति तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करना भी इसका लक्ष्य है। अग्रवाल ने संवाददाताओं से कहा कि हमने सभी पक्षों की टिप्पणियों को शामिल कर लिया है। हमने अंतर-मंत्रालयी परामर्श के लिए मंत्रिमंडल को मसौदा भेज दिया है और मुझे लगता है कि इसमें बहुत अधिक समय नहीं लगेगा। नयी नीति को विकसित भारत-2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप तैयार किया गया है। अधिकारी ने कहा कि पिछली राष्ट्रीय विद्युत नीति वर्ष 2005 में अधिसूचित की गई थी। उस समय बिजली तक पहुंच और बिजली की कमी जैसी अलग तरह की चुनौतियां थीं तथा नवीकरणीय ऊर्जा के नए स्रोत विकसित करना समाधान माना गया था।







आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाउस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com